


15:09:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 253 | epaper.rashtriyakhabar.com | भाद्र पद, कृष्णपक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

षडिमान पुरुषो जह्याद भिन्नां नावामिवार्णवे।
अप्रवक्तारमाचार्यमनधीयान मृत्विजम्॥
अरक्षितारं राजनं भार्याचाप्रिय वादिनीम्।
ग्रामकामं च गोपालं वनकाम च नापितम्॥

भावार्थ : उपदेश न देनेवाला आचार्य, मंत्रोच्चारण न जाननेवाला ऋत्विज, रक्षा न करनेवाला राजा, प्रिय न बोलनेवाली स्त्री/पत्नी, ग्राम में ही रहने की इच्छा करनेवाला ग्वाला और वन में रहने की इच्छा करनेवाला नाई - इन छह लोगों को अपना हित चाहने वाले को उसी प्रकार त्याग देना चाहिए, जैसे छिद्रयुक्त नौका को समुद्र यात्रा के समय त्याग देते हैं।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .52 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .35 बजे

## मधुमक्खियों के हमले में दिव्यांग गंभीर रूप से घायल

**भदोही:** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में गुरुवार को मधुमक्खियां के हमले में दिव्यांग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा (जगन्नाथपुर) गांव मे रुपेंद्र कुमार यादव (26 वर्ष) मधुमक्खियो के हमले गंभीर रूप से तरह घायल हो गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि चंद्रपुरा गांव मे तालाब के पास जहां मधुमक्खियो ने छत्ता लगा लिया वही समीप में गुमटी में चाय पान की दुकान है। जहां दिव्यांग रुपेश कुमार बैठा था। इस बीच मधुमक्खी का झुंड कहीं से पहुचा उसे घेर कर आक्रमण कर दिया। दिव्यांग होने के कारण वह अपनी सुरक्षा नहीं कर पा रहा था। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने काफी प्रयास कर उसे मधुमक्खी के चंगुल से किसी तरह बचाया, और परिजनों को सूचना दी।

## यूक्रेन ने खोये पांच लाख सैनिक

**कीव:** रूस के विशेष सैन्य अभियान की फरवरी 2022 में शुरुआत के बाद से यूक्रेन अपने लगभग पांच लाख सैनिकों को खो चुका है। डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) के कार्यवाहक प्रमुख के सलाहकार यान गैगिन ने खुफिया जानकारी और खुले स्रोतों के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी। गैगिन ने कहा, अगर हम यूक्रेनी सशस्त्र बलों के नुकसान के बारे में बात करते हैं... तो हम इन नुकसानों के बारे में यूक्रेन में हमारे स्रोतों से प्राप्त खुफिया डेटा से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, और सार्वजनिक स्रोत भी हैं। उदाहरण के लिए एक सप्ताह पहले.. एक यूक्रेनी मोबाइल ऑपरेटर (एमटीएस-यूक्रेन) ने एक वीडियो ऑनलाइन पोस्ट किया है कि लगभग चार लाख उपभोक्ता फिर कभी फोन नहीं उठाएंगे।

## बदरीनाथ मंदिर में नहीं पड़ी नई दरार, भू-धंसाव नहीं: हरीश गौड़

**देहरादून:** उत्तराखंड के चमोली जनपद स्थित विश्व विख्यात श्री बदरीनाथ मंदिर के सिंह द्वार में कोई नयी दरार नहीं देखी गयी है और न ही मंदिर क्षेत्र में भू-धंसाव हो रहा है। गुरुवार को श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) को ओर से मीडिया प्रभारी डा हरीश गौड़ ने यह जानकारी दी। डॉ. गौड़ ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) द्वारा बदरीनाथ मंदिर के सिंह द्वार में पहले से आयी हल्की दरारों का मरम्मत कार्य चल रहा है। वर्तमान में कोई भी नयी दरार नहीं दिखी है। उन्होंने बताया कि सिंह द्वार के मरम्मत कार्य के अंतर्गत, पहले चरण में द्वार के दायीं ओर यह कार्य किया जा चुका है।

### तीसरी आंख




अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उद्घाटन** › मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री ने दी हजारों करोड़ की सौगात

# सनातन विरोधियों पर जम कर बरसे मोदी

- इंडिया एलायंस को सनातन विरोधी बताया
- सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी
- कई प्रमुख योजनाओं का लोकार्पण



राष्ट्रीय खबर

**बीना (सागर):** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पहले एक महीने के भीतर दूसरी बार सागर जिले में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जहां एक ओर इस जिले समेत समूचे प्रदेश को हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देकर गए, वहीं उन्होंने संत रविदास की इस धरती से सनातन का विरोध करने वाले विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को भी जम कर आड़े हाथों लिया। श्री मोदी अपने लगभग आधे घंटे के संबोधन में 10 मिनट तक सनातन विरोधियों को निशाने पर लेते रहे। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने में रहने वाले सनातनी को, इस देश से प्यार करने वाले को और हर किसी को सतर्क रहने की जरूरत है। सनातन को मिटा कर ये देश को फिर एक हजार साल की गुलामी में धकेलना चाहते हैं, पर हमें मिल कर ऐसी ताकतों को रोकना है। संगठन की शक्ति से एकजुटता से उनके मंसूबे नाकाम करने हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सनातन धर्म भारत की हजारों साल की परंपरा है, विपक्षी गठबंधन उसे तहस-नहस करना चाहता है। जिस सनातन धर्म ने देवी अहिल्या बाई होल्कर और झांसी की रानी लक्ष्मी बाई को प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद और लोकमान्य तिलक भी उसी से प्रेरित रहे। लोकमान्य तिलक ने सनातन से प्रेरित होकर ही गणेशोत्सव को सार्वजनिक तौर पर मनाने की शुरुआत की और उसे स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। सनातन

### केन-बेतवा परियोजना का इस क्षेत्र को बहुत लाभ होगा

उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री श्री चौहान और उनकी पूरी टीम की जी-20 का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए प्रशंसा करते हैं। राज्य में कांग्रेस शासन का संदर्भ देते हुए श्री मोदी ने कहा कि भाजपा ने मध्यप्रदेश को भय से मुक्ति दिलाई, यहां कानून व्यवस्था को स्थापित किया। पुराने पीढ़ी के लोगों को याद होगा कि कैसे कांग्रेस ने इसी बुंदेलखंड को सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाओं से तरसा कर रख दिया था।बुंदेलखंड अंचल के अपने इस संबोधन में श्री मोदी ने सिंचाई के क्षेत्र में भाजपा सरकारों द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा परियोजना का इस क्षेत्र को बहुत लाभ होगा। इसके पहले प्रधानमंत्री ने यहां स्थित भारत-ओमान रिफाइनरी लिमिटेड के परिसर में लगभग 50 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पेट्रोलियम कांप्लेक्स का शिलान्यास और इसके मॉडल का निरीक्षण किया।

की ही ताकत थी कि आजादी के आंदोलन में फांसी पाने वाला हर क्रांतिकारी अगला जन्म भारत माता की गोद में ही चाहता

›› पेज 2 भी देखें

अंदरूनी उठापटक के बीच मोर्चा संभाल रहे हैं जी शिनपिंग

## अब चीन के रक्षा मंत्री भी कई सप्ताह से लापता



राष्ट्रीय खबर

**बीजिंग:** चीन के रक्षा मंत्री अचानक लापता हो गये हैं। दरअसल जनता के बीच उन्होंने गत 29 अगस्त को अंतिम बार देखा गया था। इस वजह से चीन में फिर से अटकलबाजी का दौर तेज हो गया है।

चर्चा है कि सेना में भ्रष्टाचार के आरोप में शी जिनपिंग द्वारा उन्हें बर्खास्त किया गया है, लेकिन इस चर्चा की कोई पुष्टि नही हो पायी है। चीनी रक्षा मंत्री शांगफू को आखिरी बार 29 अगस्त को बीजिंग में चीन-अफ्रीका शांति और सुरक्षा सम्मेलन में सार्वजनिक रूप से देखा गया था। इसके बाद वह कहां गये, यह सवाल खड़ा हो गया है। शांगफू को दो सप्ताह से अधिक समय से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

जिससे चीन में अटकलें लगाई जा रही हैं कि शांगफू को पद से बर्खास्त कर दिया गया है। सिर्फ आधिकारिक घोषणा बाकी है। इससे पहले जुलाई में चीन के पूर्व विदेश मंत्री किम गैंग भी अचानक गायब हो गए थे। बाद में यह बताया गया कि उन्हें बर्खास्त कर दिया गया और उनकी जगह वांग यी को नियुक्त किया गया। माना जा रहा है कि इस मामले में भी कुछ नहीं हो सकता।

29 अगस्त को बीजिंग में आयोजित चीन-अफ्रीका शांति और सुरक्षा सम्मेलन के बाद वे कहां गये, इस पर विभिन्न खेमों की अलग-अलग राय है। बर्खास्तगी सिद्धांत का समर्थन करने वालों के मुताबिक, शी जिनपिंग प्रशासन सेना में बड़े बदलाव करने जा रहा है। सेना में भ्रष्टाचार के आरोपों ने हाल ही में चीन की घरेलू राजनीति में शोर मचा दिया है। किन गैंग, ली युचाओ जैसे शीर्ष सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। कई लोगों का मानना है कि शांगफू को इस भ्रष्टाचार को रोकने में विफल रहने के कारण निकाल दिया गया होगा। अधिकारियों के एक वर्ग पर चीनी सेना की कई गुप्त फाइलों को उजागर करने का आरोप लगाया गया है। उसकी जांच जारी है। बर्खास्त होने से पहले सरकार के अप्रभावित हो जाने की यह घटना चीन में कोई नई बात नहीं है। यह देखना बाकी है कि क्या रक्षा मंत्री शांगफू का भी पूर्व विदेश मंत्री किम गैंग जैसा ही हश्र होने वाला है।

कांग्रेस द्वारा लगाये गये आरोपों में असम के सीएम हिमंता ने सफाई दी

## पत्नी की मीडिया कंपनी के अनुदान का मामला गरमाया



- पहली बार गौरव गोगोई ने सवाल उठाया
- विभागीय वेबसाइट की लिंक भी साझा की
- कृषि भूमि की श्रेणी में भी बदलाव किया गया

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा के परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप कांग्रेस की तरफ से लगाया गया है। कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा नेता हिमंत की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा की कंपनी ह्यप्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंटह्व को अवैध रूप से 10 करोड़ रुपया की सब्सिडी मिली है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कुछ संबंधित दस्तावेज पेश करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान समाधान योजना के तहत किसानों के लिए सब्सिडी की घोषणा की। लेकिन असम के मुख्यमंत्री ने प्रभावित होकर अपने परिवार के लिए भी सब्सिडी की व्यवस्था की है। बाद में कांग्रेस प्रवक्ता गौरव बल्लभ ने भी एक प्रेस कांफ्रेंस कर इससे संबंधित दस्तावेज मीडिया को दिखाया।

आरोपों के बाद हिमंत ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, मेरी पत्नी जिन कंपनियों से जुड़ी हैं, उनमें से किसी ने भी सरकार से कोई वित्तीय सब्सिडी नहीं ली है। इसके बाद गौरव ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की वेबसाइट का लिंक पोस्ट किया। और अपने एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की वेबसाइट पर उस व्यक्ति और जिस कंपनी से वह जुड़ा है उसका नाम स्पष्ट रूप से उल्लेखित है। 10 करोड़ का सरकारी अनुदान भी स्वीकृत किया गया है। अगर वेबसाइट हैक हो

›› पेज 2 भी देखें

## यूक्रेन के हमले में दो रूसी युद्धपोत क्षतिग्रस्त



**कियेब:** यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन द्वारा बुधवार सुबह क्रीमिया में रूसी जहाज मरम्मत अड्डे पर व्यापक हमले के बाद दो रूसी युद्धपोत क्षतिग्रस्त हो गए, जो युद्ध शुरू होने के बाद से बंदरगाह पर कियेब का सबसे महत्वाकांक्षी हमला प्रतीत होता है। दूसरी तरफ रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने सेवस्तोपोल में सर्गो ऑर्डोजोनिकिड्ज शिपयार्ड पर 10 क्रूज मिसाइलों और तीन मानव रहित नौकाओं के साथ हमला किया, जिसे रूस अपने काला सागर बेड़े के लिए मरम्मत आधार के रूप में उपयोग करता है। मंत्रालय ने कहा कि उसके वायु रक्षा बलों ने सात मिसाइलों को मार गिराया और गश्ती जहाज वासिली बायकोव ने सभी नौकाओं को नष्ट कर दिया। लेकिन रूसी अधिकारियों ने पुष्टि की कि हमले में दो रूसी युद्धपोत क्षतिग्रस्त हो गए और 24 लोग घायल हो गए। क्रीमिया के यूक्रेनी प्रायद्वीप के सबसे बड़े शहर, सेवस्तोपोल के रूस द्वारा नियुक्त गवर्नर मिखाइल रजवोजेव, जिसे 2014 में मास्को की सेना द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था, ने बड़े हमले की पुष्टि की। कथित तौर पर क्षेत्र के वीडियो और चित्र, जिनमें से कुछ रज्वोजेव द्वारा पोस्ट किए गए हैं, उनमें धुएं का एक बड़ा गुबार और आग भड़कती हुई दिखाई दे रही है।

## निपाह वायरस प्रभावित इलाकों में लॉकडाउन लागू




राष्ट्रीय खबर

**तिरुअनंतपुरम:** केरल में निपाह ने दहशत फैला रखी है। केरल सरकार के अनुसार, लगभग सभी पीड़ित राज्य के कोझिकोड जिले के निवासी हैं। वायरस के प्रसार को रोकने के लिए जिले के सात गांवों को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री बीना जॉर्ज ने कहा कि हालांकि निपाह वायरस की संक्रमण दर कम है, लेकिन यह मृत्यु दर से कहीं अधिक है। बुधवार को विधानसभा में सीपीआई विधायक पी बालाचंद्रन के एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि केरल में दहशत का कारण बन चुके निपाह वायरस का 'बांग्लादेश' स्वरूप एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल रहा है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) निपाह वायरस के रोगियों के नमूने एकत्र करने और परीक्षण करने के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में एक मोबाइल प्रयोगशाला स्थापित कर रहा है। एनआईवी की एक टीम बुधवार सुबह पुणे से कोझिकोड पहुंची। मंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों की एक टीम बुधवार को चेन्नई से केरल पहुंची है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में कहा कि इसके अलावा, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद भी निपाह रोगियों को रोग से लड़ने वाले एंटीबॉडी के साथ मदद करना चाहती है।

केरल के कोझिकोड जिले में कम से कम चार लोगों के निपाह वायरस से संक्रमित होने की सूचना मिली है। यह बताया गया कि 30 अगस्त के बाद सोमवार को केरल के कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में दो लोगों की असामान्य मौत हो गई। इस घटना में स्वास्थ्य विभाग को आशंका है कि मृतक निपाह वायरस की चपेट में थे। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को पूरे कोझिकोड जिले में निपाह वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया। दूसरी ओर, केरल सरकार ने इस वायरस के खिलाफ प्रतिरोध बनाने के लिए कोझिकोड में पहले ही एक नियंत्रण कक्ष खोल दिया है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पूरे हालात में राज्य के

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › सुक्ष्म ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में नई तकनीक कारगर

# गंदे पानी से बैक्टीरिया बिजली पैदा करेंगे

- ई कोली बैक्टीरिया का प्रयोग हुआ
- जैविक अपशिष्ट प्रसंस्करण का उपाय
- सुक्ष्म जीव को इंजीनियर किया गया था



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** ऊर्जा की आवश्यकताएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसी वजह से ताप विद्युत केंद्रों से प्रदूषण भी अधिक हो रहा है जो दुनिया के लिए खतरे की घंटी है। वैसे इन केंद्रों से बिजली हासिल कर सुक्ष्म यंत्रों तक प्रदान करने की लागत भी अधिक होती है क्योंकि अनेक छोटे और संवेदनशील उपकरणों में बहुत कम बिजली की जरूरत होती है। अब इन जरूरतों को पूरा करने की दिशा में नया प्रयोग मददगार साबित हो सकता है। साथ ही यह जैविक अपशिष्ट प्रसंस्करण के लिए एक स्थायी समाधान प्रदान करता है।

ई. कोली बैक्टीरिया का उपयोग बाह्यकोशिकीय इलेक्ट्रॉन स्थानांतरण (ईईटी) नामक प्रक्रिया के माध्यम से बिजली बनाने के लिए किया गया है। ईपीएफएल शोधकताओं ने उन्नत ईईटी प्रदर्शित करने के लिए ई. कोली बैक्टीरिया को इंजीनियर किया, जिससे वे अत्यधिक कुशल इलेक्ट्रिक रोगाणु बन गए। पिछली विधियों के विपरीत, जिसमें बिजली उत्पादन के लिए विशिष्ट रसायनों की आवश्यकता होती है, बायोइंजीनियर्ड ई. कोली विभिन्न

### ईपीएफएल में प्रोफेसर अर्डेमिस बोघोसियन कहते हैं

हमने बिजली उत्पन्न करने के लिए सबसे व्यापक रूप से अध्ययन किए गए सूक्ष्म जीव ई. कोली बैक्टीरिया को इंजीनियर किया है। हालांकि ऐसे विदेशी सूक्ष्मजीव हैं जो स्वाभाविक रूप से बिजली का उत्पादन करते हैं, वे ऐसा केवल विशिष्ट रसायनों की उपस्थिति में ही कर सकते हैं। ई. कोलाई कई प्रकार के स्रोतों पर विकसित हो सकता है, जिससे हमें पर्यावरण की एक विस्तृत श्रृंखला में बिजली का उत्पादन करने की अनुमति मिलती है। जूल जर्नल में प्रकाशित एक पेपर में, बोघोसियन की टीम ने बायोइलेक्ट्रॉनिक्स में एक अभूतपूर्व उपलब्धि की रिपोर्ट दी है, जिससे बिजली उत्पन्न करने के लिए सामान्य ई. कोली बैक्टीरिया की क्षमताओं में वृद्धि हुई है। यह कार्य एक नवीन दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत करता है जो अपशिष्ट प्रबंधन और ऊर्जा उत्पादन दोनों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

प्रकार के कार्बनिक सब्सट्रेट्स को चयापचय करते हुए बिजली का उत्पादन कर सकता है। ई. कोली के

›› पेज 2 भी देखें

लीबिया में अचानक आयी बाढ़ में हजारों बहकर डूब गये

## पांच हजार से अधिक मरे, दस हजार लापता



राष्ट्रीय खबर

**डर्ना:** लीबिया में अपने मृतकों को दफनाने की होड़ मची हुई है, क्योंकि उत्तरी तटीय शहर डेर्ना की सड़कों पर शवों का ढेर लगा हुआ है, जो मूसलाधार बारिश के कारण दो बांधों के टूटने से आई बाढ़ से तबाह हो गया है, जिससे घर समुद्र में बह गए हैं।

अस्पताल के कर्मचारियों और लीबिया की पूर्वी संसद समर्थित सरकार के अधिकारियों के अनुसार, अस्पतालों में मुर्दाघर भरे हुए हैं जो उस आपदा से बचे लोगों के इलाज की सख्त जरूरत के बावजूद सेवा से बाहर हैं, जिसमें अब तक कम से कम 5,000 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि लगभग 10,000 से अधिक लोग लापता हैं, संभवतः या तो समुद्र में बह गए हैं या मलबे के नीचे दबे हुए हैं, जो कभी 100,000

›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## बैठक में भाग नहीं लेंगे श्रमिक संगठन : रमेंद्र

**रांची:** कोल इंडिया के अधिकारियों के संगठन ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा कोयला कामगरों के ग्यारहवें वेतन समझौते के खिलाफ की गई कार्रवाई से श्रमिक संगठनों कड़ा रूख अखतियार कर लिया है। गुरूवार को इस मुद्दे पर कोयला उद्योग में कार्यरत सभी ट्रेड यूनियनों के पदधारियों की बैठक सीसीएल मुख्यालय में संपन्न हुई। इसमें सभी श्रमिक संगठनों ने सर्वसम्मति से पांच अक्टूबर से तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। बैठक में कोयला अधिकारियों के साथ किसी भी फोरम होने वाली बैठक शामिल नहीं होने का भी निर्णय लिया गया है।

**प्रदर्शन** एचईसी बचाने को लेकर इंडिया गठबंधन का धरना, सुबोधकांत

# एचईसी के प्रांगण से यह संघर्ष की शुरूआत

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** एचईसी बचाने के को लेकर इंडिया गठबंधन के बैनर तले गुरुवार को राजभवन के समझ एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा की एचईसी के प्रांगण से जो लड़ाई शुरू हो रही है वह पूरे देश की लड़ाई है।

उन्होंने कहा की यह दुर्भाग्य की बात है कि देश के लिए चंद्रयान के लॉन्चिंग पैड और बड़ी-बड़ी मशीनरी को बनाने वाले मदर इंडस्ट्री एचईसी के कर्मियों एवं पदाधिकारियों को 18 महीने से वेतन नहीं मिला है। मोदी सरकार एचईसी सहित देश के सार्वजनिक संस्थानों को निजी हाथों में बेचने की कोशिश कर रही है। पर हमलोग एचईसी को बेचने नहीं देंगे। यह लड़ाई एचईसी के साथ देश को भी बचाने की है। इसलिए 2024 के लिए भी हम तैयार रहें। कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि एचईसी मदर इंडस्ट्री है यह मोदी को कभी समझ में नही आयेगा। हमलोग एचईसी बचाने के लिए किसी भी हद तक जायेंगे। राजद के धर्मेंद्र ने कहा कि केंद्र सरकार लगाता सार्वजनिक संस्थानों को बेचने का काम कर रही है।

झामुमो के हेमलाल ने कहा कि केंद्र सरकार जुल्म कर रही है पर हमलोग इसे नहीं सहेंगे। नाम दल से जुड़े शुभेंदु सेन ने कहा कि 2024 के चुनाव को लेकर मोदी सरकार दबाव में है और इसलिए हमलोगों की लड़ाई के लिए यह सबसे उपयुक्त समय है। एचईसी के विभिन्न यूनियनों से जुड़े श्रमिक संगठनों के नेताओं हरेंद्र, रामकुमार नायक, प्रेमकुमार साहू ने भी संबोधित किया। श्रमिक नेताओं ने कहा कि 18 महीने से वेतन नहीं मिलने के बाद भी काम पर जाते हैं इस उम्मीद में कि एक दिन हालात सुधरेंगे। मोदी सरकार ने पहले रेल, भेल को बेचा अब एचईसी कि बारी है। वकताओं ने कहा कि मंदिर मसजिद कर देश नहीं चल सकता है।

## कोचिंग इंस्टीट्यूट झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को दीमक जैसा चाट रही है : दूबे

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा है कोचिंग इंस्टीट्यूट्स झारखण्ड की शिक्षा व्यवस्था को दीमक की तरह चाट रही है। डॉक्टर, इंजीनियर बनने का सपना दिखाकर राज्य के भोले भाले अभिभावकों एवं बच्चों को बाहर से आकर लूट रहे हैं,और बच्चे अपना सब कुछ लूटता हुआ देख रहे हैं,पढ़ाई का बोझ इन्हें खुदकुशी करने पर मजबूर कर रहा है,कोटा की घटना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

पासवा अध्यक्ष ने कहा कक्षा 9 से ही कोचिंग इंस्टीट्यूट बच्चों को गिरफ्त में लेना शुरू कर देते हैं,और एक ऐसा वातावरण बनाते हैं कि अगर कोचिंग इंस्टीट्यूट में नामांकन नहीं लिया तो बच्चे जीवन में कुछ भी नहीं कर सकते हैं।सबसे भयावह स्थिति दसवीं पास वाले बच्चों की है।60 प्रतिशत बच्चे नन स्कूलिंग करते हैं, कहीं दूर दराज स्कूलों में 11 वीं में बच्चे एडमिशन लेते हैं, स्कूल नहीं जाते हैं और कोचिंग इंस्टीट्यूट में एडमिशन लेकर वहीं रहते हैं।स्कूल सिर्फ हमें ज्ञान नहीं देता है बल्कि हर स्तर पर शिक्षित करता है । बच्चों का स्कूल नहीं जाना चिंता का विषय है और जो 40 प्रतिशत बच्चे स्कूल जाते भी हैं वो भी क्लासरुम में कोचिंग के सवालों को हल करते रहते हैं। आलोक दूबे ने बताया कि कई प्रिंसिपल ने 11 वीं कक्षा के बच्चों के मानसिक दवाब को लेकर गंभीर चिंता दर्शाई है।

पार्टी नेताओं से करेंगे मुलाकात

# 15 सितंबर को रांची आएंगे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** 15 सितंबर को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रांची आएंगे। रांची एयरपोर्ट से वो छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में रांची आ रहे हैं।एयरपोर्ट पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। मिशन 2024 की तैयारी में जुटी बीजेपी के नेताओं के दौरे लगातार बढ़ रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने की मूल वजह की जानकारी अभी तक नहीं मिली है लेकिन छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में जेपी नड्डा रांची में रुकेंगे और भाजपा नेताओं से मुलाकात करेंगे। बता दें कि इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को झारखंड के दौरे पर आये थे। जून में गिरिडीह में जेपी नड्डा ने बड़ी रैली की थी और मिशन 2024 के लिए भाजपा को मजबूत करने का टास्क भी दिया था।छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा के दूसरे चरण का शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जशपुर से करेंगे। इसके लिए जेपी नड्डा 15 सितंबर को महाराष्ट्र के पुणे से रांची एयरपोर्ट पुहंचेंगे। इसके बाद यहां से जशपुर के लिए रवाना होंगे। जशपुर पहुंचने के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद रणजीता स्टेडियम में परिवर्तन यात्रा की शुरूआत कर सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 3 बजे के बाद रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से दोबारा पुणे के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रांची में कुछ देर के प्रवास को लेकर प्रदेश स्तर पर पार्टी नेताओं में उत्साह है, वहीं इस दौरान गिने-चुने नेताओं से जेपी नड्डा की मुलाकात को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

# हैदराबाद में कांग्रेस की 16 से 18 सितंबर तक सीडब्ल्यूसी की बैठक

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। वैसे राज्य जहां-जहां विधानसभा चुनाव होने हैं वहां के कार्यकताओं और समर्थकों को अलर्ट कर दिया गया है। इसी को लेकर हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक की गई। इसी क्रम में तेलंगाना राज्य की राजधानी हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक से लेकर तेलंगाना के लोगों के लिए कांग्रेस पार्टी के पांच गारंटी की लॉन्चिंग से लेकर रैली तक के कार्यक्रम 16 सितम्बर से 18 सितम्बर तक आयोजित किये जायेंगे। 16 सितम्बर को जहां सीडब्लूसी की बैठक होगी। वहीं 17 सितम्बर को सीडब्लूसी और पार्टी के पदाधिकारियों की विस्तारित बैठक होगी। इसमें देशभर के सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता भी शामिल होंगे। झारखंड की ओर से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम झारखंड कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगे।झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक पर देश की नजर टिकी होती है। इस तीन दिवसीय मंथन में जो अमृत निकलेगा वह देश के लिए सुखद संदेश लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में चुनाव होना है। इसलिए कांग्रेस सत्ता में आने के बाद वहां की जनता के लिए क्या पांच गारंटी देगी, इसकी लॉचिंग भी होगी। तेलंगाना के 119 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर कांग्रेस के नेता वहां की जनता को 05 गारंटी देंगे। उन्होंने कहा कि 18 सितम्बर को हैदराबाद में रैली भी होगी। राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में संगठन सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्यक्रम हुए हैं। राज्य में राजनीति की वर्तमान वस्तुस्थिति पर पूरी रिपोर्ट लेकर वह तेलंगाना जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है ताकि भाजपा को राज्य में करारी शिकस्त दी जा सके।

## हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन वचनबद्ध : इंडिया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** 14 सितंबर को राजभवन के समक्ष हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन के हजारों मजदूरों ने इंडिया गठबंधन के नेताओं कार्यकताओं के साथ राजभवन के समक्ष एचईसी बचाने को लेकर आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन राज भवन के समक्ष किया? । प्रदर्शन के बाद जुलूस सभा में तब्दील हो गई, सभा की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुस्ताक आलम ने किया ,संचालन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया, मुख्य रूप से इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ,झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक , माले के पूर्व राज्य सचिव शुभेंदु सेन ,सीपीएम के समीर दास ,आम आदमी पार्टी के डॉक्टर अविनाश, तृणमूल कांग्रेस पार्टी के खिलमंद टोप्पो, राष्ट्रीय जनता दल के अनीता यादव ,रंजन यादव मुख्य उपस्थिति थे। सभा में हटिया के सभी श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी भाग लिए, लोगों को संबोधित करते हुए इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन आगे आई है ।देश में मोदी सरकार को हटाकर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, राज्य में और केंद्र में अपनी सरकार होगी तो कारखाना को बचाया जा सकता है और मजदूरों को बकाया मजदूरी की भुगतान भी होगा ।

**खुलासा** विधायक प्रदीप यादव ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दी मामले की जानकारी

# ऑस्ट्रेलिया के कोयले के बजाय बंगाल के कोयला से अडाणी पावर कर रहा बिजली उत्पादन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** गोड्डा स्थित अडाणी पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। इसके साथ ही उत्पादित बिजली बांग्लादेश को दी जा रही है। इसके साथ अडाणी पावर प्लांट की ओर से कोयला खरीद में मनमानी की खबरें भी आनी लगी है। इस संबध में विधायक प्रदीप यादव ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। जिसमें इन मामलों की जानकारी दी गयी है। पत्र में विधायक ने लिखा है कि अडाणी पावर प्लांट की ओर से विभिन्न पर्यावरणीय शर्तों के घोर उल्लंघन की जानकारी मिली है।

पिछले दिनों, अडाणी पावर प्लांट द्वारा हजारों टन कोयला पश्चिम बंगाल (झरिया रेंज) से लाने की जानकारी मिली है। गौरतलब है कि अडाणी पावर ने अपने तमाम संबंधित आधिकारिक समझौतों में, गोड्डा पावर प्लांट के लिए उच्च क्वालिटी के आयातित आस्ट्रेलियाई कोयले के इस्तेमाल की बात कही है। जबकि प्रथमदृष्टया यह साफ जाहिर होता है कि आयातित कोयले की जगह घरेलू कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है।वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नवंबर 2020 के आदेशानुसार किसी भी ताप विद्युत केंद्र के पर्यावरणीय मंजूरी प्रपत्र सहित नियमानुसार परिचालन के लिये यह अनिवार्य है कि पॉवर प्लांट अपने कोयले के स्त्रोत को लेकर पूर्ण पारदर्शिता रखे एवं कोयले के स्त्रोत में अगर कोई परिवर्तन होता है तो स्त्रोत से संबंधित सूचनाओं को अविलंब संबंधित मंत्रालय से साझा किये जाये। जिससे पर्यावरणीय मंजूरी के नवीनीकरण ससमय किया जा सके। कोयले के स्त्रोत की लोकेशन, कोयले की प्रस्तावित मात्रा एवं गुणवत्ता, स्त्रोत के लोकेशन से पावर प्लांट की दूरी एवं कोयले के परिवहन का माध्यम आदि। कोयले की दहन से निकलने वाली हानिकारक गैसों यथा : सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और मरक्यूरी ऑक्साइड आदि की मात्रा का तय मानकों के अनुरूप होना चाहिए।मंत्रालय की ओर से कोयला परिवहन को लेकर भी एडवायजरी जारी की गयी है।

जिसके तहत जहां तक संभव हो कोयले का परिवहन रेल या कन्वेयर बेल्ट से ही होना चाहिए। जबतक रेल या कन्वेयर से परिवहन का विकल्प तैयार न हो जाये, तब तक ही सड़क मार्ग से तिरपाल से ढके वाहनों से कोयले के परिवहन की इजाजत हैं। बशर्ते कि नजदीकी रेलवे साइडिंग से प्लांट तक के रेल कन्वेयर कनेक्टीविटी के निर्माण से संबंधित अद्यतन व्यवहारिक एवं आर्थिक प्रगति की सूचना, पर्यावरणीय मंजूरी के अनुपालन रिपोर्ट में हो। फ्लाई ऐश के उत्पादन, उपयोग एवं निपटान से संबंधित मासिक विवरण पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय एवं उसके क्षेत्रीय कार्यालय के पास जमा होनी चाहिए। पत्र में जानकारी दी गयी है कि अवैध लोडिंग के कारण कई बार ग्रामीण और ग्रामीणों के मवेशियों को भी क्षति पहुंची है। जिसका हजार्ना अडाणी पावर की ओर से दिया गया है।

इस पत्र में जिक्र किया गया है कि अडाणी पावर प्लांट द्वारा बांग्लादेश को भेजी जाने वाली बिजली की कीमतों के निर्धारण का मूल आधार ही आस्ट्रेलिया से आयातित कोयला है ना कि घरेलु कोयला का ऐसे में घरेलु कोयले का इस्तेमाल शर्तों का खुला उल्लंघन है। पूर्व में भी अडाणी पावर प्लांट, गोड्डा द्वारा इस तरह के नियमों के उल्लंघन के कई मामलें प्रकाश में आये है। अडाणी पावर की ओर से 26 जून 2023 से अपनी 1600 मेगावाट की पूर्ण उत्पादन शुरू कर दिया है।इस पत्र में अन्य समझौते के शर्तों का भी जिक्र किया गया है। जिसमें बताया गया है कि झारखंड सरकार के साथ हुए समझौते के तहत अडाणी पावर प्लांट, गोड्डा को जल की अपनी व्यावसायिक जरूरतों के मद्देनजर तकरीबन 93 किलोमीटर दूर चिन्हित प्रखंडों साहेबगंज से गंगा का पानी पाईपलाईन के जरिये लाने और इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। लेकिन प्लांट निर्माण के दौरान पाइपलाइन से गंगा का पानी न ला पाने के कारण, भूतल जल का इनके द्वारा किसानों के प्रलोभन देकर उनकी ही जमीन पर डीप बोरिंग कराकर बड़े पैमाने पर अवैध दोहन किया गया। जिसके कारण आसपास के इलाकों के जलस्तर में भारी गिरावट आ गई है। ऐसे में मामले में समीक्षा करते हुए कारवाई की मांग की गयी है।

## पेज एक का शेष

### सनातन विरोधियों पर .. ..

था। सनातन संत रविदास का प्रतिबिंब है। सनातन ने हजारों वर्षों से भारत को जोड़ा है। विपक्षी गठबंधन मिल कर उसे खंड-खंड करना चाहता है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश में 10 नई औद्योगिक परियोजनाओं सहित लगभग 50 हजार 700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, वीरेंद्र कुमार, प्रहलाद पटेल, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहे। इस कांप्लेक्स की अहमियत पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि देश अब तक पेट्रोल-डीजल के साथ ही पेट्रोकेमिकल उत्पादों के लिए भी दूसरे देश पर निर्भर रहता है। उन्होंने बुंदेलखंड की जनता को सरल शब्दों में इस कांप्लेक्स की अहमियत समझाते हुए कहा कि नहाने में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक की बाल्टी, मग, नल, कुर्सी-मेज से लेकर कारों के डैशबोर्ड और ग्लूकोज की बोतल तक में पेट्रोकेमिकल उत्पादों की अहम भूमिका होती है। बीना का ये कांप्लेक्स इन सभी चीजों में मदद करते हुए समूचे क्षेत्र के विकास को एक नई गति देगा।

### पत्नी की मीडिया कंपनी .. ..

गई है तो कृपया केंद्रीय मंत्री को रिपोर्ट करें।
2021 में एक सर्वे फर्म और मीडिया के एक वर्ग ने हिमंत की पत्नी रिनिकी और उनके बेटे नंदिल की कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 29 बीघे सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया था। इसके बाद क्रॉसकरंट नामक संस्था को मिली जानकारी के आधार पर पता चला कि हिमंत के मुख्यमंत्री बनने के बाद हिमंत की पत्नी रिनिकी ने नगांव जिले के कोलियाबारे दरगाजी गांव के पांच निवासियों से 50 बीघे 2 कट्ठा कृषि भूमि खरीदी। रिनिकी की कंपनी प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट को कृषि भूमि की श्रेणी बदलने और वहां खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री किसान समद योजना से 10 करोड़ रुपये की सरकारी सहायता भी मिली। रिनिकी के स्वामित्व वाली कंपनी कई समाचार और मनोरंजन चैनल, चाय बागान, होटल, रिसॉर्ट, स्कूल, समाचार पत्र सहित कई व्यवसायों में शामिल है। लेकिन नियम यह है कि सीलिंग कानून के मुताबिक कोई भी व्यक्ति 49.5 बीघे से ज्यादा कृषि भूमि का मालिक नहीं हो सकता। दावा है, इसलिए, मुख्यमंत्री की पत्नी द्वारा जमीन खरीदने के बाद, इसकी श्रेणी को औद्योगिक भूमि में बदल दिया गया। उसके आधार पर प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट ने वहां एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर निर्माण परियोजना के तहत केंद्रीय सहायता के लिए आवेदन किया और उसे 10 करोड़ रुपये मिले। पूरी प्रक्रिया महज 10 महीने में पूरी हो जाती है। कांग्रेस, तृणमूल, राइजर दल, असम नेशनल असेंबली जैसे विपक्षी दलों का आरोप है कि मुख्यमंत्री का परिवार प्रभाव के जरिए कृषि भूमि का चरित्र बदल रहा है और केंद्र से मदद मांग रहा है। किसानों की जमीन जबरदस्ती ली जा रही है। रिनिकी की संस्था के खिलाफ पिछले दिनों आरटीआई के जरिए जुटाई गई जानकारी में कामरूप के बंगोरा इलाके में भूमिहीनों को आवंटित 18 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण के सबूत भी मिले थे। विभिन्न सबूतों का हवाला देते हुए, कांग्रेस ने हिमंत और उनके परिवार पर कोविड-19 महामारी के दौरान सैनिटाइजर और पीपीई किट की खरीद में घोटाले का भी आरोप लगाया था। हालांकि, हिमंत ने हर बार आरोपों से इनकार किया।

### निपाह वायरस प्रभावित .. .. ..

लोगों से एहतियाती कदम उठाने का अनुरोध किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा, अब घबराने की कोई बात नहीं है। दोनों मृतकों के संपर्क में आए लोगों का पता लगा लिया गया है। उनका इलाज भी शुरू हो गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहना जरूरी है। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि इस वायरस से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित दिशानिदेशों का पालन करें। कोझिकोड और मलप्पुरम जिलों में निपाह वायरस का प्रकोप देखा गया है। 2018 में इस वायरस से दो जिलों में 17 लोगों की मौत हुई थी। साथ ही 18 संक्रमित मिले। 2021 में यह वायरस दो जिलों में भी हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, निपाह वायरस इंसानों के साथ-साथ जानवरों को भी संक्रमित कर सकता है। यह मुख्य रूप से फल चमगादड़ों द्वारा फैलता है। पीड़ितों को आमतौर पर बुखार, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना और मतली का अनुभव होता है।

### गंदे पानी से बैक्टीरिया .. ..

भीतर एक संपूर्ण ईईटी मार्ग का निर्माण है, जो एक उपलब्धि पहले हासिल नहीं की गई थी। बिजली पैदा करने के लिए मशहूर जीवाणु शेवेनेला वनडेन्सिस एमआर-1 के घटकों को एकीकृत करके, शोधकताओं ने सफलतापूर्वक एक अनुकूलित मार्ग का निर्माण किया जो कोशिका के आंतरिक और बाहरी झिल्ली तक फैला हुआ है। इस नवीन मार्ग ने पिछले आंशिक दृष्टिकोणों को पीछे छोड़ दिया, और पारंपरिक रणनीतियों की तुलना में विद्युत प्रवाह उत्पादन में तीन गुना वृद्धि हुई।
महत्वपूर्ण बात यह है कि इंजीनियर्ड ई. कोली ने विभिन्न वातावरणों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, जिसमें शराब की भठ्ठी से एकत्रित अपशिष्ट जल भी शामिल है। जबकि विदेशी विद्युत रोगाणु लड़खड़ा गए, संशोधित ई. कोली पनपा, जिसने बड़े पैमाने पर अपशिष्ट उपचार और ऊर्जा उत्पादन की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।
जैविक कचरे को संसाधित करने के लिए सिस्टम में ऊर्जा लगाने के बजाय, हम एक ही समय में जैविक कचरे को संसाधित करते हुए बिजली का उत्पादन कर रहे हैं - एक पत्थर से दो निशाने साध रहे हैं! बोघोसियन कहते हैं। हमने अपनी तकनीक का परीक्षण सीधे अपशिष्ट जल पर भी किया, जिसे हमने लॉजेन में एक स्थानीय शराब बनाने वाली कंपनी लेस ब्रासेर्स से एकत्र किया था। विदेशी इलेक्ट्रिक सूक्ष्मजीव भी जीवित रहने में सक्षम नहीं थे, जबकि हमारे बायोइंजीनियर्ड इलेक्ट्रिक बैक्टीरिया इस कचरे को खाकर तेजी से पनपने में सक्षम थे।
विस्तृत श्रृंखला से बिजली उत्पन्न करने में सक्षम होने के कारण, इंजीनियर्ड ई. कोलाई का उपयोग माइक्रोबियल ईंधन कोशिकाओं, इलेक्ट्रोसिंथेसिस और बायोसेंसिंग में किया जा सकता है - जैसे कि कुछ अनुप्रयोग। इसके अलावा, जीवाणु के आनुवंशिक लचीलेपन का मतलब है कि इसे विशिष्ट वातावरण और फीडस्टॉक्स के अनुकूल बनाया जा सकता है, जिससे यह टिकाऊ प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक बहुमुखी उपकरण बन जाता है।

### पांच हजार से अधिक .. ..

से अधिक लोगों का घर रहे शहर भर में बिखरा हुआ है।
ाीबिया में संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बुधवार को कहा कि डर्ना में बाढ़ से 30,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। क्षेत्र में बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण क्षति ने कुछ प्रभावित क्षेत्रों को मानवीय समूहों के लिए दुर्गम बना दिया है। डर्ना के सात प्रवेश बिंदुओं में से अब केवल दो ही उपलब्ध हैं।
आपातकालीन टीमें मलबे के ढेर में जीवित बचे लोगों और शवों की तलाश कर रही हैं, क्योंकि अधिकारी इस्लामी मान्यताओं का सम्मान करने का प्रयास कर रहे हैं कि मृतकों को तीन दिनों के भीतर दफन किया जाना चाहिए। लीबिया के कैबिनेट मामलों के राज्य मंत्री, एडेल जुमा ने कहा, लापता लोगों की पहचान करने और शरिया और कानूनी कानूनों और मानकों के अनुसार पहचान करने और दफनाने की प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए एक अलग समिति की स्थापना की गई है। तूफान डेनियल के कारण हुए विनाश ने जीवित बचे लोगों को खोजने के लिए सड़कों और मलबे को साफ करने की कोशिश कर रहे बचावकर्मियों के लिए एक विशाल मिशन को और भी कठिन बना दिया है। तूफान के कारण संचार व्यवस्था ठप हो गई, जिससे बचाव कार्य विफल हो गए और लीबिया के बाहर परिवार के सदस्यों में चिंता पैदा हो गई, जो लापता प्रियजनों की खबर का इंतजार कर रहे हैं।
डर्ना में अपने चचेरे भाइयों के साथ रहने वाली फिलिस्तीनी महिला अयाह ने कहा कि बाढ़ के बाद से वह उनसे संपर्क करने में असमर्थ है।

शहर >> अपडेट

## 4 दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

**रांची:** अमर क्लब गणेश पूजा हिनू कमिटी ने इस बार धूमधाम से गणेश पूजा मनाने का निर्णय लिया है। जिसमें गणपति बाबा की मूर्ति 14 फीट की रहेगी। पंडाल व्हाइट हाउस के तर्ज पर बनाया जा रहा है। चार दिनों की पूजा में सभी दिन भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। 20 सितंबर को जागरण भी किया जाएगा। क्लब के सदस्यों ने बताया कि पूजा 19 सितंबर से स्टार्ट होगी जो की 23 तक चलेगी। पूजा में गणेश भगवान को 1001 किलो लड्डू का भोग लगाया जाएगा। 23 सितंबर को विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में अमर क्लब गणेश पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, विनय सिन्हा दीपू, कुंदन सिंह, संरक्षक राखी सिंह अध्यक्ष सोनू सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे, विशाल आनंद, कोषाध्यक्ष कुमार गौरव।

पड़ताल — जेपीएससी फर्स्ट-सेकंड बैच की परीक्षा मामला

# झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी (झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन) सिविल सर्विस की फर्स्ट और सेकंड बैच की परीक्षा में गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई के बारे में राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी।कोर्ट ने गुरुवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि सीबीआई ने जिन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए स्वीकृति आदेश मांगा था, उस पर क्या हुआ? कितने और किन-किन अफसरों पर अभियोजन चलाने की मंजूरी दी गई? सरकार को इन सवालों पर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने इससे पूर्व हुई सुनवाई में सीबीआई को रिपोर्ट फाइल कर यह बताने को कहा था कि मामले की जांच के बाद केस किस स्टेज में है? अगर चार्जशीट फाइल की गई है तो इसके बाद किन-किन आरोपियों के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन की इजाजत मांगी गई है और उसका स्टेटस क्या है?

कोर्ट में बुद्धदेव उरांव नामक व्यक्ति की ओर से दायर जनहित याचिका और राज्य सरकार की अपील याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। बुद्धदेव उरांव ने यह याचिका 2008 में दाखिल की थी। इसमें जेपीएससी सेकंड बैच की परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और अंकों में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था।इस परीक्षा के जरिए कुल 172 पदों पर बहाली हुई थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 12 जून 2012 को जेपीएससी सेकंड बैंच सहित कुल 12 परीक्षाओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। कोर्ट ने सेकंड बैच के जरिए नियुक्त अधिकारियों के काम करने और उनके वेतन भुगतान पर रोक का भी आदेश दिया था। इसके खिलाफ सरकार और प्रभावित अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों के काम करने और वेतन पर लगी रोक को हटा लिया था। इसके बाद बुद्धदेव उरांव ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल किया था, जिस पर 2017 में कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश को फिर से बहाल रखा था।अब झारखंड हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और आनंदा सेन की खंडपीठ इस पूरे मामले में कराई गई सीबीआई जांच को लेकर राज्य सरकार की ओर से दायर अपील याचिका पर सुनवाई कर रही है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को मुकर्रर की गई है।

## 92 सीटों पर 20 सितम्बर को होगा स्पॉट एडमिशन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के बची हुई 92 सीटों पर स्पॉट राउण्ड एडमिशन 20 सितंबर को होगी। बची हुई सीटों का विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। वैसे छात्र जिन्होंने पहले से रजिस्ट्रेशन कराया था और किन्ही कारणवश वे नामांकन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं हो पाए थे, वे भी रिक्त सीटों के विरुद्ध स्पॉट राउंड में हिस्सा ले सकते है। जिन छात्रों ने पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, यदि वह बची हुई 92 सीटों पर स्पॉट राउण्ड एडमिशन लेना चाहते है तो उनका रजिस्ट्रेश उसी दिन विश्वविद्यालय में होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए सामान्य / ओबीसी / ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 800 रू एएसी / एसटी वर्ग के 400 रू तथा महिलाओं एवं दिव्यांग छात्रों के लिए 200 रुपये राशि का भुगतान करना होगा।

## 30 सितंबर तक बिजली उपभोक्ता पांच किस्तों में कर सकते हैं बिल जमा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को फिर से अवधि विस्तार दिया गया है। इसके तहत अब उपभोक्ता 30 सितंबर तक इस योजना का लाभ उठा सकते है। स्कीम के तहत अधिक बिजली बिल बकायेदार पांच किस्तों में बिजली बिल जमा कर सकते है। वहीं, लंबे बकायेदार डिले पेमेंट सस्चार्ज या डीपीएस में माफी का लाभ उठा सकते है। झारखंड बिजली वितरण निगम की माने तो उपभोक्ताओं से मिलने वाले आवेदन की संख्या को देखते हुए स्कीम को अवधि विस्तार दिया गया है। इसके पहले 30 जून तक के लिये योजना लागू की गयी थी। जिसके बाद इसे अगस्त तक का अवधि विस्तार दिया गया। सोशल मीडिया के जरिये भी स्कीम का प्रचार किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता अधिक से अधिक स्कीम का लाभ ले सकें। हालांकि बिजली आपूर्ति कार्यालयों की ओर से अलग-अलग समय में कैंप के जरिये भी ओटीएस की जानकारी दी जा रही है।योजना का लाभ लेने के लिये बिजली उपभोक्ता ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिये उपभोक्ताओं की जेबीवीएनएल के आधिकारिक साइट में फॉर्म मिलेगा। निगम की मानें तो निगम के आधिकारिक वेबसाइट के सिटीजन कॉर्नर में ओटीएस लाभ ले सकते हैं। सिटीजन कॉर्नर में ओटीएस में क्लिक करते उपभोक्ताओं को फॉर्म मिलेगा। जिससे भरकर उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। बता दें उपभोक्ता योजना का लाभ नजदीकी बिजली कार्यालय जा कर भी ले सकते है। अब सुविधा ऑनलाइन होने से कहीं से भी उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले सकते हैं। जेबीवीएनएल की मानें तो इस स्कीम का लाभ सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा राज्य के सात जिलों में डीवीसी बिजली देती है लेकिन उपभोक्ता जेबीबीएनएल के होते हैं, ऐसे में डीवीसी के उपभोक्ताओं को भी योजना का लाभ मिलेगा।

श्री महावीर मंडल की झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड से अपील

## मंदिरों का न करें राजनीतिकरण

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति (रांची) के अध्यक्ष संजय पोद्दार और मंत्री पप्पू वर्मा ने झारखंड धार्मिक न्याय बोर्ड को मंदिरों का राजनीतिकरण करने से बचने की अपील की है। अध्यक्ष के मुताबिक न्यास बोर्ड का काम सभी मंदिरों को सुरक्षा प्रदान करना है, न कि राजनीतिकरण करना। अभी हाल ही में पहाड़ी मंदिर और रांची के हनुमान मंदिर की जो कमेटी बनायी गयी है, वह पूरी तरह राजनीतिक और परिवारवाद से ग्रसित है। यह अच्छी बात नहीं है। इन दोनों कमेटियों में एक दल के लोगों को प्रभार दिया गया है। मंदिर के संचालन, देख-रेख में जिन स्थानीय लोगों का अहम योगदान रहा है, उन्हें ही स्थान नहीं दिया गया है जो ठीक नहीं है। धार्मिक न्यास बोर्ड का यह अधिकार है कि उनकी देख-रेख में मंदिरों का संचालन हो परंतु इसमें एक पार्टी विशेष के लोगों का अधिकार ठीक नहीं है। धार्मिक न्याय बोर्ड को चाहिए कि वह इस मसले पर सार्वजनिक चुनाव करा ले। या फिर रांची के सभी धार्मिक संगठनों को साथ लेकर एक आम सहमति से समिति का गठन करे। मंत्री पप्पू वर्मा के मुताबिक मंदिरों पर अधिकार के मामले में बोर्ड के स्तर से एक पार्टी विशेष के लोगों को जगह दी गयी है जो बोर्ड की नीयत पर सवाल उठाता है। समिति इस निर्णय का विरोध करती है। मुख्यमंत्री से मांग है कि वे इस कमेटी को भंग करें। साथ ही सरकार से मांग है कि गिरिजाघर एवं वक्फ बोर्ड की भी सारी निगरानी सरकार के अंदर में हो जहां पैसा, धर्मांतरण, तुष्टिकरण और जमीन का खेल चल रहा है।

## 30 सितंबर से रांची में चंपा देवी टेबल टेनिस प्रतियोगिता



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** स्व चंपा देवी झारखंड (तीसरा) स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 का आयोजन रांची में होगा। जेके इंटरनेशनल स्कूल, अगरु (रांची) में इसका आयोजन 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा। रांची जिले के टेबल टेनिस प्लेयर्स इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 23 सितंबर की शाम पांच बजे तक इच्छुक प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रांची जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सुदिप्त मुखर्जी के पास इसके लिए संपर्क किया जा सकता है। ई-मेल के जरिये भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इस चैंपियनशिप में अलग अलग आयु वर्ग के इवेंट्स होंगे। इनमें लड़के, लड़कियों (सिंगल) के अंडर-11, 13, 15, 17 और 19 के इवेंट्स शामिल हैं। विस्तृत जानकारी के लिए रांची जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन से संपर्क करना होगा।

योजना — विभाग कर रहा है मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए हर संभव

## 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 8 करोड़ 20 लाख से बनेगी ब्लड स्टोरेज यूनिट

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में स्वास्थ्य महकमा मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। झारखंड की मातृ मृत्यु दर 56 और राष्ट्रीय मातृ मृत्यु दर 97 है। जिसे झारखंड सरकार शून्य करने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 8 करोड़ 20 लाख 48000 की लागत से ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना की जायेगी। हर ब्लड स्टोरेज यूनिट पर 8.50 लाख खर्च किये जायेंगे।

गौरतलब है कि राज्य में कुल 194 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। इनमें 124 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना की स्वीकृति दी जा चुकी है। जबकि छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज यूनिट पूर्व से संचालित है। विभाग अब बचे हुए 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना करने की तैयारी कर रही है।

64 केंद्रों में 8 करोड़ 20 लाख 48000 की लागत से ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना होगी। जबकि एक ब्लड स्टोरेज यूनिट को बनाने में 8.50 लाख खर्च किये जायेंगे।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एक रेफरल अस्पताल के रूप में काम करता है। कई बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्जरी के माध्यम से प्रसव किया जाता है और इस दौरान अचानक ब्लड की जरुरत पड़ती है।

रक्त भंडारण इकाई नहीं होने के कारण जिला स्तर पर अवस्थित ब्लड बैंक पर निर्भर रहना पड़ता है और प्रसव के दौरान अचानक ब्लड की आवश्यकता की स्थिति में तुरंत ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाता है। जिसकी वजह से प्रसूता की मौत हो जाती है। दूसरी ओर आसपास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से गंभीर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर किया जाता है। जिन्हें तत्काल ब्लड की आवश्यकता होती है। ब्लड के अभाव में मरीजों को जिला अस्पताल अथवा अन्य संस्थान में रेफर करना होता है। इनमें बहुत से मरीज ऐसे होते हैं जिसका उच्चतर संस्थान तक पहुंचाने के पूर्व ही मौत हो जाती है। ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना होने से गंभीर मरीजों की जान बचायी जा सकती है।

### आम सभा का निर्णय : 80% पहले हो भुगतान

रांची: राहे प्रखंड के पंचायत सचिवालय में राहे-हाहे सड़क निर्माण जमीन अधिग्रहण करने को लेकर आमसभा का आयोजन किया गया। भू-अर्जन विभाग और पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ जमीन रैयत ओर ग्रामीणों की आम सभा हंगामा के साथ संपन्न हुई। भू-अर्जन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राहे-हाहे सड़क के चौड़ीकरण में राहे अंचल के पांच गांव के 24 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। राहे, कोकरोडीह, सताकी, कोन्ताटोली ओर पुरनाडीह गांव के अधिग्रहण होने वाले जमीन मालिक को व्यक्तिगत नोटिस दिया जाएगा। इधर रैयत और ग्रामीणों ने सर्वे का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि जमीन को चिन्हित कर ही रैयत का घोषणा करें। छूटे रैयत का नाम सूचीबद्ध किया जाय तथा 80 प्रतिशत भुगतान के बाद ही सड़क निर्माण किया जाय। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनिमियता उजागर किये।

## न्यूज फटाफट

### शिक्षक वह है जो रास्ते के पत्थर को तराश कर देवालय की मूर्ति बना दें : रवि प्रकाश

**रांची:** आज हिंदी दिवस है। इस अवसर पर शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग द्वारा आयोजित लघुकथा लेखन प्रतियोगिता में डीएवी नंदराज बरियातू के नवम के छात्र धर्मेश उरांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उसे तीन हजार नगद पुरस्कार झारखंड सरकार के राजभाषा विभाग से प्राप्त हुआ। इस छात्र के विषय का शीर्षक था माँ का संघर्ष। इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य रवि प्रकाश तिवारी ने कहा कि बच्चों में अपार कल्पना शक्ति होती है। आज आवश्यकता है उसे निखारने का। शिक्षक वह है जो रास्ते पर पड़े पत्थर को तराश कर देव मंदिर का मूर्ति बना दे, जिससे समाज प्रेरणा ले सके। हिंदी हमारी अभिव्यक्ति की भाषा है। इसे संवारने और विश्व भाषा बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। अत्यंत आवश्यकता होने पर ही दूसरी भाषा बोलनी चाहिए। यह स्वाभाविक भाषा है। अत: इसे इसी तरह लेनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि हमारे बच्चे इसी तरह स्कूल, परिवार और झारखंड का नाम रौशन करते रहेंगे।

### हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं हमारी भावना भी है : एस के मिश्रा

**रांची:** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में हिंदी की महान विभूतियों एवं पुरोधाओं को याद करते हुए हर्सोल्लास के साथ हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने उपस्थित शिक्षकों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि हमें हिंदी भाषा को और समृद्ध-सशक्त बनाने के लिए भगीरथ प्रयास करना चाहिए। जिस तरह एक घर में मां के बिना घर, परिवार और उस घर के बच्चे अधूरे हैं। उसी तरह हिंदी भाषा के बिना भारत और भारतीयता अधूरी हैं। इस अधूरेपन को दूर करने के लिए हमें हिंदी में जीना होगा और वह भी दिखावे के लिए नहीं। बल्कि उसे दिल से जोड़ना होगा। तभी हिंदी दिवस मनाने का औचित्य पूर्ण होगा। हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जानेवाली भाषा है। इसमें सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में करियर की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। इस अवसर पर विद्यालय के हिंदी शिक्षकों आंनद सिंह, अखिलेश मिश्रा, यतीश चन्द्र यति एवं सुशील कुमार आर्य ने हिंदी दिवस पर अपने-अपने विचार रखे। हिंदी दिवस को यादगार और खास बनाने के लिए प्राचार्य एस के मिश्रा ने विद्यालय में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान की शुरूआत की।

### संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर व्याख्यान

**रांची:** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आइक्यूएसी सेल द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला का विषय था भारतीय ज्ञान प्रणाली। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजकुमार शर्मा (पूर्व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष, रांची विश्वविद्यालय) उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान से पूरा विश्व आलोकित हो रहा है। वेद मानव समुदाय के ज्ञान का आधार स्तंभ हैं। युवा वर्ग को प्राचीन धरोहर के प्रति समुचित जागरूकता की आवश्यकता है। पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से मुक्ति का समय आ चुका है। समृद्ध जीवन शैली के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा की एकमात्र विकल्प है। भारतीय ज्ञान प्रणाली की सहायता से विज्ञान, गणित, व्याकरण, अर्थशास्त्र, चिकित्सा, तकनीक के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को स्थापित किया जा सकता है। संस्थान की निदेशिका डॉ. रश्मि ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली का शिक्षा में समावेश होने से भारतीय गौरव विश्व में पुनर्स्थापित हो सकता है। मौके पर सभी व्याख्याता गण एवं प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।

### एक्सआईएसएस में समानता, सशक्तिकरण और शिक्षा के अधिकार पर कार्यशाला

**रांची:** एक्सआईएसएस में इंटरनल कम्प्लेंट्स कमिटी का सुरक्षित कार्यस्थल में समानता, सशक्तिकरण और शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस की इंटरनल कम्प्लेंट्स कमिटी (आईसीसी) ने समानता, सशक्तिकरण और शिक्षा: लिंग, अधिकार और यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में सभी फैकल्टी, स्टाफ और स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन कैंपस में फादर माइकल वान डेन बोगार्ट ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय की वकील खुशबू कटारुका रही। संस्थान के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने समाज की पितृसत्तात्मक मानसिकता के बारे में बातें की। उन्होंने मौजूद कानूनों के बारे में सभी से जागरूक होने की अपील की। कार्यक्रम में डीन अकेडमिक, डॉ अमर एरोन तिग्गा ने कार्यशाला के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे यह छात्रों को उनके कॉर्पोरेट करियर को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान लैंगिक रूप से संवेदनशील और सभी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रिसोर्स पर्सन खुशबू कटारूका ने इस कार्यशाला में उपस्थित फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों को एक शैक्षणिक संस्थान में किस प्रकार व्यवहार किया जाता है। यह बताया। उन्होंने स्वीकार्य और अस्वीकार्य व्यवहार के बारे में बात की। उन्होंने समाज में हमारी भूमिका, हमारी विचार प्रक्रिया, मनुष्यों की अनुकूलन क्षमता, लिंग और विकास के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में आईसीसी की पीठासीन अधिकारी, डॉ मधुमिता सिंघा और सदस्य डॉ पूजा, डॉ शारदा सिंह, डॉ अमित कुमार गिरी, हर्षवर्धन, कोयल मुखर्जी और अमीषा चौधरी आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से परिवार में खुशहाली आती है : तनमय सिन्हा

रांची: महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से परिवार में आय वृद्धि और खुशहाली आती है। इसके साथ ही गांव भी स्वावलंबी बनता है। स्वावलंबी गांव के लिए हुनर का ज्ञान और उसका विकास जरूरी है। इसके लिए गांव के युवावर्ग को प्रशिक्षण के विभिन्न विकल्पों को अपनाने की जरूरत है। उक्त बातें उषा मार्टिन के पावर प्लांट के हेड तनमय सिन्हा ने कहीं। वह आज मिनी टूल रूम (झारखंड सरकार) में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उषा मार्टिन फॉउंडेशन गांवों में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत गांवों की 30 महिलाओं को टेलरिंग और फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। सुदूर गांव के 10 युवाओं को मोटर साईकिल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। इन लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके बाद गांवों की 20 युवतियों को ब्यूटिशियन व फैशन डिजाइनिंग में तीन माह का कोर्स शुरू कराया गया है। तीन माह तक चलने वाले इस कोर्स में प्रयोगिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर सचिंद्र कुमार, कोर्स कोऑडिनेटर राहुल उरांव ने भी विचार व्यक्त किये। मंच संचालन मंगल टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर वरूण कुमार, देवाशीष घोष मोनीत बूतकुमार, रौशन लिंडा आदि उपस्थित थे।

### धर्मगुरु बंधन तिग्गा के नेतृत्व में दिल्ली में जनगणना महानिबंधक के पास रखेंगे मांग

रांची: राजा पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने मांग किया है कि जनगणना में सरना धर्म को सूचीबद्ध किया जाय। प्रेस वार्ता में राजा पड़हा सरना प्रार्थना सभा के केंद्रीय प्रवक्ता संजय पाहन ने कहा कि सरना धर्म को सूचीबद्ध करने की लगातार मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हम लोगों ने जनगणना महानिबंधक, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, विपक्ष के नेता मल्लिकाअर्जुन खड़गे, राहुल गांधी और ममता बनर्जी समेत कई नेताओं से पत्राचार किया है पत्राचार के आधार पर जनगणना महानिबंधक कार्यालय दिल्ली में बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें 12 सदस्य टीम धर्मगुरु बंधन तिग्गा के नेतृत्व में जाकर अपनी मांगों को जनगणना महानिबंधक के पास रखेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड कभी हरे-भरे वनों, विविध वनस्पतियों, नदी-तालाबों से आच्छादित था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बढ़ती आबादी और कंक्रीट के जंगलों में रांची कहीं खो सा गया है।

## शहर >> अपडेट

### तालाब में तैरता हुआ मिला युवक का शव

**कसमार :** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदा पंचायत के रघुनाथपुर स्थित वरवागढ़ा नामक स्थान पर गड़िया( छोटी तालाब) में तैरता शव गुरूवार दोपहर को देखा गया है। शव की पहचान कसमार थाना क्षेत्र के दुगार्पुर पंचायत के बुटीटांड़ निवासी धीरेन महतो उम्र लगभग 30 वर्ष के रूप में पहचान हुई है। इसकी सूचना दुगार्पुर मुखिया अमरेश कुमार महतो ने कसमार पुलिस को दे दी है। मृतक धीरेन महतो का अपना सेटीरिंग का काम था। गुरुवार को करीब 8 बजे रघुनाथपुर गांव में सेटीरिंग का बकाया पैसा लेने के लिए आया हुआ था। इधर, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### विधायक ने पुस्तकालय भवन का किया शिलान्यास

**बेड़ो :** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड के खुखरा गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के चारदिवारी निर्माण व पुस्तकालय भवन निर्माण का शिलान्यास किया। तत्पश्चात विद्यालय में प्रबंधन समिति के सदस्य व अभिभावक के साथ बैठक किया। बैठक में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने स्कुल के छात्र-छात्राओं के अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि आप बच्चों के अच्छे भविष्य और शिक्षा के लिए स्कूल भेज रहे हैं। लेकिन बच्चों को स्कूल भेजने तक में आपका काम खत्म नही हो जाता है। बच्चों के स्कूल लौटने के बाद आप पूछे स्कूल मे क्या पढ़ाई हुआ, और क्या होम वॉर्क मिला है। साथ ही प्रत्येक दिन आप कुछ घंटा घर में बच्चों को पढाने के लिए बैठें। विधायक ने बैठक में प्रबंधन समिति के सदस्याओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने ताकत को जाने और उसका उपयोग करे। आपका फर्ज बनता है कुछ समय निकाल कर स्कूल का निरीक्षण करें और जानने का प्रयास करे कि स्कूल मे ठीक तरह से बच्चे आते हैं या नही। शिक्षक ठीक से बच्चों को पढ़ाते है या नही। स्कूल की स्थिति ठीक है या नही। अगर इन सभी चीजों मे कुछ कमी दिखे तो आने वाले बैठक में इन सभी बिन्दुओ पर चर्चा करें।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हिंदी दिवस पर निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**बेड़ो :** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस के अवसर पर कक्षा छः से कक्षा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध में प्रथम स्थान प्रियांशी कुमारी, दूसरा स्थान हाजरा परवीन तीसरा स्थान शाहिद अंसारी और चौथा स्थान शबनम चाहत रही। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूजा कुमारी, प्रियांशी कुमारी,प्रेरणा कुमारी, युवराज साहु, मेघा रानी यादव अलग अलग प्रश्नोत्तरी में विजेता रहीं, विजेता प्रतिभागियों को स्कूल निर्देशक द्वारा पुरष्कृत किया गया। निदेशक कैलाश कुमार ने कहा की इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में हिंदी लिखने बोलने और सीखने की जिज्ञासा बढ़ती है और अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़े रहते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी शिक्षिका सविता कुमारी, गायत्री देवी, सावित्री देवी, तारा देवी, अनिता कुमारी, आरती कुमारी, अंजू पाण्डे का अहम योगदान रहा।

बैठक > बोकारो में जिला स्टॉकहोल्डर के साथ बैठक का आयोजन किया

# सभी के प्रयास से ही बाल विवाह का अंत संभव: रवानी

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** सहयोगिनी संस्था द्वारा बाल विवाह रोकथाम को लेकर महिला छात्रावास बोकारो में जिला स्टॉकहोल्डर के साथ बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि जिला से लेकर पंचायत स्तर तक के सभी स्टेकहोल्डर को बाल विवाह समाप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के कारण किशोरियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास रुक जाता है, जिससे समाज में विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। बाल विवाह हो जाने के कारण लड़कियों की शिक्षा प्रभावित होती है, तथा घरेलू हिंसा के मामले बढ़ जाते हैं।



इस दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा ने कहा कि सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं को मिलकर काम करने की जरूरत है। इसके लिए सभी स्टेकहोल्डर को समय-समय पर जागरूक करने की भी आवश्यकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था द्वारा जिले के 150 गांव को बाल विवाह मुक्त करने के लिए सघन रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा जिले के 225 000 लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए शपथ ग्रहण कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संस्थागत पदाधिकारी सरिता कुमारी, गुलाम रसूल, सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रीति प्रसाद, रजी अहमद, प्रगति शंकर, रेनू रंजना सहित सहयोगिनी की कुमारी किरण, अनिल कुमार हेंब्रम, पूर्णिमा देवी, सोनी कुमारी, प्रतिभा कुमारी, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## हिंदी भाषा ही नहीं, एक भावना है: डॉ गंगवार



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** राजभाषा हिंदी के प्रति विद्यार्थियों में स्नेह एवं रुचि विकसित करने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में गुरुवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने अपने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा के सभी कार्य हिंदी में ही संपादित हुए। विद्यार्थियों ने समूह-गान मनुष्य तू बड़ा महान है... से शुरूआत की। तदुपरांत छात्र संकल्प सोमेश ने हिंदी में सुविचार, छात्रा अन्वी ने समाचार-वाचन, शिप्रा हेंब्रम ने हिंदी की महत्ता को रेखांकित करता संभाषण, हर्षिता सिंह ने स्वरचित कविता तथा अक्षिता पाठक ने गीत सुनाकर सबकी भरपूर सराहना पाई। वहीं, छात्रा अद्विता ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान हिंदी दिवस को स्मरणीय बनाने के लिए विद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से तैयार वार्षिक हिंदी साहित्यिक पत्रिका स्वरा के नए अंक का विमोचन किया गया। प्राचार्य ने पत्रिका के ई-संस्करण का भी अनावरण किया। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने साहित्यिक रचनाधर्मिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में स्वरा को एक सराहनीय कदम बताया। प्राचार्य ने कहा कि हिंदी विश्व की समृद्धतम भाषाओं में से एक है। हमें हिंदी भाषी होने पर गर्व होना चाहिए। यह हिंदुस्तान की सभ्यता-संस्कृति व गौरवशाली परंपरा की पहचान रही है, जिसने राष्ट्रीय एकता व अस्मिता को बनाए रखने में अपनी सशक्त भूमिका निभाई है। समारोह का संचालन छात्रा आकांक्षा ने किया।

## संत मेरी स्कूल में हिंदी दिवस का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** संत मेरी स्कूल सेक्टर 4 में हिंदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर मैथ्यू थॉमस ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा के रुप में अपनाया था। इसलिए प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर के हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी हमारे सम्मान व स्वाभिमान की भाषा है। यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह प्राचीन, समृद्ध व सरल भाषा है। भारत में हिंदी एकता का प्रतीक है। कहा कि हिंदी भाषा देश के लोगों को एकता के सूत्र में बांधती है। यह भाषा देश की सांस्कृतिक धरोहर भी है। यह देशभक्ति, संस्कृति व समृद्धि की प्रतीक है। इसलिए हमें इसके प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। वहीं कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कवियों, लेखकों व विद्वान के वेश में दोहा, चौपाई व कविता पाठ किया।

## विधायक शिल्पी ने किया योजनाओं का शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**बेड़ो :** प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम प्रखंड के मुरतो पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पुस्तकालय भवन का शिलान्यास किया। इस पुस्तकालय भवन के निर्माण होने से स्कूली बच्चों को स्कूल ज्ञान के साथ साथ बाहरी जानकारी प्राप्त करने के लिए दूसरे दूसरे किताब पढ़ने का मौका मिलेगा, जिससे बच्चे अपने ज्ञान का विस्तार कर पायेंगे। विधायक ने स्कूल के प्राचार्य को स्कूल सम्बन्धित विषय को लेकर कुछ दिशा निर्देश दिये और उसपर जल्द सुधार करने को कहा। इसके पश्चात करकरी पंचायत के खड़देवरी गांव स्थित खड़देवरी नदी में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुल निर्माण कार्य पूर्ण के उपरांत दो गांव की नजदीकियां बढ़ेगी और आवागमन में किसान को बहुत ज्यादा सुविधा मिलेगी। अपने गांव में विधायक को देखकर ग्रामीण काफी खुश थे।मौके पर जिला परिषद बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मोद्दसीर हक, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, मन्कु कुजूर, मो0 समशाद, सिल्वेस्टार तिर्की सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विराट करम अखाड़ा को लेकर जेबीकेएसएस ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कसमार:** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुगार्पुर पंचायत के कुरको मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति कसमार प्रखंड इकाई के द्वारा आयोजित विराट करम आंखड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक आवश्यक बैठक की गयी। अध्यक्षता दुगार्पुर मुखिया अमरेश कुमार महतो ने व संचालन भुनेश्वर महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कसमर प्रखंड के सभी पंचायत एवं जरीडीह, पेटरवार प्रखंड से आए करम अखाड़ा दल के युवतियों, देवी तुल्य माताएं बहनें भाइयों को व्यवस्थित रूप से बैठाने एवं अनुशासित ढंग से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कसमार प्रखंड के सभी पंचायत से 25-25 वॉलिंटियर्स का चयन किया गया। मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुखदेव राम, अनिल कुमार, सुबोध कुमार, रविंद्र महतो, सृष्टिधर महतो, ब्रजेश कुमार, अंशुधन कुमार, योगेश्वर महतो, बलदेव महतो, गयाराम महतो, धनेश्वर कुमार, पिंटू कुमार महतो, रोहित कुमार, ताराचंद महतो, गौरी शंकर महतो, नंदकिशोर महतो, मुकेश कुमार, मंटू कुमार, योगेंद्र कुमार, रोहित कुमार, प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, सुबोध कुमार, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### जन सहयोग फाउंडेशन ने मनाया हिंदी दिवस



**तालगड़िया :** चास प्रखंड के कुंवर कालोनी में सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी की ओर से हिंदी दिवस मनाया गया। संस्था के संस्थापक अमल दास ने हिंदी भाषा पर प्रकाश डाला। कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है। इसकी सम्मान करना हम सभी भारतीयों का नैतिक कर्तव्य है। इसकी प्रचार प्रसार करने के लिए हमें तत्पर रहना चाहिए। कहा कि हिंदी का प्रयोग दैनिक क्रियाकलापों में प्रदर्शित होनी चाहिए। उन्होंने अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने की सलाह दी। मौके पर जिला प्रभारी श्रीकांत दास, सुमित्रा देवी, चांदनी बीबी, ममता देवी, आशा देवी, पूजा कुमारी, सुनील सिंह, बिहार के जमुई जिला के प्रभारी अनिमेष कुमार सिंह, उषा देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

### रोटरी चास ने सात महिलाओं को ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण निशुल्क दिलाया



**चास :** रोटरी क्लब चास द्वारा युवतियों को स्वावलंबी बनाने के लिए सात महिलाओं को ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण प्रतिष्ठित ब्रांड स्टूडियो 11 में निशुल्क दिया गया। क्लब की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि रोटरी द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण द्वारा उनके लिए स्थाई आय के स्रोत को सृजन करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम की संयोजक माधुरी सिंह ने कहा कि ब्यूटीशियन का कोर्स करने से कमजोर, असहाय एवं बेरोजगार महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान होगा और उनके लिए आजीवन आजीविका का साधन बन जाएगा। सह संयोजक अर्चना सिंह ने कहा कि रोटरी महिला सशक्तिकरण के प्रति गंभीर है और वह उदास चेहरों पर मुस्कान लाना चाहती है। स्टूडियो 11 की निदेशक ऐमी मिश्रा ने कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी सात प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजन किया गया है।

### स्वावलंबी गांव के लिए उषा मार्टिन की पहल



**नामकुम :** महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से परिवार में आय वृद्धि और खुशहाली आती है। इसके साथ ही गांव भी स्वावलंबी बनता है। स्वावलंबी गांव के लिए हुनर का ज्ञान और उसका विकास जरूरी है। इसके लिए गांव के युवावर्ग को प्रशिक्षण के विभिन्न विकल्पों को अपनाने की जरूरत है। उक्त बातें उषा मार्टिन के पावर प्लांट के हेड तनमय सिन्हा ने टाटीसिलवे स्थित मिनी टूल रूम (झारखंड सरकार) में आयोजित कार्यक्रम में कहा। उषा मार्टिन फॉउंडेशन गांवों में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत गांवों की 30 महिलाओं को टेलरिंग और फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। सुदूर गांव के 10 युवाओं को मोटर साईकिल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही 20 युवतियों को ब्यूटिशियन व फैशन डिजाइनिंग में तीन माह का कोर्स शुरू कराया गया तीन माह तक चलने वाले इस कोर्स में प्रयोगिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जायेगा। एसपीडी के महाप्रबंधक आर.के. जयसवाल ने कहा कि सीखने के साथ-साथ उसमें गतिशीलता और निरंतरता बनाये रखना चाहिए। हुनर को निखारने के लिए लगातार सीखना जरूरी है। इससे ही सफलता आयेगी। इस अवसर पर डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि गांव में युवाओं को सहयोगात्मक रवैया रखना होगा। एक दूसरे को सहयोग कर ही हम व्यावसायिक रूप से सफल हो सकेंगे। इसके लिए समूह में कार्य करने की जरूरत है। गांव के समग्र विकास के लिए किसानों, विद्यार्थी और महिलाओं को केंद्र में रखकर ग्रामीण विकास की गतिविधियां चलायी जा रही है। प्राचार्य एम.के. गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन के सौजन्य से ऐसे प्रशिक्षण के कार्यक्रम से गांवों के युवाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। इस कोर्स को करने के बाद न केवल महिलाएं हुनरमंद बनेगी, बल्कि आय संवर्द्धन कर आत्मनिर्भर भी बनेगी। मौके पर सचिंद्र कुमार, कोर्स कोडिनेटर राहुल उरांव वरूण कुमार, देवाशीष घोष मोनीत भूटकुमार, रौशन लिंडा आदि उपस्थित थे।

झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

अल्पकालिन ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या:- 04/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक :- 14.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/09/ 2023-24 | Construction of Road from RCD road Baghbotha to Lohradera Part-D (Length-0.300 km) | 41.835 | एकतालिस लाख तिरासी हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- 18.9.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- 28.9.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, राँची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 29.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, राँची को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (29.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन- 835207
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 8292435100.
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/- कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 306965 Rural Work Department (23-24)_D

अवसर > रडीपीएस चास में हिंदी दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# हिंदी देश को एकता के सूत्र में पिरोती है: डॉ हेमलता

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास में गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस दौरान भारत में हिंदी को पहचान देने वाले कवियों व साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि ये हिंदी भाषा ही है, जो देश को एकता के सूत्र में पिरोती है। हिंदी देश की विविधताओं के सौंदर्य का प्रकटीकरण बखूबी करती है। उन्होंने साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी के कुछ अंश तुम अजर, बढ़े चलो, तुम अमर, बढ़े चलो। तुम निडर बढ़े चलो, आन पर चढ़े चलो... सुनाकर सभी को कर्म पथ पर संघर्ष करने व सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका अर्चना कुमारी, छाया द्विवेदी, आरती शर्मा, शिक्षक विद्या भूषण, विरेंद्र सिंह ने भारत के महान कवियों अमीर खुसरो, भारतेंदु हरिश्चंद्र, सुमित्रा नंदन पंत, प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, जयशंकर प्रसाद आदि अपनी रचनाओं के माध्यम से याद किया। संचालन हिंदी शिक्षक रमेश कुमार ने किया।



राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**बेरमो :** आजादी के 75 वे वर्ष के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत नगर परिषद फुसरो के वार्ड सख्या 22 में "मिट्टी को नमन वीरों का वदन,, नमन करते हुए अमृत कलश को लेकर घर-घर मिट्टी संग्रहण किया गया यह मिट्टी देश की राजधानी दिल्ली के भारत गेट के सामने अमृत वाटिका बनाया जा रहा है। अमृत वाटिका में यह मिट्टी भी सम्मिलित होगा ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सौ से ज्यादा लोग कांग्रेस में हुए शामिल

**बेरमो :**असंगठित मजदूर कांग्रेस के बोकारो जिला अध्यक्ष परवेज अख्तर के नेतृत्व में बुधवार को 100 से भी अधिक लोग बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह पर आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस में शामिल हुए। शामिल होने वाले में अधिकतर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग थे। इससे पूर्व में विभिन्न दलों से जुड़े थे। शामिल होने वाले का स्वागत करते हुए बेरमो विधायक ने कहा कि वह सबसे हितों का काम बिना भेदभाव के करते रहेंगे। जब कभी भी किसी को किसी बात को लेकर जरूरत हो तो उनका दरवाजा दिन-रात खुला है। लोगों ने ताली बजाकर विधायक के वक्तव्य का स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। शामिल होने वाले में मुख्य रूप से मोहम्मद रफीक अंसारी, मुकीम अंसारी, उस्मान अंसारी ,इमाम बख्श ईश्वर महतो, महताब अंसारी, बादशाह अंसारी, गुलजार अंसारी, कलंदर अंसारी, आफताब अंसारी, सादाब अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी ,मकसूद अंसारी, मोहम्मद अंसारी, रसूल अंसारी ,सरफुद्दीन अंसारी, मोहम्मद शमीम अंसारी, समसुल अंसारी ,मोहम्मद अकबर अंसारी, मेराज अंसारी, फैजल इकबाल ,मदन कुमार, ललन अंसारी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कथारा चार नंबर दुर्गा मंडप में दूसरी बैठक सम्पन्न

**बेरमो** :कथारा चार नंबर दुर्गा मंडप में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर मंगलवार की संध्या पूजा कमिटी की दूसरी बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता रूपलाल सिंह यादव ने किया, जबकि संचालन अजय कुमार सिंह ने किया।कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि यहां की दुर्गा पूजा की व्यवस्था तथा भव्यता बेरमो कोयलांचल में अहम स्थान रखता आ रहा है। अजय कुमार सिंह ने कहा कि बीते 22 अगस्त को यहां आयोजित पहली बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया है जिसे दूसरी बैठक में समिति के द्वारा टेंट लाइट व साउंड की व्यवस्था समिति के द्वारा चयन कर जिसे पूरे समिति के द्वारा भव तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया।

### अमावस्या पूजा पर काली मंदिर कल्याणी में हुई विशेष पूजा-अर्चना

**बेरमो** :अमावस्या पूजा पर काली मंदिर कल्याणी में गुरुवार को हर साल की भांति विशेष पूजा-अर्चना आयोजित की गई। मंदिर के पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां काली की पूजा अर्चना की गई। पूजा को लेकर मंदिर में आने वाले श्रद्धालु उत्साहित थे। सुबह से ही भक्त मंदिर पहुंच रहे थे। भक्त बढ़-चढ़ कर पूजा में शामिल हुए थे। पूजा के दौरान पुष्पांजलि दी गई। कमेटी के मनोज मजूमदार व साधन दास ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे या अंतिम सप्ताह में अमावस्या पूजा आयोजित की जाती है। पूजा के बाद भक्तों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूजा कार्यक्रम में 16 वीं लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, सहित यूनियन नेता लखन लाल महतो, गिरिजा शंकर पांडेय, हरेंद्र सिंह,मदन सिंह, रवि शंकर ठाकुर, चंदन तिवारथा, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित हुए।

**दिवस**

डी.ए.वी गिद्दी में मनाया गया हिंदी दिवस

# हिंदी भारतीय जनमानस की सबसे लोकप्रिय भाषा है :मनप्रिय चटर्जी




राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी** :डी.ए.वी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए में पूरे उत्साह के साथ हिदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य महोदय मनप्रिय चटर्जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा की किसी भी भाषा की चतुर्दिक व्याप्ति व सृजनात्मक जयघोष के समर्पित शब्द साधकों की साधनाएं सदैव हीं सभी के प्रयासों से ज्यादा असरकारी होती है। उन्होंने कहा की हिंदी भारतीय जनमानस की सबसे लोकप्रिय भाषा है जिसने भारत के विविधता में एकता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इस अवसर पर वर्ग एलकेजी से द्वितीय तक के छात्र छात्राओं ने हिंदी भाषा में अपनी अभिव्यक्तियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से व्यक्त किए।

इन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों की सूची निम्न है- वर्ग एलकेजी में अदिति,जैनब तथा अर्यांश क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।वर्ग यूकेजी में खुशी, जागृति और सुगंधा क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।वर्ग प्रथम में शिवांश, काव्या और अभिषेक क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।वर्ग द्वितीय में जिसमे हिंदी मुहावरा की प्रतियोगिता हुई थी इसमें आयुष,दीप, विश्व प्रताप प्रथम स्थान पर रहे।

शौर्य और रुद्र प्रताप द्वितीय स्थान तथा राशि तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडली में हिंदी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक नवीन मिश्रा एवं दुर्गेश भारद्वाज थे।श्रीमती डॉ.उर्मिला सिंह (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड जोन- डी) के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में , शिक्षिकाएं श्रीमती वंदना चटर्जी, श्रीमती शोभा दुबे, श्रीमती राखी सिंह , श्रीमती अनुराधा निषाद तथा सुश्री पल्लवी राय के सामूहिक प्रयास से समस्त कार्यक्रम का सफल आयोजन हो सका।

## हिन्दी राष्ट्र को एकसूत्र में बांधने वाली हमारी सशक्त राष्ट्रभाषा : प्राचार्य



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर :** सी.सी.एल. रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आज 14 सितंबर हिंदी दिवस के मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय जे प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि हिंदी राष्ट्र को एकसूत्र में बाँधने वाली हमारी सशक्त राष्ट्रभाषा है। यह अभिव्यक्ति का सरल एवं सहज माध्यम है । हिन्दी की आचार्या एवं प्रतियोगिता प्रमुख गायत्री पाठक ने हिंदी को भारतीय संविधान में राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता एवं विकास की चर्चा करते हुए हिंदी भाषा की विशेषताओं का उल्लेख किया गया।इस अवसर पर विद्यालय में अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता विभिन्न विषयों पर चार वर्गों-शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर एवं तरुण वर्गों में निर्धारित शब्द सीमा में निबंध लेखन की प्रतियोगिता संपन्न हुई।इसे सफल बनाने में सभी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस प्रतियोगिता में चयनित निबंध को प्रांतीय स्तर फिर अखिल भारतीय स्तर पर सम्मिलित कराया जाएगा।अखिल भारतीय स्तर पर चयनित निबंध को विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्कृति संस्थान के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।

इको पार्क विवाद पर सीसीएल जीएम संग ग्रामीणों की सकारात्मक वार्ता

# अधिकारियों की टीम स्थल जांच कर सौंपेगी रिपोर्ट



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बेरमो के स्वांग हवाई अड्डा क्षेत्र में इको पार्क निर्माण विवाद पर 13 सितंबर बुधवार को सीसीएल कथारा क्षेत्र के जीएम दिनेश कुमार गुप्ता के साथ ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। प्रतिनिधियों ने बताया कि वार्ता सकारात्मक रही। प्रतिनिधियों ने जीएम से इको पार्क को दूसरे स्थान पर बनाने की अपील की। इस पर जीएम ने कहा कि कंपनी के अधिकारी स्थल का निरीक्षण करेंगे। उनकी रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को सौंपी जाएगी। करीब एक घंटे की वार्ता में प्रतिनिधिमंडल ने जीएम को यह बताने का प्रयास किया कि यह हवाई अड्डा क्षेत्र की धरोहरहै। इसलिए इसका अस्तित्व बना रहना चाहिए। दरअसल, हवाई अड्डा में यहां के युवा, सिपाही और अर्ध सैनिक बलों में चयन के लिए अभ्यास करते हैं। साथ ही वहां मोटर वाहन भी सीखते हैं। आपात स्थिति में यहां हेलीकॉप्टर की भी लैंडिंग कराई जाती है। वार्ता में सीपीएम के गोमिया प्रखंड सचिव राकेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि कुलदीप प्रजापति, स्वांग उत्तरी के उप मुखिया राजू चौहान, कांग्रेस नेता अभय सिन्हा, ग्रामीण केदारनाथ स्वर्णकार, मंटू यादव, लखन यादव, धनेश्वर यादव, शंकर प्रजापति, केशु कुमार आदि शामिल थे।

## राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रयासों से लट्टकुटा गांव में बिजली की समस्या हुई दूर



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /गोमिया:** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के लट्टकुट्टा गांव में बिजली के तार व पोल काफी पुराने व जर्जर स्थिति में था। इस कारण अक्सर इस गांव में बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान रहते थे। बीते एक माह पूर्व यहां के ग्रामीणों ने जर्जर बिजली के तार व पोल को नया लगाने के लिए राज्य मंत्री सह राज्य समन्वय समिति सदस्य योगेंद्र प्रसाद के समक्ष आग्रह किया। जिसके बाद अविलंब योगेंद्र प्रसाद ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या से अवगत कराकर पोल व तार नया लगाने की बात कही।

विभाग की ओर से तुरंत लट्टकुटा गांव में 24 पोल और जर्जर तार को बदलने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। विभाग में पर्याप्त मात्रा में पोल नही रहने के कारण एक माह पूर्व 12 पोल इस गांव में उपलब्ध कराकर कार्य चालू किया गया था। फिलहाल 12 सितंबर को योगेंद्र प्रसाद के प्रयासों से बाकी शेष बचे 12 पोल व नया तार उपलब्ध करा दिया गया है। अब लट्टकुटा गांव में बिजली का नया पोल व नया तार जल्द ही लगा दिया जाएगा। इसे लेकर ग्रामीणों ने राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रति आभार जताया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का अधिकतर पोल लकड़ी का है, जो कई दशक पूर्व लगाया गया था। मौके पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, मंजूर इलाही, पूर्व उपमुखिया चंदन पासवान, समाजसेवी अब्दुल सत्तार अंसारी, नसीम अंसारी,अख्तर अंसारी, दिलीप पासवान, रिंकू पासवान, कृष्णमूर्ति, साहबू अंसारी, मासूम अंसारी, मोहम्मद इरशाद अंसारी,रियाज अंसारी मौजूद थे।

## हजारी मोड़ के समीप ताश के पत्तों पर लगता है लाखों का जुआ



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /गोमिया :** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड के समीप रेलवे लाइन के किनारे बड़े पैमाने पर जुआ लगता है। जुआरी ताश के पत्तों पर लाखों रुपए का दांव लगाते हैं। प्रतिदिन चलने वाला इस जुआ अड्डा में आसपास व दूरदराज के क्षेत्रो से जुआरी निर्भीक होकर पहुंचते हैं। इन्हें यहां पुलिस और कानून का कोई भय नहीं दिखता है। जानकारी के अनुसार इस जगह पर काफी दिनों से जुआ चल रहा है। हैरानी की बात यह है, कि अभी तक पुलिस व प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई है। बता दें कि क्षेत्र के युवाओं को जुए की लत लगने से उनके परिवार में कलह बना रहता है। जुआरी शराब के नशे में धुत ताश के पत्तों पर लाखों रुपए का दाव लगाते हैं। बिना मेहनत के मोटी रकम पाने की ख्वाइश लेकर जुआरी ताश की घेराबंदी में अपना लक आजमाने प्रतिदिन पहुंचते हैं। बिना डर और भय के असामाजिक तत्वों द्वारा इस जुआ अड्डा का संचालन किया जा रहा है।

**सेमिनार**

विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह 2023 के अवसर पर

# के बी कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम जागरुकता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बृहस्पतिवार 14 सितंबर को मनोविज्ञान विभाग , आई क्यू ए सी एवम जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान मे तथा प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता मे केबी कॉलेज के जंतुशास्त्र सभागार मे आत्महत्या रोकथाम जागरुकता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे प्राचार्य डा के पी सिन्हा, विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग डा प्रभाकर कुमार, मुख्य अतिथि सदर अस्पताल बोकारो के मनोचिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा, प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय, प्रो गोपाल प्रजापति, आई क्यू ए सी समन्वयक डा अरुण कुमार रॉय महतो ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करके किया । प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने मौके पर कहा जिंदगी से करें प्यार ताकि कभी न आए खुदकुशी का विचार। जीवन अनमोल है। जिंदगी के प्रति रखें संतुलित नजरिया। नकारात्मक सोच को जरिया न बनाएं। आयोजनकर्ता मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा आत्महत्या के विचार किसी को आ रहे हैं तो करीबी लोगो से बातचीत करें।

पेशेवर काउंसलर या मनोचिकित्सक से बात करनी चाहिए। आत्महत्या के पीछे मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक, व्यक्तिगत, सांस्कृतिक पारिस्थिकीय कारण जवाबदेह होते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर अस्पताल बोकारो के मनोचिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा आत्महत्या के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। आत्महत्या सप्ताह मनाने का उद्देश्य आत्महत्या के बारे मे जागरुकता बढ़ाना और वैश्विक स्तर पर आत्महत्या व इसके प्रयासों की संख्या को कम करना है। आई क्यू ए सी समन्वयक डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा आत्महत्या एक तात्कालिक प्रवृति है। इस समय सहायता मिल जाए तो व्यक्ति इस परिस्थिति से निकलकर सही कदम की ओर बढ़ते हैं।


### खिलाड़ी आशा किरण को ओएनजीसी के प्रबंधक ने किया सम्मानित



**बेरमो** :अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आशा किरण बारला और उनके कोच आशु भाटिया को ओएनजीसी की ओर से 13 सितंबर को सम्मानित किया गया। ओएनजीसी के बोकारो स्टील स्थित दफ्तर में कंपनी के परिसंपत्ति प्रबंधक आदित्य जौहरी ने उन्हें सम्मानित किया। जौहरी ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि बोकारो थर्मल में आशा किरण बारला ने भाटिया एथलेटिक्स अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने भाटिया एथलेटिक्स अकादमी को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया, ताकि बच्चे अपनी परफॉर्मेंस सुधार कर देश का नाम रोशन कर सकें। ज्ञात हो कि यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में आशा किरण बारला ने सिल्वर मेडल जीतकर झारखंड ही नहीं पूरे देश का नाम रोशन किया है। मौके पर ओएनजीसी के स्पोर्ट्स ऑफिसर अनूप मिंज सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### 11000 हाई वोल्टेज तार टूट कर गिरी, लगी आग, बाल बाल बचे सुरक्षा गार्ड





**बेरमो** : सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना अंतर्गत जारंगडीह आर आर शॉप सिविल ऑफिस के समीप गुरुवार को 11000 हाई वोल्टेज तार अहले सुबह 5:30 बजे टूट कर गिर गया। जिसके जद में आने से विजय कुमार गोप गोविंद चौधरी बाल बाल बचे। जबकि हाई वोल्टेज बिजली तार गिरने से सुरक्षा कर्मी व आसपास के इलाकों में आग लग गई। घटना के संबंध में सिक्योरिटी इंचार्ज हसमुद्दीन ने कहा रात्रि पाली में दोनों गार्डन कार्यरत थे। इसी दौरान सुबह सवेरे 11000 हाई वोल्टेज तार अचानक गिर पड़ी जिससे दोनों गार्ड दुर्घटना होने से बाल बाल बचे। बताते चले कि सीसीएल खुली खदान से लेकर बिजली घर तक रिहायशी इलाका पड़ता है। 11000 वोल्टेज तार किसी प्रकार के सपोर्टिंग या सुरक्षा कवच के गुजरी है। जिसमें दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है सीसीएल प्रबंधन इस ओर अपनी ध्यान नहीं देती है। बरसों से 11000 वोल्टेज तार इसी प्रकार बीना रख रखाव के लगा है।

### इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूनार्मेंट में बीडीए कॉलेज बना विजेता



**बेरमो** : बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की ओर से डीवीसी वेलफेयर सेंटर में आयोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज बैडमिंटन टूनार्मेंट के बालिका वर्ग में बीडीए कॉलेज पिछरी ने पीके मेमोरियल कॉलेज धनबाद को फाइनल में हराकर चैंपियनशिप जीता। मंगलवार को खेले गये फाइनल मैच में बालिका वर्ग में बीडीए कॉलेज पिछरी ने पीके राय कॉलेज को 21-4, 21-15 से हराया। टूनार्मेंट में कुल पांच कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया था। कॉलेज की प्रतिनिधित्व में प्रीति कुमारी और दीपा कुमारी फर्स्ट राउंड में सिंगल्स व दूसरे राउंड में डबल्स में लगातार जीत हासिल की।वही प्रीति कुमारी ने दो दिन पहले पावरलिफ्टिंग के 53 ह्यॉ वर्ग में भी गोल्ड मेडल हासिल की थी।कॉलेज के तरफ से टूनार्मेंट में दीपक कुमार,तौफिक खान,रेशमी कुमारी, ओम कुमार ने भी भाग लिया। टूनार्मेंट बढ़िया खेल खेलने वाले दीपक,दीपा और प्रीति कुमारी का चयन ईस्ट जोन के लिए भी हुआ है। प्रभारी प्राचार्य एसएन सिंह ने बच्चो को बधाई देते हुए कहा कि बच्चो ने कम सुविधा में भी खेलकर कॉलेज का नाम रौशन किया है। आशा करता ही की यहां के विद्यार्थी इसी तरह हर क्षेत्र में नाम रोशन करेंगे। कॉलेज में जल्द ही खेल के लिए सारी तरह की सुविधा के लिए मैं कोशिश करूंगा। स्पोर्ट्स डायरेक्टर विनय कुमार सिंह, टीम मैनेजर विजय कुमार पांडे,अभिमन्यु सिंह, महेंद्र सिंह जितेंद्र कुमार, महेश चंद्र, केतकी सिन्हा,संध्या कुजूर आदि मौजूद थे।

### श्री श्री गणेश पूजा व मेला का विधायक ने किया उद्घाटन



**पतरातु** :पतरातु प्रखंड के पी टी पी एस में एक बार फिर माहौल भक्तिमय हो गया है इसी कड़ी में श्री श्री गणेश पुजा के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीटीपीएस स्थित अंबेडकर पार्क में मेला का आयोजन किया गया है। मेले का उद्घाटन मंगलवार को बड़कागांव विधानसभा की विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष, सभी सम्मानित मुखिया, सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, सभी समाजसेवी गण, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। मौके पर विधायक ने कहा कि मेले के आयोजन से क्षेत्र में खुशी का माहौल बनता है तथा पूजा अर्चना से क्षेत्र में भक्ति भावना जागती है। इस तरह के आयोजनों से लोगों को उमंग और जीने की नई ऊर्जा मिलती है। मौके पर विधायक ने क्षेत्र के सभी लोगों को गणेश पूजा की शुभकामनाएं दी। मेला पूरी तरह सज धज कर तैयार है।लोगो के मनोरंजन तथा बच्चों के मन मोहक चीजों से भर गया है।बड़ी बड़ी झूले , बिजली झूला, नाव झूला, डिस्को झूला , खिलोने और साज श्रृंगार तथा खाने पीने के स्टॉल के साथ जादू वाले का घर लोगो को लुभा रहा है। आज मेले में लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी है।


### धूमधाम से दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने के लिए हुई बैठक

**बेरमो** : जरीडीह बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में पिछले साल का आय बय के साथ-साथ पूजा को सफल बनाने हेतु सभी बिंदु विषय पर चर्चा की गई इस बैठक में दुर्गा पूजा के बेहतर आयोजन हेतु कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष अनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अजीत साव,मनोज अग्रवाल,राजकुमार साव,सचिव शिव शंकर सोनी,अश्वनी सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद चौरसिया, मुकेश सिन्हा उपसचिव कपिल कुमार,करण कुमार भाटिया,रवि साव पूजा प्रभारी गुड्डू सोनी रोशन सिन्हा पूजा प्रभारी मुकेश कुमार सिन्हा के अलावा 21 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

संपादकीय

# निष्पक्ष चुनाव आयोग को भूल जाएं क्या

अगले एक साल में कई राज्य विधानसभा चुनाव और संसद चुनाव होने के साथ, केंद्र सरकार सुधार मोड पर आ गई है। 10 अगस्त को, नरेंद्र मोदी सरकार ने राज्यसभा में गुप्त रूप से मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्ते और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 पेश किया। नए विधेयक की धारा 7 में प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में एक चयन समिति गठित करने का प्रावधान है, जिसमें प्रधान मंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री और विपक्ष के नेता इसके सदस्य होंगे। इस समिति में न तो भारत के मुख्य न्यायाधीश और न ही किसी प्रतिष्ठित न्यायविद को जगह मिलेगी. इसका मतलब यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) का चयन सत्तारूढ़ दल से संबंधित राजनीतिक कार्यकारिणी द्वारा किया जाएगा, जिसमें एलओपी को या तो नजरअंदाज कर दिया जाएगा या खारिज कर दिया जाएगा। ऐसी नियुक्तियों से किस प्रकार की तटस्थता और स्वतंत्रता की उम्मीद की जा सकती है। विधेयक की धारा 6 में



कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक खोज समिति का गठन किया गया है, जिसमें दो अन्य सचिव इसके सदस्य हैं। यह समिति ईसी के रूप में नियुक्त होने के योग्य उम्मीदवारों पर विचार करेगी, जो ईमानदार व्यक्ति होंगे, जिनके पास चुनाव के प्रबंधन और संचालन का ज्ञान और अनुभव होगा, और चयन समिति के विचार के लिए ऐसे पांच उम्मीदवारों के एक पैनल की सिफारिश करेगी। इससे भी बुरी बात यह है कि धारा 8(2) इस समिति को खोज समिति द्वारा पैनल में शामिल किए गए लोगों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति पर विचार करने के लिए अधिकृत करती है। इसका मतलब यह है कि चयन समिति खोज समिति की सिफारिशों से आगे जा सकती है और जिसे चाहे सीईसी/ईसी के रूप में नियुक्त कर सकती है, इस प्रकार पूरी खोज प्रक्रिया को एक तमाशा बना देगी। भारतीय चुनाव आयोग सत्ताधारी पार्टी से जुड़े राजनीतिक अभ्यासकताओं के लिए एक अड्डा बन सकता है। इस तिहरे झटके वाला विधेयक 2 मार्च को सुनाए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के जवाब में है। सरकार को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की अधिक पारदर्शी प्रणाली शुरू करने पर विचार करने का निर्देश देते हुए, शीर्ष कोर्ट ने कहा, हम घोषणा करते हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति की सिफारिशों पर की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और यदि कोई नेता शामिल नहीं होगा विपक्ष उपलब्ध है, संख्या बल की दृष्टि से लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता और भारत का मुख्य न्यायाधीश। चुनाव आयुक्तों को हटाने का आधार मुख्य चुनाव आयुक्त के समान ही होगा जो कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान आधार पर होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 324(5) के दूसरे प्रावधान के तहत प्रदान किया गया है। नियुक्ति के बाद चुनाव आयुक्तों की सेवा शर्तो में उनके अहित के लिए बदलाव नहीं किया जाएगा। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग के कार्यालय की तटस्थता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के बजाय, विधेयक के प्रावधान इसे तत्कालीन प्रधान मंत्री की इच्छा के अधीन बनाकर बिल्कुल विपरीत कार्य करते हैं, जिससे यह खतरे में पड़ जाता है। जिस उद्देश्य के लिए आयोग का गठन किया जा रहा है। ईसीआई को राजनीतिक कार्यपालिका के नियंत्रण में लाना संविधान सभा में प्रतिपादित स्वतंत्र चुनाव आयोग की अवधारणा के प्रतिकूल है। वास्तव में, मौलिक अधिकारों से निपटने के लिए नियुक्त समिति चाहती थी कि चुनावों की स्वतंत्रता और विधायिका के चुनावों में कार्यपालिका के किसी भी हस्तक्षेप से बचने को मौलिक अधिकार माना जाए और उसी से संबंधित अध्याय में इसका प्रावधान किया जाए। अब संसद के आगामी सत्र में इस विधेयक को लोकसभा में पेश किये जाने की चर्चा है। इस सूचना का कोई आधिकारिक आधार नहीं होने के कारण यह माना जा सकता है कि यह सूचनाएं सरकार के स्तर पर खास मीडिया को लीक की गयी है। इससे भी स्पष्ट हो जाता है कि दरअसल सरकार किस मंशा से काम कर रही है और किसी तटस्थ चुनाव आयोग के होने से दरअसल कौन भयभीत है। जो भयभीत है, उसका भय बार बार सामने आ रहा है। हाल के दिनों में भी एक चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर अदालत में जिस तरीके से सवाल उठे हैं, वह भी सरकार को नागवार गुजरा है और लोकतंत्र की आड़ में मनमर्जी करने का यह खेल दरअसल भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने की एक और चाल है। समय बीतने के साथ साथ यह साफ होता जा रहा है कि मोदी सरकार दरअसल लोकतंत्र के नारा लगाते हुए तानाशाही की तरफ अग्रसर है और अपने रास्ते में आने वाली हर बाधा को वह किसी भी कीमत पर हटाना चाहती है। इतिहास गवाह है कि निरंकुश शासन कभी भी देश का भला नहीं कर सकता और पतन के रास्ते की तरफ जाता है।

# भारत ने जी 20 को दिया नया कलेवर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 अध्यक्ष के नाते जब स्वस्तिअस्तु विश्वः यानी संपूर्ण विश्व सुखी हो के साथ शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा की तो ये कोरे शब्द नहीं थे। जी 20 का नई दिल्ली शिखर सम्मेलन अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक और सफल माना जाएगा। यूक्रेन युद्ध के बाद पहला सम्मेलन है जिसकी घोषणा पत्र से कोई सदस्य देश नाखुश या असंतुष्ट नहीं है। अमेरिका और पश्चिमी देश संतुष्ट हैं तथा रूस और चीन भी। इस कूटनीति को भारत ने कैसे साधा होगा इसकी कल्पना आसान नहीं है। 37 पृष्ठों के घोषणा पत्र में पृथ्वी, यहां के लोग, शांति व समृद्धि वाले खंड में चार बार यूक्रेन युद्ध की चर्चा है किंतु रुस का नाम नहीं है। इन पंक्तियों को देखिए, सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों व सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। किसी भी दूसरे देश की अखंडता व संप्रभुता का उल्लंघन धमकी या बल के उपयोग से बचना चाहिए।

नाभिकीय हथियारों के इस्तेमाल या इस्तेमाल की धमकी अस्वीकार्य है। यूक्रेन युद्ध के बीच में राष्ट्रपति पुतिन ने नाभिकीय हथियार के उपयोग तक की धमकी दे दी थी। इसमें प्रधानमंत्री की वह पंक्ति भी है जो उन्होंने पुतिन को कहा था



**अवधेश कुमार**
पत्रकार

कि यह समय युद्ध का नहीं है। अगर पिछले बाली घोषणा पत्र को देखें तो वह रूस के विरुद्ध था और रूस से यूक्रेन खाली करने की आवाज उठाई गई थी। तुलना करें तो इस प्रश्न का उत्तर सामान्यतः नहीं मिलेगा कि भारत ने अमेरिका को कैसे यह प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए तैयार किया। सम्मेलन के पहले दिन दूसरे सत्र में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली घोषणा पत्र स्वीकार करने की घंटी बजाई तभी साफ हो गया कि भारत की कूटनीति सफल रही है। सम्मेलन आरंभ होने के एक दिन पहले तक यूक्रेन से लेकर जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, विकासशील और कमजोर देश को वित्तीय सहायता व सस्ते कर्ज उपलब्ध कराने ,साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहमति नहीं बन रही थी। घोषणा पत्र में यूक्रेन युद्ध से जुड़ा पैराग्राफ खाली छोड़ना पड़ा था। भारतीय प्रयासों ने रंग लाया और घोषणा पत्र में यूक्रेन युद्ध, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक असमानता ,आर्थिक चुनौतियां, हरित विकास, आतंकवाद, क्रिप्टो करेंसी, महिलाओं के उत्थान समेत वो सारे मुद्दे शामिल किए गए जिन्हें भारत ने तैयार किया था। इस एक पहलू से साफ हो जाता है कि अपनी अध्यक्षता में भारत ने किस तरह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, देशों के संबंध, राजनय, व्यक्ति के जीवन आदि से संबंधित भारतीय विचारों को लेकर पिछले एक वर्ष तक काम किया होगा। भारत के लगभग 60 शहरों में 220 से ज्यादा बैठकें जी 20 की हुई है। इस कारण भी यह इतिहास का सबसे विस्तारित, महत्वाकांक्षी और सफल सम्मेलन साबित हुआ क्योंकि इनमें कुल 112 परिणाम दस्तावेज व अध्यक्षीय दक्षतावेज तैयार हुए। पिछले इंडोनेशिया की राजधानी बाली के सम्मेलन में कुल 50 परिणाम व अध्यक्षीय दस्तावेज स्वीकृत हुए थे। इनमें 73 परिणाम दस्तावेज यानी आउटकम डॉक्यूमेंट हैं जो देश के विभिन्न शहरों में सदस्य देशों के मंत्रियों और अधिकारियों के ओर से बैठकों में बनी सहमति पर तैयार हुए हैं। ऐसा कोई विषय नहीं जिन पर बैठक नहीं हुई। जब भारत ने इसका नारा ही एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य दिया तथा इसके साथ वसुधैव कुटुंबकम जोड़ दिया तो फिर इसके परे कुछ हो ही नहीं सकता था। सच कहा जाए तो भारत ने जी 20 की न केवल कुछ बदली बल्कि इसे नया कलेवर दे दिया। निश्चय ही इसके सदस्य देशों के साथ अन्य देशों को भी इन शब्दों के भारतीय अर्थ समझाए गए होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने इंडिया की जगह भारत लिखा हुआ था। भारत नाम के वैश्विक स्वीकृति की ठोस नींव पड़ चुकी है। भारत शब्द के साथ विश्व यह मानने को विवश होगा कि हम लाखों वर्ष पूर्व के प्राचीनतम राष्ट्र हैं। इस नाते भी जी 20 सम्मेलन को इतिहास के अध्याय में याद किया जाएगा। भारत के लिए यह पहला अवसर था जब विश्व के सभी शक्तिशाली देशों के प्रतिनिधि तथा रूस, चीन और स्पेन को छोड़कर सारे राष्ट्र प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रमुख एवं सत्ता शीर्ष से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। भारत में स्वयं नौ देशों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। भारत के लिए भविष्य की महाशक्ति संभावना का विश्वास दिलाने का अब तक का सबसे बड़ा अवसर था और यह मानने में कोई हिचक नहीं है कि इस उद्देश्य को कल्पना से भी श्रेष्ठ तरीके से भारत ने प्राप्त किया है। भारत मंडपम देखने से ही भारत की सांस्कृतिक ,आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत के साथ आधुनिक ज्ञान विज्ञान की उपलब्धियां ,आर्थिक व सैनिक क्षमता, विविधताओं, राष्ट्र की अवधारणा, राष्ट्र - राज्य के रूप में भविष्य के उद्देश्यों की समझ आने वाली लायक झलक मिल रही थी। स्वयं प्रधानमंत्री कोणार्क के जिस काल चक्र के सम्मुख खड़े होकर सभी नेताओं का स्वागत कर रहे थे उसके दर्शन में ही संपूर्ण सृष्टि के संचालन का ज्ञान निहित है। राष्ट्रपति के रात्रि भोज में स्वागत करने की पृष्ठभूमि नालंदा विश्वविद्यालय की तस्वीर यह बताने के लिए थी कि जब विश्व आधुनिक शिक्षा पद्धति से अनभिज्ञ था तब भी भारत में व्यवस्थित विश्वविद्यालय थे जहां हर विषयों की शिक्षा थी और अलग-अलग देशों से छात्र यहां पढ़ने आते थे।

भारत ने इस सम्मेलन को महिमामंडित कर जैसी भव्यता और सुव्यवस्थित आयोजन बनाया वह अगले अध्यक्ष ब्राजील के लिए एक मानक बन गया है। यह स्वीकार करना होगा कि भारत ने अपने नेतृत्व में जी 20 का एजेंडा, लक्ष्य, सदस्यों की सोच को काफी हद तक बदलने में सफलता पाई है। वसुधैव कुटुंबकम यानी संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानकर विश्व व्यवस्था की रचना करने की दिशा में 55 सदस्यीय अफ्रीकन यूनियन को सदस्य बनाने में भारत को सफलता मिली, 125 विकासशील व गरीब देशों का सम्मेलन बुलाकर ग्लोबल साउथ या वैश्विक दक्षिण के एजेंडा को इसमें रखा गया। इस तरह भारत ने संदेश दिया कि अंतरराष्ट्रीय समस्याओं का समाधान ज्यादा लोकतांत्रिक तरीके से संभव है और इसमें छोटे -बड़े, संपन्न विकासशील और गरीब सभी देशों को सहभागी बनाया जाए ताकि उन्हें आभास हो कि विश्व व्यवस्था की रचना में उनकी भूमिका है। अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में मुख्य भूमिका निभाने वाले देशों से इनका संवाद एवं मिलन ही नहीं होगा तो असंतोष और गुस्सा पैदा होगा।

प्रधानमंत्री ने 15 द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। चीन भारत की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के विरुद्ध भारत काम कर रहा है। इटली की प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि वह इससे बाहर निकल रहा है। भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच संपर्क गलियारे को जल्द लॉन्च करने की घोषणा हुई। भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, फ्रांस, इटली, जर्मनी व यूरोपीय संघ के अन्य देशों तथा अमेरिका को शामिल करते हुए इस संपर्क गलियारे और बुनियादी ढांचे पर सहयोग की आधारभूमि बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस जलवायु सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरूआत की। इस बार वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की शुरूआत हुई। वैश्विक स्तर पर पेट्रोल के साथ एथेनॉल मिश्रण को बढ़ाकर 20% तक करने की अपील के साथ इसके सदस्य बनने की अपील की गई। बहुपक्षीय विकास बैंक से लेकर डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत संरचना आदि अनेक ऐसे बिंदु हैं जिनको उपलब्धियां के रूप में उल्लेखित किया जा सकता है।

# मोम का शेर

प्रेरक-प्रसंग

सदियों के दिन थे, अकबर का दरबार लगा हुआ था। तभी फारस के राजा का भेजा एक दूत दरबार में उपस्थित हुआ। राजा को नीचा दिखाने के लिए फारस के राजा ने मोम से बना शेर का एक पुतला बनवाया था और उसे पिंजरे में बंद कर के दूत के हाथों अकबर को भिजवाया, और उन्हे चुनौती दी की इस शेर को पिंजरा खोले बिना बाहर निकाल कर दिखाएं। बीरबल की अनुपस्थिति के कारण अकबर सोच पड़ गए की अब इस




समस्या को कैसे सुलझाया जाए। अकबर ने सोचा कि अगर दी हुई चुनौती पार नहीं की गयी तो जग हसायी होगी। इतने में ही परम चतुर, ज्ञान गुणवान बीरबल आ गए। और उन्होने मामला हाथ में ले लिया। बीरबल ने एक गरम सरिया मंगवाया और पिंजरे में कैद मोम के शेर को पिंजरे में ही पिघला डाला। देखते-देखते मोम पिघल कर बाहर निकल गया। अकबर अपने सलाहकार बीरबल की इस चतुराई से काफी प्रसन्न हुए और फारस के राजा ने फिर कभी अकबर को चुनौती नहीं दी। बुद्धि के बल पर बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाला जा सकता है।

नजरिया

# कुछ तो है जिसकी पर्दादारी है ?

राजधानी दिल्ली ने पिछले दिनों 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन में मेजबान की भूमिका निभाई। 1999 में गठित इस ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (टी20) के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले संगठन में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस , जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका , तुर्कि, यू-के,संयुक्त राज्य अमेरिका तथा यूरोपीय संघ जैसे 20 देश शामिल हैं। ॠ20 को बीस वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर्स के समूह के रूप में भी जाना जाता है जो कि विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स का एक संगठन है। इससे पूर्व 17वां जी-20 शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया के बाली में 15-16 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया था और अब 18वां जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन 9-10 सितंबर 2023 को दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ है। जबकि 2024 में 19 वें ॠ20 सम्मलेन अध्यक्षता ब्राजील के पास होगी। इस सम्मलेन का मुख्य मकसद वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रणालीबद्ध महत्वपूर्ण औद्योगिक और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना है। 9-10 सितंबर 2023 को दिल्ली में आयोजित हुये जी-20 शिखर सम्मेलन से पूर्व इसी वर्ष भारत ने अपने सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के 60 प्रमुख शहरों में भी जी-20 की 220 बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न कराकर अपनी सामर्थ्य व मेजबानी से पूरे विश्व को परिचित कराया है।



**निर्मल रानी**
स्तंभकार

**पश्चिमी देशों के कई प्रमुख अखबारों ने जहां जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन का जिक्र किया है वहीं इस आयोजन के मद्देनजर दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर कई इलाकों में झुग्गियों को गिराने के विषय को भी प्रमुखता से उठाया है।**

परन्तु पश्चिमी देशों के कई प्रमुख अखबारों ने जहां जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन का जिक्र किया है वहीं इस आयोजन के मद्देनजर दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर कई इलाकों में झुग्गियों को गिराने के विषय को भी प्रमुखता से उठाया है। अखबारों ने लिखा है कि किस तरह भारतीय अधिकारियों ने जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले गरीब बस्तियों को हटा कर दिल्ली के सौंदर्यीकरण का अभियान चलाया। इतना ही नहीं बल्कि वाशिंगटन पोस्ट ने तो अपने एक लेख में यह भी लिखा कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वैश्विक कार्यक्रम को अपने रिब्रांडिंग के लिए इस्तेमाल किया है। लेख में कहा गया- "देश भर में बिलबोर्ड पर प्रधानमंत्री का चेहरा चिपका दिया गया है। इसका संदेश सरल है-' दुनिया के शीर्ष नेताओं की मेजबानी करके, भारत एक विश्व शक्ति के रूप में उभरा है, और मोदी ही वो व्यक्ति हैं जो देश को वहां तक ले गए।' लेकिन सच्चाई थोड़ी अलग है। जी 20 की अध्यक्षता हर सदस्य देश को मिलती है। जैसे इंडोनेशिया को पिछले साल मिली थी." बाइडेन और पीएम मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के बाद तो एक अमेरिकी पत्रकार ने व्हाइट हाउस प्रवक्ता से अपना पहला ही सवाल दिल्ली में झुग्गियों को हटाए जाने पर पूछ लिया। अमेरिकी पत्रकार ने पूछा, -'बाइडेन-मोदी के बीच मुलाकात के संबंध में सबसे पहले मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या बातचीत में झुग्गियों पर बुलडोजर चलाए जाने को लेकर बात हुई? क्या राष्ट्रपति बाइडेन ने पूछा कि सुनिए...लोकतांत्रिक सरकारें ऐसा बर्ताव नहीं करती हैं?'

जानकारी

# हाथीदांत की कलाकृतियां



दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में हाथीदांत से बने भिन्न भिन्न खूबसूरत कलाकृतियां रखीं हुईं हैं। भगवान की दया से इन कलाकृतियों का अपार संग्रह इस संग्रहालय में उपलब्ध है। इन्हें देखकर ही संतुष्ट होने व इन्हें सहेजकर रखने की आवश्यकता है, क्योंकि हाथीदांत का व्यापार अब प्रतिबंधित है। इस कारण अब यह कला लुप्त हो चुकी है। संग्रहालय के सजावटी कला गलियारे में हाथीदांत से बने सूक्ष्म से लेकर विशाल आकार की कलाकृतियां रखीं हुईं हैं। यूं तो हर एक कलाकृति बेहद खूबसूरती से बनी हुई है, इनमें मेरी पसंदीदा कलाकृतियां है-हाथीदांत में बनी भगवान विष्णु के दशावतारों की गढ़ी व रंगी सुन्दर प्रतिकृतियां हाथीदांत की नक्काशीदार डिबिया नक्काशीदार हाथीदांत द्वारा बनाया गया मंदिरएक एक कलाकृति बेहद नाजुक व महीन प्रतीत होती है मानो हाथ लगाने पर टूट जायेगी। परन्तु इतने वर्षों से इसे सहेज कर रखा गया है। इनमें से आपको कौन सी कलाकृति पसंद आई मैं जरूर जानना चाहूंगी।

# iPhone 15, 15 Plus डायनामिक आइलैंड के साथ भारत में लॉन्च

साइबर दुनिया

नई दिल्ली: iPhone 15 और iPhone 15 Plus को मंगलवार को Apple के 'Wonderlust' लॉन्च इवेंट में लॉन्च किया गया। दोनों हैंडसेट में पिछले साल के iPhone मॉडल की तुलना में कुछ हार्डवेयर अपग्रेड हैं। इनमें कंपनी का A16 Bion चिपसेट, डायनामिक



आइलैंड और 48-मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा शामिल है। ये सभी फीचर्स पिछले साल के Pro मॉडल्स पर उपलब्ध थीं। इस साल, Apple के सभी iPhone मॉडल USB Type-C पोर्ट से लैस हैं, जिससे वे अस्त्रस्त्र'ी के स्वामित्व वाले लाइटनिंग चार्जिंग पोर्ट के बिना आने वाले पहले हैंडसेट बन गए हैं।

**iPhone 15, iPhone 15 Plus की भारत में कीमत और उपलब्धता**

iPhone 15 के 128GB वेरिएंट की भारत में कीमत 79,900 रुपये है। इसका 256GB और 512GB स्टोरेज वेरिएंट क्रमशः 89,900 रुपये और 1,09,900 रुपये में उपलब्ध होगा। iPhone 15 Plus के 128GB, 256GB और 512GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमतें क्रमशः 89,900 रुपये, 99,900 रुपये और 1,19,900 रुपये हैं।

दोनों iPhones की भारत में प्री-बुकिंग 15 सितंबर, शाम 5:30 बजे से शुरू होगी और ये 22 सितंबर से खरीदने के लिए उपलब्ध होंगे।

वहीं, अमेरिका में iPhone 15 की कीमत $799 (लगभग 66,300 रुपये) से शुरू होती है जबकि iPhone 15 Plus की कीमत $899 (लगभग 82,900 रुपये) है। कंपनी के मुताबिक दोनों फोन पांच कलर ऑप्शन में उपलब्ध होंगे, जिनमें ब्लू, पिंक, येलो, ग्रीन और ब्लैक शामिल हैं।

**iPhone 15, iPhone 15 Plus specifications and features**

iPhone 15 एक डुअल सिम (नैनो) स्मार्टफोन है, जिसमें अतिरिक्त सुरक्षा के लिए सिरेमिक शील्ड मटेरियल के साथ 6.1 इंच सुपर रेटिना XDR OLED डिस्प्ले मिलता है।

टॉप ट्वीट

"प्रधानमंत्री श्री मोदी का मध्यप्रदेश आगमन, नई उम्मीदों का सवेरा ले कर आया है। वे समस्त प्रदेशवासियों की ओर से श्री मोदी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। आज श्री मोदी द्वारा मध्यप्रदेश को न सिर्फ सौगातें मिलेंगी, बल्कि प्रदेश के विकास को नई गति और दिशा भी मिलेगी।"



**शिवराज सिंह चौहान**
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री

" मुझे नहीं पता कि कितने सालों के बाद हम दोनों मूवी डेट पर फिल्म जवान देखने के लिए गए। यह शानदार फिल्म है, मन प्रसन्न हो गया। शाहरुख खान हर फिल्म के साथ और भी अद्भुत होते जाते हैं। बहुत-बहुत बधाई। "



**सोनी राजदान**
फिल्म निर्देशक

संपादक के नाम पत्र

## पंजाब में नशे के खिलाफ सख्त हो सरकार

नशा नाश करता है ।पंजाब में इन दिनों नशे का कारोबार फलफूल रहा है ।सरकार और पुलिस की ढुलमुल नीतियों के कारण पंजाब में नशे कारोबारियों के हौसले बुलंद है ।पंजाब में नशे का कारोबार शबाब पर है ।लेकिन सरकार और पुलिस इस तरफ ध्यान नही दे रहे है ।इस तरह नशे का कारोबार चलता रहा तो नवयुवा बर्बाद हो जाएंगे ।पंजाब के किसान विश्व का पेट भरने के सक्षम है ।नशे में फंसे किसानों के लिए बडी आफत है ।नशे को खत्म करने के लिए अमृतसर में एक नौजवान सड़क पर उतर कर सरकार को जागृत करने की मुहिम छेड़ दी है ।अमृतसर में चौक चौराहे पर बैनर तले नशे के खिलाफ आवाज उठा रहा है ।लेकिन सरकार को कोई लेना देना नही है ।अमृतसर में वन मैन शो प्रदर्शन शुरू हो गया है ।इस मुहिम से सरकार नशे के कारोबारियों को पकड़ कर सजा कर सके ।लिहाजा,उस युवक ने ठान ली है कि जब तक नशे के कारोबारियों को सलाखों के पीछे नही धकेल देता हूँ ।सुकून से बैठ नही सकता हूं ।नशा के कारोबारियों को रोकने के लिए पंजाब में री हैबीटेशन सेंटर खोंलने की आवश्यकता है ।नशा से कई पीढियां बर्बाद होती है ।सरकार को सख्त रवैया अपनाना होगा ।पूर्व मंत्री मजीठिया ने आप विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप नेता और नशे कारोबारियों में सांठगांठ है ।पंजाब में नशे के खिलाफ ऐंटी ड्रग्स कमेटियां भी एक्टिव हो गई है ।गांवो में मुहिम तेज कर दी है ।सरकार की उदासीनता को दूर करने के लिए ये कमिटियां आग में घी का काम कर रही है ।नशे के कारोबारियों पर भी शिंकजा कसा जा रहा है ।पंजाब में नशे की रोकथाम नही की गई तो वो दिन दूर नही ,जब घर घर नशेड़ी मिलने शुरू हो जाएंगे ।सरकार इस तरफ ध्यान देकर नशे कारोबारियों की धरपकड़ कर उनकी जगह बताई जाए।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### खुखरा में गणेश पूजा को लेकर बैठक आयोजित

**पीरटांड** :पीरटांड प्रखड़ के खुखरा में गणेश पूजा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता पंकज कुमार मिश्रा ने की।वही बैठक में यह निर्णय लिया गया कि खुखरा में गणेश पूजा का आयोजन किया जाए जिसके लिए बैठक में रूप रेखा तैयार किया गया साथ ही कई मुद्दों पर विचार विमर्श भी किया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### डीलर की मनमानी पुरा विधानसभा में थमने का नाम नहीं ले रहा: गौतम

**बरकट्ठा** : बरकट्ठा प्रखंड के बरकनगांगो पंचायत के जतघघरा गाँव के सैकड़ो ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया।ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय डीलर 4 माह का राशन लगभग 300 किवंटल गबन कर लिए।हमलोग डीलर के घर चक्कर लगाते रहे।लेकिन डीलर ने एक न सुनी।आक्रोशित कार्डधारी को बात सुनकर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को होस उड़ गया ।डीलर की मनमानी नही चलेगी ,हमारी मांगे पूरी करो का नारा लगाया और के समर्थन में आवाज बुलंद किये।उन्होंने कहा कि पुरा विधानसभा में डीलर का मनमानी नही रुक रहा।अगर डीलर समया वधि में कार्डधारियों को राशन मुहैया नही करवाया तो इसकी सूचना हजारीबाग जिला खाद्यापूर्ती पदाधिकारी के साथ साथ उपायुक्त को भी भेजा जाएगा।समय पर मौजूद पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने भी अपनी बात रखे।मौके पर मुखिया बसंत साव,मुखिया निजाम अंसारी, अशोक कुमार,पिताम्बर नायक,दीपक कुमार,समाजसेवी सुदर्शन सोनी,सुरज कुमार साव,छोटीलाल रविदास,बीरेंद्र दास, राजकुमार दास, गुलजार दास,रोहित कुमार दास सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजुद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**हजारीबाग** :बड़कागांव थाना क्षेत्र के दोहर नगर बड़कागांव निवासी महावीर महतो के पुत्र देवनंदन महतो तथा देवरिया खुर्द केरेडारी निवासी कृष्ण यादव के पुत्र मुंशी यादव मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। तत्काल बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार के नेतृत्व में इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि देवरिया खुर्द निवासी मुंशी यादव हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से देवरिया से बड़कागांव आने के क्रम में बड़कागांव दोहर नगर के पास देवनंदन महतो को मोटरसाइकिल से जोरदार धक्का मारा जिसे उनके पैर टूट गया। वही मोटरसाइकिल चालक मुंशी यादव का माथा में गंभीर चोटे आई है। घटनास्थल से मुख्य संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ने दोनों घायलों को अस्पताल लाया गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों व्यक्ति खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

### डाढ़ा पंचायत बनेगा शिक्षा का हब

**हजारीबाग**: इचाक डाढ़ा पंचायत के मुखिया सुनीता देवी एवं समाजसेवी दयानंद कुमार ने पत्रकारों से कहीं की डाढ़ा पंचायत शिक्षा का हब बनेगा। श्रीमती मुखिया ने काही की हमारा पंचायत सुदूरवर्ती क्षेत्र में होते हुए भी शिक्षा के क्षेत्र में छात्र छात्राएं अलख जगा रहे हैं। हमारे प्रयास से मॉडल विद्यालय का सिफ्ट के साथ-साथ सुचारू रूप से पढ़ाई भी चालू किया जिससे प्रखंड के सैकड़ो छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। डाढा पंचायत के लुकुईया गांव में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लुकुईया का जीणोद्धार लाखों रुपया से विशेष प्रमंडल से स्वीकृति मिल गया है। बहुत जल्द विद्यालय को मॉडल बनाया जाएगा।

**घटना** पंचायत समिति सदस्य की निर्मम हत्याः ग्रामीणों ने की न्याय की मांग

# समिति सदस्य की हत्या को लेकर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग** : हजारीबाग बड़कागांव थाना क्षेत्र गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जोराकाठ में गोंदलपुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पत्नी सरिता देवी ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह बुधवार को शाम लगभग 6 बजे मेरे पति मोहन महतो जानवरों को बांधने के लिए चरही रोड के किनारे स्थित अपने पोल्ट्री फार्म गए थे। जब वह घर नही लौटे तो रात 8 बजे से फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया। फोन नही उठाने पर उनकी पत्नी ने गांव वालों को जानकारी दी जिसके बार रात भर गांव वाले ढूंढते रहे। परंतु कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। गुरुवार की सुबह शौच के लिए जा रहे ग्रामीण ने जोराकाठ के मांझी टोला में खेत में मोहन के शव को देख कर गांव वालों को सूचना दिया। सूचना पाते ही मोहन के परिजन सहित गांव वाले पहुंच गए। शव के पास दो मोबाइल बरामद किया गया है। मोहन के पैर में बिजली के करंट का निशान और चेहरे पर खून लगा हुआ है। मोहन के हत्या की सूचना सुन कर मोहन के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी को शव उठाने नही दिया। ग्रामीणों ने मांग किया कि हजारीबाग उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक आ कर लिखित रूप से मृतक की पत्नी को नौकरी और बच्चों के परवरिश के लिए मुआजवा दे तभी शव को उठाने देंगे। मोहन अपने पीछे बूढ़े पिता टीकू महतो, माता सालखो देवी, पत्नी सरिता देवी, बेटा आर्यन राज बेटी अंशिका तथा एक विधवा बहन को छोड़ गया है। मोहन परिवार का एक मात्र कमाऊ था।

मौके पर पहुंची बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाई। विधायक को देख कर मृतक की पत्नी लिपट कर रोने लगी। विधायक ने आश्वाशन दिया के निश्चित रूप से दोषियों को पकड़ कर करवाई की जाएगी। साथ ही विधायक ने आश्वाशन दिया के जो मदद हमारे तरफ से होगा करेंगे। मौके पर उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने कहा के अगर जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित होगा। पुलिस प्रशासन अपराध को रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मांग किया के जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन कर दोषियों पर करवाई किया जाए। पुलिस निरक्षक अनिल कुमार और थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। हर एक दृष्टि से छान बीन कर मामले का जल्द से जल्द उद्भेदन किया जाएगा।

## एमएसीपी स्वीकृति को लेकर आयुक्त ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग**: हजारीबाग सरकारी सेवकों के लिए मिलने वाली सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना के तहत महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत अराजपत्रित कर्मियों का एमएसीपी लाभ स्वीकृति मामला हेतू गुरूवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय कक्ष हजारीबाग में स्क्रीनिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा के द्वारा बैठक अध्यता की गई। उक्त बैठक में बाल विकास परियोजना अंतर्गत कार्यरत सांख्यिकी सहायक, लिपिक टंकक एवं आदेशपाल को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय एम.ए.सी.पी का लाभ प्रदान करने पर चर्चा की गई। एम.ए.सी.पी योजना के तहत लाभ स्वीकृति के मामले पर विचार करने के लिए स्क्रीनिंग समिति का गठन किया गया था। जिसमें आयुक्त के सचिव, उपनिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क, अवर सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल एंव जिला लेखा पदाधिकारी हजारीबाग शामिल रहे।

## झामुमो का सदस्यता अभियान सह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कावेद गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण समारोह सह कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य सह बड़कागांव विधान सभा प्रभारी संजीव बेदिया शामिल हुए। इस दौरान संजीव बेदिया को कार्यकताओं ने पारंपरिक तरीके से ढोल नगाड़े और गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। संजीव बेदिया ने कार्यक्रम के बीच अपने संबोधन में कहा की यह सदस्यता ग्रहण सह मिलन समारोह की आयोजन बालदेवरी, कावेद गांव की धरती पर की गई है और अब पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सहित हजारीबाग जिला तक सदस्यता अभियान की शुरूआत की डंका बज चुका है।

वेदिया ने बताया की मुख्यमंत्री हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही हर योजना जमीन तक पहुंच रही है। विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन विकलांगता पेंशन सभी को समय पर मिल रहा है। बेरोजगार लोगों को रोजगार से जोड़ना पारा शिक्षकों को स्थायी करना फूलो झानो योजना जन कल्याण योजना मुख्यमंत्री सृजन योजना सावित्रीबाई फुले योजना ऋण भुगतान आदि कई योजना है जो धरातल पर लागू है। झारखंड बने हुए 23 वर्ष होने चला है लेकिन सबसे ज्यादा राज्य करने वाला दल आजसू एवं भाजपा पार्टी है जिसने सरकार ने राज किया और यह पार्टी कंपनी के हाथों में हमलोगों को बेच दिया लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ही सिर्फ हक और अधिकार की लड़ाई लड़ता रहा और आगे भी लड़ाई जारी रखेगा। संजीव वेदिया ने कहा पांडू बालेदेवरी एवं कावेद गांव के लोग अब एकजुट हो जाओ आपकी सुरक्षा की बात होगी तो सबसे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा आपके साथ रहेगा ।

## एनटीपीसी के सौजन्य से स्थापित होगी खगोल विज्ञान प्रयोगशाला




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** हजारीबाग एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रेरण दीक्षित को 6.80 लाख रूपये का चेक सौंपा। इस चेक के माध्यम से हजारीबाग जिला में खगोल विज्ञान प्रयोगशाला की शुरूआत की जाएगी। खगोल विज्ञान में रूचि रखने वाले बच्चों को पढ़ाई में लाभ मिलेगा। एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु परियोजना प्रमुख प्रभारी ने चेक सौंपा एवं उप आयुक्त श्रीमती प्रेरण दीक्षित की इस पहल के लिए बधाई दी। एनटीपीसी देश में ऊर्जा पूर्ति के लिए कोयला निकालने के साथ-साथ प्रखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अभी हाल ही में भारत ने अंतरिक्ष में अपना पर्चम पुनः स्थापित कर दिखाया, चांद के दक्षिणी पोल पर पहली बार पहुंचने वाला पहला देश बन गया है। इस प्रयोगशाला का उद्देश्य है कि बच्चे रट के न पढ़े, बल्कि सीखें. बच्चे रटने की प्रवृत्ति को छोड़कर साइंटिफिक टेंपरामेंट लाएं। खगोल शास्त्र के अध्ययन से बच्चों में वैज्ञानिक टेंपरामेंट भी आएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रबंधन (नासा) की ओर से किए जाने वाले शोध और आविष्कार की जानकारी से बच्चे आकर्षित होते हैं। इस अवसर पर परियोजना के अपर-महाप्रबंधक सुभाष प्रसाद गुप्ता एवं अन्य जनों नें उपस्थित होकर कार्यक्रम सफल बनाया।

## नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का बड़कागांव में भव्य आगाज

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव** : बड़कागांव नमो फुटबॉल टूनार्मेंट बड़कागांव का भव्य शुरूआत प्लस टू उच्च विद्यालय खेल मैदान में अतिथियों द्वारा कीक मार कर की गई। इसके पहले अतिथियों का स्वागत बड़कागांव बरवाडीह से मोटरसाइकिल रैली तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ की गई। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया गया। खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अन्य राज्यों की तर्ज पर सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति होनी चाहिए जिसको लेकर पूर्व में भी सरकार को अवगत कराया जा चुका है आज राज्य में खेल संसाधन का अभाव है बावजूद बड़कागांव में सदर विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य आगाज काफी सराहनीय है आगे उन्होंने खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने पर बल दिया । वहीं विशिष्ट अतिथि मनीष जायसवाल ने कहा कि जिले भर में खेला जाने वाला फुटबॉल टूनार्मेंट बड़कागांव में सबसे भव्य है तथा बड़का गांव में प्रतिभावान खिलाड़ी हैं लेकिन उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नशा को त्याग कर खेल भावना के आधार पर अपने स्वास्थ्य में सुधार करते हुए प्रतिभा को निखारे तथा विभिन्न खेलों का आयोजन बड़कागांव में आयोजित कर एक नया प्लेटफॉर्म तैयार करें और अपने जीवन को सार्थक बनाएं।

**हिन्दी दिवस** विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में गुरुवार को

# हर्षोल्लास से मनाया गया हिंदी दिवस

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** :हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में गुरुवार को आईक्यूएसी के सहयोग व विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग की ओर से हर्षोल्लास से हिंदी दिवस मनाया गया। बता दें कि बीते एक सप्ताह से विश्वविद्यालय में राजभाषा सप्ताह मनाया जा रहा था, जिसका समापन भी गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के हाथों दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों में नलिन, निलेश, कोमल व प्रणव के द्वारा अतिथियों के स्वागत में गाए गए स्वागत गान ने सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात बीते एक सप्ताह से मनाए जा रहे राजभाषा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं सहित अन्य जानकारियां विश्वविद्यालय की सह प्राध्यापिका कुमारी काजल सोनी ने दी। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतवासियों को यह याद रखने की जरूरत है कि हिंदी भाषा की समृद्धि में ही हमारी जातीय संस्कृति और राष्ट्र की समृद्धि निहित है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने हिंदी को प्रेम के सद्भावना का सार बताते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी हमारी विशिष्ट पहचान का सूचक है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी अखंडता को बनाए रखा है।

हिंदी भाषा के कारण ही आज हम भारतवासी विविधता से एकता के सूत्र में बढ़े हैं। डॉ गोविंद ने कहा कि हिन्दी समृद्ध और वैज्ञानिक भाषा है, साथ ही ये संस्कार की भी भाषा है। यही वजह है कि भारत के अलावा दुनिया के कई देशों में हिन्दी कि जमीन मजबूत होती जा रही है।

यह संस्कारों से भरी हिन्दी भाषा देश के माथे की बिन्दी के समान है। कार्यक्रम के आखिर में निधि के महिषासुर मर्दनी भजन गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं हमारी पहचान है हिंदी कविता ने खूब तालियां बटोरी।बताते चलें कि विश्वविद्यालय में बीते 9 सितंबर से मनाए जा रहे राजभाषा सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता, श्लोक वाचन, कविता लेखन एवं प्रस्तुति, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी, जिनके विजेताओं को कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के हाथों पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में रेणु कुमारी, अमन गुप्ता, मयंक सिन्हा, अंजली कुमारी, खुशी कुमारी, नलिन कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं।

## >>>> न्यूज फटाफट

### विधायक ने किया चाहरदिवारी का शिलान्यास



**हजारी्बाग**: इचाक बरकट्ठा विधानसभा विधायक अमित कुमार यादव ने प्लस टू उच्च विद्यालय तिलरा के चहारदिवारी का शिलान्यास किया। चाहरदीवारी का निर्माण डी एम एफटी मद से हजारों रुपया की लागत से होगा निर्माण। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास करना हमारा पहला प्राथमिकता है। हमारी योजना जन-जन तक पहुंचना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि मुकेश उपाध्याय, रजनी शर्मा, रवि शंकर भोला,रामचंद्र यादव,संतोष यादव, लालजी यादव,शंकर यादव,मनोज यादव,प्रकाश यादव, अनिरुद्ध उपाध्याय,जगरनाथ यादव, धनेश्वर ,दीपक गिरी, विनय, पंकज, शंकर, ज्ञानी ,लोकेश, नवलेश, वशिष्ट दास समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पूजा समिति के अध्यक्ष विजय शंकर,अर्जुन मेहता सचिव बने

**हजारीबाग** : हजारीबाग नगवां दुर्गा पूजा समिति का बैठक मुखिया विनय उर्फ बिनोद मेहता के अध्यक्षता में की गई जबकि संचालन प्रमुख प्रतिनिधि गणेश प्रसाद मेहता ने किया। सर्व सहमति से कमिटी का चयन किया है। संरक्षक विनय उर्फ बिनोद मेहता एवम जगदीश उर्फ मोदी मेहता, अध्यक्ष विजय शंकर प्रसाद उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद मेहता, सचिव अर्जुन मेहता, उपसचिव अरुण कुमार भगत, कोषाध्यक्ष बबलू मेहता एवं द्विवजेन्द्र मेहता। मुखिया विनय मेहता ने कहा कि दुर्गा पूजा बडा ही धूमधाम एवं लाइट से सुसज्जित एवं आकर्षक का केंद्र रहेगा। सदस्य कृष्णा मेहता, कैलाश मेहता ,अरुण कुमार ,नितेश कुमार, शंकर कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार ,अयोध्या प्रसाद ,प्रसादी मेहता, रमेश मेहता, गुलाब मेहता, रवि कुमार, अखिलेश मेहता, राजू कबाड़ी, समेत दर्जनों लोगों को सदस्य बनाया गया।

### ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक




**हजरीबाग** : हजारीबाग ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसएलपीएस, पंचायती राज एवं रुर्बन मिशन आदि विभागों की समीक्षा उपायुक्त के द्वारा की गई। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम पोटो हो खेल योजना के लिए प्रखंड स्तर पर खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने के कार्य में गति लाने का निर्देश उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को दिया। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना में जिला 15वें पायदान में है जो ना काफी है। उन्होंने कहा की इस योजना के विकास के लिए प्रखंड के वैसे विधालय जिनकी चहारदीवारी नहीं है वहां के आसपास के जगहों को चिन्हित कर बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड का निर्माण कर सकते है इसके लिए उन्होंने बीआरसी से बैठक कर वैसे विद्यालयों का आकलन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने राज्यस्तर से संचालित योजनाओं पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा मजदूरों का मास्टर रोल में ऐप के माध्यम इंट्री कार्य, सक्रिय मनरेगा मजदूरों का आधार सीडिंग कार्यों का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 23/24 के वृक्षारोपण हेतू प्रखंडवार द्वितीय चरण की स्थिति की जानकारी ली। मनरेगा के तहत जल संरक्षण संवर्धन से संबंधित योजनाएं धरातल पर उतरे एवं लोग लाभान्वित हो इसके लिए आम लोगों की भागीदारी एवं सामुदायिक जिम्मेवारी के माध्यम से योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए कहा। वही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए लाभुकों को कार्य में तेजी लाने के लिए क्षेत्र भ्रमण करने एवं किस्तों का भुगतान समय पर करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया।

### अपने गुणों के कारण हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है

**हजारीबाग** : हजारीबाग 14 सितंबर 2023 को डॉ0 केदार सिंह की अध्यक्षता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के हिंदी विभाग में हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। फारसी विभाग संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ॰ सरवर अली ने कहा कुछ शब्दों का प्रयोग भाषा की पहचान नहीं होती भाषा की पहचान उसके व्याकरण से होती है वहीं प्रबंधन विभाग के प्राध्यापक डॉ॰ सरोज रंजन ने कहा जन जन तक पहुँचने की माध्यम भाषा निसंदेह हिन्दी ही है। अतिथि राजनीति विज्ञान के अवकाशप्राप्त विद्वान प्राध्यापक डॉ0 प्रमोद कुमार ने कहा कि हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि की विशेषताओं के कारण ही संविधान सभा की बैठक में बाबू रामनारायण सिंह ने हिंदी का समर्थन करते.हुए स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को जोड़ना भी आवश्यक है और यह काम हिंदी ही कर सकती है। डॉ॰ केदार सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हिंदी आज पूरे विश्व में रोजगार की भाषा के रूप में उभर रही है। विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ॰ के॰ के॰ गुप्ता ने स्वागत वक्तव्य में हिंदी को भारतीय संस्कृति की वाहिका बतलाते हुए हिंदी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की वहीं डॉ॰ राजू राम ने मजहबी एवं भाषिक विविधता के बावजूद राष्ट्रीय एकता के लिए हिंदी को समर्थ एवं संपन्न भाषा कहा। डॉ0 सुनील कुमार दुबे ने आँकड़ों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि हिंदी का वैश्विक प्रसार अंग्रेजी एवं मंदारिन की तुलना में तीव्र गति से हो रहा है। इस अवसर पर विभागीय शोधार्थी विनय कुमार, रंजन कुमार, मुकेश राम प्रजापति, सुकुल कुमार, राधेश्याम, प्रियंका कुमारी, राजेश कुमार, रूपलाल कुमार, वंदना कुमारी, दयानंद कुवंर, सुजाता कुमारी, राधासागर महथा, सर्वजीत कुमार, भारतेन्दु शर्मा एवं तृतीय समसत्र के विद्यार्थी सौरव मिश्रा, रानी कुमारी, रुक्मिणी कुमारी, रूपा कुमारी, प्रीति कुमारी, शुभम मिश्रा, बलराम कुमार, प्रियांका कुमारी, विजय कुमार, हिरामुनि नाग, सुलोचना कुमारी, दीपा कुमारी, नेहा रानी, सुलेखा कुमारी, सायमा नाज, रंजय कुमार और संस्कृत विभाग के विद्यार्थी शांतनु इत्यादि ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन विद्यार्थी गुलशन मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 राजू राम ने किया।

### हिंदी बोलने में हिचकिचाना नहीं चाहिए गर्व से बोलना चाहिए कि हिंदी हमारी मातृभाषा है :निदेशक

**बरही** :बरही 14 सितम्बर हिंदी दिवस के अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा किस्वतंत्रता संग्राम के बाद, हमारे देश ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को अपनी राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसके बाद, हर साल हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1953 से हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हम सभी जानते हैं कि भारत एक विविध देश है, जहां अनेक भाषाएं, जातियां, और संस्कृतियां मिलती हैं। इतनी विविधताओं के बाद भी हिंदी भाषा वह माध्यम है जो हम सभी को एक साथ आने का और एकता के सूत्र में बंधने का रास्ता दिखाता है।

## प्रदेश >> अपडेट

### सीएचसी में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**चंदवा:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में शुक्रवार 15 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी ने बताया कि उक्त मेले में शुगर, बीपी, मोतियाबिंद, मलेरिया, फाईलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग, मानसिक रोग, गर्भवती महिलाओं कि जाँच, टीकाकरण तथा चिकित्सीय परामर्श एवं नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराया जाएगा।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**पलामू:** डीआरडीए सभागार में गुरुवार को हिंदी दिवस के अवसर पर जिला भूअर्जन पदाधिकारी कुमुदिनी टुडु की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला भूअर्जन पदाधिकारी ने कहा कि हिंदी भाषा को लुप्त होने से बचाने में हम सबकी सहभागिता होनी चाहिए। हिंदी की विकास के लिए हम सबको मिलजुल कर कार्य करने की आवश्यकता है। हिंदी भाषा का इतिहास बहुत प्राचीन है जिससे इसके इतिहास की गहराई का पता चलता है।सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन ने कहा कि हिंदी सभी भाषा को जोड़ने का कार्य करती है। भारत के विविधता में एकता का प्रतीक हिंदी है। हिंदी भाषा आज वैश्विक भाषा का रूप लेती जा रही है। वंही सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक कुणाल ने कहा कि हम सभी हिंदी भाषा मे ही कार्यालय कार्य करते आ रहे हैं। यह भाषा हमारे स्वभाव व स्वरूप के अनुरूप खरा उतरती है। दूसरे भाषा के अपेक्षा हम हिंदी भाषा मे सरल व सहज महसूस करते हैं। संगोष्ठी का धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय अधीक्षक मो शकील ने किया। संगोष्ठी में जिला भुर्जन पदाधिकारी,डीएसओ, कार्यालय अधीक्षक, सामान्य शाखा प्रभारी, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कालाबजारी करने वाले डीलर पर दर्ज होगा प्राथमिकी: संग्राम सिंह

**मेदिनीनगर:** पाटन में देवी समूह को अगस्त माह का एनएफएस की चावल 15 जुलाई 23 को डीएसडी के द्वारा दुकानों तक पहुचा दी गई है। लाभुक अगस्त माह की राशन दिलाने की गुहार लगाने हेतु प्रतिदिन सैकड़ो में प्रखण्ड कार्यालय तक पहुचने की लिखित शिकायत आ रही है। शिकायत को जांच हेतु बीडीओ मनोज तिवारी, एमओ सखिचन्द दास, तथा जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने संयुक्त रूप से बुधवार को नवादा पीडीएस विक्रेता श्री देवी स्वयं सहायता महिला समूह की दुकान की जाँच किया । जाँच के समय पीडीएस दुकान में चावल एक किलो भी नही मिला। जबकि डीएसडी के द्वारा 15 जुलाई को ही अगस्त माह का चावल 45 .50 क्विंटल भेजा गया था। चार दर्जन से अधिक कार्डधारी मुखदेव सिंह, मालती देवी, चंचला देवी, बिगन प्रजापति, आमना देवी, बिजय साव आदि ने बताया की अगस्त माह का राशन वितरण नही किया गया है।

### विश्व हिन्दी दिवस पर मयूरी ट्रस्ट एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन का संयुक्त कार्यक्रम

**गुमला:** मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा राजकीय कृत मध्य विद्यालय तिगरा में दिवस 14 सितंबर 2023 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी ओम प्रकाश दास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी देश की मातृभाषा है और यह भारत देश का गौरव है। भारत देश में विविधता देखी जाती है। लेकिन सभी विविधताओं के बावजूद हमारे देश की मातृभाषा हिंदी है। भारत देश के विभिन्न प्रदेशों में कई स्थानीय भाषाएं हैं सभी स्थानीय भाषाओं को मिलाकर भारत देश की मातृभाषा हिंदी को बनाया गया है।

**उपलब्धि** घाघरा प्रखंड के रूकी पंचायत स्थिति लालपुर गांव की रहने वाली

# सीता देवी पपीता की खेती से कमा रही हैं सालाना 70,000 रूपये से 80,000 रूपये



राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** घाघरा प्रखंड के रूकी पंचायत स्थिति लालपुर गांव में रहने वाली सीता देवी ने अपने जीवन को सफलता की ओर मोड़ दिया। उन्हें उद्यान विभाग द्वारा उद्यान विकास योजना के तहत 2021 में पपीता के पौधे दिए गए, साथ ही उन्हें पौधे की देखभाल से संबंधित विभाग की ओर से आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण भी दिया गए। जिसके पश्चात सीता देवी ने अपने मेहनत से सभी पौधों को लगाया ,कुछ पौधे पानी की कमी से जीवित नहीं बचे, लेकिन सीता देवी की मेहनत और उनके संघर्ष ने इन्हें सफल बना दिया। आज, उनके 15 डिसमिल के क्षेत्र में 120 जीवित पपीता पौधे हैं, और हर पौधे से वे 25 से 30 किलो फल हार्वेस्ट करती हैं। सीता देवी के पास अब 3.5 टन के पपीते की पैदावार से 70,000 से 80,000 की आय होती है, जिसे वे घर बनाने और अपने बच्चों की शिक्षा के लिए खर्च कर रहीं है।
जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिली है साथ ही सीता देवी अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का श्रोत बनी है।

## अवैध बालू खनन संलिप्त लोगों पर होगी कार्रवाई: डीएमओ



राष्ट्रीय खबर :::03

**पलामूः** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले में अवैध बालू खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कार्रवाई की है। डीएमओ ने गुरूवार को सतबरवा थाने में अवैध बालू जप्त ट्रैक्टर के चालक,मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं संलिप्त व्यक्तियों पर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया। 12 सितंबर को अनुमंडल पदाधिकारी ने जप्त किया था अवैध बालू समेत ट्रैक्टर जिले में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर उपायुक्त द्वारा दिए गए। निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर के द्वारा सतबरवा थाना में 12 सितंबर को अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर जेएच 08 जी 8764 को पकड़ा था एवं थाने को सुपूर्द कर दिया था,बाद में अंचलाधिकारी सतबरवा के द्वारा इसकी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दी गयी ।

## हजारों लाभार्थियों को नहीं मिला दिसंबर माह का राशन : संदीप



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** जिले के पिपरा प्रखंड के हजारों लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत दिसंबर 2022 का फ्री वाला अनाज विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से नहीं मिल सका। जिससे इस योजना के लाभुकों में काफी अक्रोश है । एनसीपी नेता विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने बताया कि इसकी जानकारी एमओ और जिला आपूर्ती पदाधिकारी को देते हुए बीते दिसंबर माह के उक्त राशन का वितरण कराने की मांग भी किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा न तो राशन का वितरण कराया गया और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूछे जाने पर कई डिलरों ने बताया कि उक्त माह के चावल का काफी विलम्ब से होम डिलेवरी कराये जाने के कारण लाभार्थियों का अंगूठा नहीं लगने से राशन का वितरण नही हुआ है। इस वजह से उक्त माह के बचे राशन को अगले आबंटन में काट दिया गया। जिस कारण इसके लाभार्थियों को उक्त माह के राशन का वितरण नही किया जा सका। उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही की वजह से गरीबों को राशन से वंचित होना पड़ा है । उन्होंने कहा कि पिपरा सहित पूरे पलामू सुखाड़ अकाल की चपेट में है। इस दौरान गरीबों को राशन से वंचित करना बहुत ही गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि इस मामले को उपायुक्त पलामू से मिलकर रखेंगे और गरीबों को दिसंबर 2022 के गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन दिलाने तथा इसके दोषियों पर कार्रवाई की आग्रह करेंगे। बताया कि देश के लोकप्रिय पीएम नमो के द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान गरीबों को मुफ्त अनाज बांटने की शुरूआत अप्रैल 2020 में की गई थी। जो गरीबों के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ। किंतु कुछ अधिकारियों की लापरवाही से इस योजना के गरीब लाभार्थी लाभ से वंचित हो रहे हैं।

## मरम्मत के अभाव में दम तोड़ती सड़क



राष्ट्रीय खबर

**चंदवाः** गांव और शहर के विकास के लिए सड़क की अहम भूमिका होती है। एक तरफ सरकार गांवों और शहरों में चमचमाती सड़क बनाने की बात करती है, तो वहीं चंदवा शहर से सटे तिलईयाटांड जाने वाला मार्ग पिछले कई वर्षों से दयनीय हाल पर बना हुआ है। यह सरकारी दावे को उल्टे साबित कर रही है। प्रखंड के कई सड़क रख-रखाव व मरम्मत के अभाव में दम तोड़ चुकी है। यह सड़क आज पूरी तरह से टूटकर गड्ढे में तब्दील हो चुका है। इस जर्जर सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक व राहगीर आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। प्रशासन की उदासीनता से लोग काफी नाराज हैं। कहा जाता है कि सड़क किसी भी इलाके की विकास की पहली पहचान होती है। अच्छी सड़क आम लोगों की सरकार से पहली मांग भी होती है स्थिति यह है कि बारिश में सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई और इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। इस पथ से गुजरने वाली वाहनों को खतरों से खेलते हुए गुजरना पड़ता है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। पानी भरने के बाद ये गड्ढे काफी खतरनाक और जानलेवा बन गए हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो यह सड़क पिछले कई सालों से इसी हालत में खराब पड़ी हुई है। बारिश आने के बाद सड़क की स्थिति और जर्जर हो जाती है। स्थानीय निवासी अरशद खान, जावेद खान, नितीश कुमार, राहुल कुमार, दीपक कुमार ने कहा कि इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है। सड़क खराब रहने के कारण अक्सर यहां दुर्घटना भी होते रहती है। स्थानीय लोगों की ओर से बार-बार प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग भी की जाती है लेकिन, आज तक सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला।

## विधायक ने हैदरनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग

राष्ट्रीय खबर



**पलामूः** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पूर्व में भी हैदरनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग करते आए हैं। उन्होंने एक बार फिर हैदरनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार को पत्र लिख कर की है। उन्होंने कहा है कि हैदरनगर नगर पंचायत बनने की सभी अहताएं पूरी करता है। प्राचीन बाजार, रेलवे स्टेशन, प्रखंड कार्यालय, थाना, राज्य हाइवे, दो प्लस उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, अस्पताल के साथ साथ 20 हजार से अधिक आबादी, जिसमे हैदरनगर पश्चिमी, पूर्वी, बभंडी पंचायत के अलावा बगल की कुछ पंचायतों का भाग शामिल है। विधायक श्री सिंह ने कहा है कि आबादी के अनुसार हैदरनगर की जनता को नगरीय सुविधा मिलना जरूरी है। यह उनका अधिकार है। उन्होंने सरकार से अविलंब हैदरनगर को नगर पंचायत क्षेत्र का दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इसपर सरकार जल्द निर्णय नहीं लेती है तो सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करने का काम किया जायेगा।

**बैठक** गुरुवार को सदर प्रखंड के सभागार में

## विशेष ग्राम सभा आयोजित कर लाभुक का करें चयन: रामानंद

राष्ट्रीय खबर



**पलामूः** गुरुवार को सदर प्रखंड के सभागार में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सदर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर अनूप विलियम ने किया । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सदर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक उपस्थित थे । बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023-24 अंतर्गत लाभुकों के चयन के बारे में जानकारी प्राप्त की जिस पर पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चयन प्रक्रिया ग्राम सभा के माध्यम से होना है , इस पर उपाध्यक्ष ने तत्काल निर्देश देते हुए जल्द से जल्द विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर जरूरतमंद लाभुकों का चयन करने की बात कही । उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य सरकार ने किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन में प्रोत्साहित करने हेतु झारखंड मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का शुभारंभ किया है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना 2023 के अंतर्गत किसानों को 50% से लेकर 90% तक पशुपालन के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है। इस योजना का मुख्य मकसद किसानों की आय में बढ़ोतरी करना है। इसके अलावा अगर किसी प्राकृतिक आपदा या कम वर्षा के कारण किसानों की फसल को नुकसान होता है तो वह पशुपालन के माध्यम से अपना खर्चा निकालने में सक्षम हो सके इसीलिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना को शुरू किया गया है।
इस योजना के अंतर्गत किसान मवेशी यानी की गाय और भैंस का पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन आदि कार्य कर सकता है।इस योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों को पशु आवास हेतु पशु आवास का निर्माण निशुल्क, मनरेगा के द्वारा किया जाता है। पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम ने कहा की इस योजना के माध्यम से दुधारू गाय खरीदने, पशुशाला निर्माण, गाय बीमा एवं पशुपालन संभंधित उपकरण के लिए 50 प्रतिशत तक की सब्सिड़ी प्रदान की जाएगी। बकरी, सूकर एवं बत्तख चूजा पालन के लिए 75-90 प्रतिशत तक का अनुदान किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 सितंबर को सुआ एवं कौड़िया पंचायत ,18 सितंबर को सरजा एवं पोलपोल पंचायत, 20 सितंबर को ललहे एवं झाबर पंचायत, 21 सितंबर को चियांकी एवं जमुने पंचायत, 22 सितंबर को राजवाडीह एवं जोड़ पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन मुखिया एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जाएगा ।

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त ने लाभुकों के बीच किया आयुष्मान कार्ड का वितरण



**देवघर:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा आयुष्मान भव पहल का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो की आयुष्मान भव एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका मकसद देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच प्रदान करना है। यह पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता के मद्देनजर शुरू की गई है। इस अभियान के तहत आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान योजना से जुड़े सभी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर आयुष्मान मेले का आयोजन किया जाएगा। इस बाबत सदर अस्पताल में उपायुक्त विशाल सागर द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत आयुष्मान भव: पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मीडिया को जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा शुभारंभ किया गया है। आयुष्मान भव: एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका मकसद देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच प्रदान करना है। आगे उन्होंने कहा कि आयुष्मान भव: पखवाड़ा के तहत तीन कार्यक्रम यथा- आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेला एवं आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार 3 कार्यक्रम के तहत योग्य लाभुकों हेतु नए आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जाएगा व स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से घर घर जाकर लाभुकों के बीच कार्ड का वितरण कराया जाएगा। आयुष्मान मेला आयुष्मान भव: पखवाड़ा के तहत प्रत्येक हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र, में स्वास्थ्य संबंधी स्क्रीनिंग तथा टेली मेडिसिन की गतिविधि आयुष्मान मेला लगाकर उल्ड द्वारा की जाएगी, जिसमें प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र को आयुष्मान मेला निम्न तिथियों में लगाया जाना है। आयुष्मान सभा मे गांधी जयंती के दिन पखवाड़ा का विधिवत समापन किया जायेगा। इस सभा मे स्वास्थ्य सम्बंधी चर्चा, आयुष्मान के लाभ, आयुष्मान भव: पखवाड़ा के तहत उत्तम प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ० रंजन सिन्हा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डॉ युगल किशोर चौधरी, एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम नीरज भगत, डीसी सेल से उषा किरण एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

### स्कूलों में संयुक्त रूप से चलाया गया जागरूकता अभियान

**गुमला** :जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा द्वारा संत जेवियर्स हाई स्कूल रोशनपुर, सिसई, एवम आर. सी मिडिल स्कूल, रोशनपुर सिसई, गुमला में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया ।स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान 520 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया ।उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है इसके साथ हिट एंड रन एवम गुड समरितन के बारे मे बतलाया गया इसके साथ ही सड़क सुरक्षा के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तिका एवम पैंपलेट सभी छात्र एवम छात्राओ को बांटा गया।

### प्रवासी श्रमिक के पार्थिव शरीर को पैतृक निवास स्थान लाने के लिए परिवार जनों को दी गई सहायता राशि

**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी (भा०प्र० से०) द्वारा अन्तराजीय प्रवासी मजदूरों को सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना अन्तर्गत प्रवासी श्रमिक के पार्थिव शरीर को पैतृक निवास स्थान लाने हेतु आवश्यकतानुसार तत्काल सहायता के रूप में मृत प्रवासी श्रमिक के आश्रित बहन अनिता इन्दवार को रुपए 50000 (पचास हजार रूपया) मात्र का चेक सौंपा गया। विदित हो कि प्रवासी श्रमिक स्व० संतोष खडिया पिता-स्व० गणेश खड़िया ग्राम लाघुडेरा, पोस्ट- सुंदरीडीह, थाना- पालकोट, जिला-गुमला, झारखण्ड जिनकी मृत्यु गोवा से लौटने के दौरान ट्रेन में दिनांक-11/09/2023 हो गई थी, मृत्यु के पश्चात उनकी विवाहित बहन अनिता इन्दवार द्वारा उपायुक्त महोदय को अपने भाई स्व० संतोष खड़िया का शव पैतृक निवास स्थान पालकोट, गुमला लाने हेतु आवेदन दिया गया था। जिसपर उपायुक्त महोदय द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए श्रम अधीक्षक, गुमला को मृतक प्रवासी श्रमिक संतोष खड़िया के शव को पैतृक निवास स्थान लाघुडेरा, पालकोट, गुमला लाने का हेतु देय सहायता/अनुदान राशि उनकी आश्रित बहन को देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया प्राप्त आदेश के उपरान्त श्रम अधीक्षक, गुमला पुनीत मिंज एवं रफटउ, गुमला के विकास कुजूर द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई।

### आवासीय स्कूलों के बच्चों की होगी स्वास्थ्य जांच

**गुमला :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग जिले के सभी आवासीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करेगा। जांच में जिन छात्रों का स्वास्थ्य खराब पाया गया। उन्हें दवा देते हुए उनका इलाज किया जाएगा। इसे लेकर उपायुक्त के निर्देश पर सीएस डॉक्टर राजू कच्छप ने स्वास्थ्य जांच की जिम्मेवारी और स्कूलों की सूची हंस फाउंडेशन को सौंपी है और कहा है कि संलग्न सूची के अनुसार शेडयूल तैयार कर दो दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करें। ताकि उस रिपोर्ट को उपायुक्त के समक्ष प्रेषित करते हुए छात्रों के स्वास्थ्य जांच की प्रकिया आरंभ की जा सके। जानकारी के अनुसार उपायुक्त ने अपने क्षेत्र भ्रमण व विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के आलोक में पाया कि आवासीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का हेल्थ चेकअप जरूरी है। जिसके बाद उन्होंने चिकित्सकों के नेतृत्व में जांच टीम का गठन करने का निर्देश सीएस को दिया। जिसपर सीएस ने यह जिम्मेवारी हंस फाउंडेशन को सौंपी है। फाउंडेशन द्वारा जिले के 12 प्रखंडों के 25 आवासीय स्कूलों में जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।

### स्व. जगजीवन बरहा के आश्रित पत्नी को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी

**गुमला :** पूर्व में हुए जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में स्व० जगजीवन बरहा, हिन्दी टंकक, प्रखण्ड कार्यालय, गुमला के आश्रित पत्नी रीना तिर्की को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत आज बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय कक्ष में रीना तिर्की को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त के आलोक में अनुमंडल कार्यालय ,गुमला में तृतीय वर्ग ( लिपिक) के पद पर पदस्थापित की गई ।साथ ही उन्हे सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे ।

## शहर >> अपडेट

### मोटरसाइकिल की टक्कर मे युवक

सतगावां : थाना क्षेत्र के कलीडीह पेट्रोल पंप के समीप बुधवार को देर रात्रि दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर में दो युवक घायल होने गए। घायल युवकों की पहचान सतगावां थाना क्षेत्र के पूतोडीह निवासी सूरज कुमार (22 वर्ष) और गावां थाना क्षेत्र के ग्राम मंझने निवासी करण कुमार (उम्र 19 वर्ष) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सूरज कुमार अपने मोटरसाइकिल से बासोडीह की ओर से खुट्टा की ओर जा रहे थे जबकि विपरीत दिशा गावां की ओर से आ रहे करण कुमार के मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे दोनों घायल हो गए।

## सिटी अपडेट्स >>

### सीओ के नाम पर शिक्षिका को ठगने का प्रयास

कुडू : कुडू प्रखंड में इन दिनों मोबाइल पर लोगों से अधिकारियों और योजनाओं के नाम पर पैसो की मांग करने वाला एक गिरोह शक्रिय है। ताजा मामला प्रखंड के ग्राम कोलसिमरी टीला बगीचा का है जहां की एक शिक्षिका सुनीता कुमारी को फोन कर कुडू सीओ के नाम पर 20 हजार रुपए की मांग की गई। फोन करने वाले ने मोबाइल न 9279738546 से फोन कर सुनीता कुमारी को कहा कि अंचल कार्यालय से बोल रहा हूँ, आप पैसा इस नम्बर पर भेज दें या कार्यालय आकर सीओ साहब से मिलें। जिसके बाद सुनीता ने सारा मामला अपने घर मे बताया और अंचलाधिकारी प्रवीण सिंह से मिलकर सारी बात बताई। अंचल अधिकारी से इस संबंध में बात करने पर उन्होने बताया कि इससे पूर्व भी दो तीन लोगों द्वारा इस तरह पैसे मांगे जाने की शिकायत मिली है। ऐसे किसी से भी कोई पैसे की मांग कार्यालय से नही की गयी है। इस तरह फ्रॉड लोगों को एक रुपया देने की जरूरत नही है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हरितालिका तीज व्रत 17 सितंबर को

जयनगर : प्रखंड के गोहाल निवासी आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष सुहागिन स्त्रियां अपने अखंड सुहाग के लिए हरितालिका तीज व्रत 17 सितंबर को करेंगी एवं हरितालिका तीज व्रत का उपवास एवं पूजन दिन सोमवार 18 सितंबर को किया जाएगा। यह तिथि का मान्य दिन में 10.27 पर कर लेना है एवं चंद्र व्यापिनी के अनुसार इसी दिन वरद गणेश चतुर्थी व्रत का जो मान्य होगा। व्रत धारी के लिए चंद्र को अर्ध इसी दिन रात्रि में किया जाएगा एवं भगवान आदि गणेश की जो पूजन है वह दिन मंगलवार तिथि चतुर्थी हरेक पूजा पंडालों में गणेश उत्सव की कार्यक्रम एवं पूजन में 10:53 दिनांक 19 सितंबर को कर लेना है। क्योंकि सूर्य व्यापिनी के अनुसार चतुर्थी तिथि उदय कल में आपका 19 सितंबर को ही पड़ रहा है।

### विद्युत केंद्र में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

जयनगर : प्रखंड के केटीपीएस में 14 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन एवं हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में परियोजना के विभिन्न प्रभागों एवं अनुभागों के प्रमुख, तकनीकी तथा प्रशासनिक से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे। कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के वरीय महाप्रबंधक व परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने हिंदी दिवस समारोह दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। हिंदी पखवाड़ा का संचालन सुधीर कुमार साव ने किया। हिंदी दिवस समारोह पर अर्णव मित्रा, । हिंदी दिवस के अवसर पर भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा जारी राजभाषा प्रतिज्ञा का शपथ दिलाई गई।

**परेशानी** पड़ोसी के हरकतों से मजबूर होकर खुदकुशी का लिया फैसला

# समाहरणालय परिसर में आत्मदाह का प्रयास

- पड़ोसी ही पड़ोसी का बना जान का दुश्मन
- अदालत के तारीखों ने दिया नकारात्मक सोच को बल
- वक्त पर पहुंची पुलिस, बच गई मुद्दई की जान



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:**तिलैया थाना क्षेत्र के करमा निवासी एक व्यक्ति अपने पड़ोसी की प्रताड़ना से तंग आकर गुरुवार को डीसी कार्यालय के बाहर पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंच गया। सुबह करीब 11 बजे डीसी कार्यालय के बाहर अचानक एक व्यक्ति के द्वारा शरीर पर पेट्रोल छिड़कने और माचिस जलाने का प्रयास करते देख डीसी कार्यालय के बाहर तैनात पुलिसकर्मी ने दौड़कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा। इसके बाद पुलिस के द्वारा उसे सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया। डीसी कार्यालय के बाहर आत्मदाह करने पहुंचे व्यक्ति की पहचान करमा निवासी सुरेश दास (उम्र 45 वर्ष, पिता स्वर्गीय रूपलाल दास) के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सुरेश दास ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उनके पड़ोसी नारायण दास से कुआं की पानी निकासी को लेकर विवाद चल रहा है। जिसका मामला एसडीओ कोर्ट में भी पहुंचा था। लेकिन आज तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले नारायण दास ने करमा में आकर मकान का निर्माण किया।

इस दौरान उनके द्वारा नारायण दास को अपने कुएं से घर निर्माण में पानी दिया गया। घर बनने के बाद नारायण दास के द्वारा कुएं के समीप बने नाली को बंद कर दिया गया और कुआं को भी भरने की धमकी दी जाती है। सुरेश दास ने आरोप लगाया है कि नारायण दास और उसके परिवार के लोग उसे जान मारने की भी धमकी देते हैं। इस मामले को लेकर न्याय नहीं मिलने पर वह गुरुवार को आत्मदाह करने उपायुक्त कार्यालय के बाहर पहुंचा था। सदर अस्पताल में सुरेश दास ने कहा कि पड़ोसी के हाथों मरने से अच्छा खुद आत्मदाह कर लूं ताकि उनके परिवार को न्याय मिल सके।

## बीडीओ ने पोषण वाटिका लगाने का दिया निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार** : पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। गुरुगोष्ठी में सभी विद्यालयों में अध्ययनरत शतप्रतिशत छात्र-छात्राओं के जन्मप्रमाण पत्र निर्माण की क्रमवार जानकारी उन्होंने उपस्थित प्रधानाध्यापको से ली। प्रखंड क्षेत्र के 40 विद्यालयों के द्वारा जन्मप्रमाण निर्माण में लापरवाही बरतने पर कड़ी नाराजगी ब्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के निदेशों का अवहेलना बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने आगामी बैठक में शत प्रतिशत बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर जन्मप्रमाण निर्माण करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त गुरुगोष्ठी में आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के तहत कार्डधारकों को आयुष्मान भव योजना से जोड़ने एवं विद्यालय परिसर में खाली पड़ी जमीन पर पोषण वाटिका लगाने का निर्देश दिया। बैठक में बीईईओ घनश्याम साहू, बीपीओ मो.इकबाल, प्रधानाध्याक भागीरथ प्रसाद बक्सी, भूमिका कुमारीं बेदवंशी, टीकाराम महतो, कुमार कौशलेश सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## निर्माण कामगार यूनियन मजदूर अधिकार कन्वेंशन 20 को



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:**कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सी डब्लू एफ आई) एवं सीटू से संबद्ध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन का जिला स्तरीय मजदूर अधिकार कन्वेंशन 20 सितम्बर को झुमरीतिलैया में आयोजित होगा। कन्वेंशन का उदघाटन सीटू झारखंड के महासचिव विश्वजीत देव करेंगे। जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर सीडब्लूएफआई केन्द्रीय कमिटी सदस्य व निर्माण कामगार यूनियन के राज्य महासचिव संजय पासवान और सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति सम्बोधित करेगें। इसकी तैयारी को लेकर निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के गांवों, बस्तियों और टोलों में बैठकें आयोजित की जा रही है। इसी के तहत नगर पर्षद अंतर्गत झलपो में मजदूरों की एक सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता झलपो निवासी सहदेव दास ने किया। मजदूरों को सम्बोधित करते हुए मजदूर नेता और निर्माण यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि निर्माण मजदूरों को मिलने वाला अधिकार श्रम विभाग से नहीं मिल रहा है। झारखंड सरकार का पोर्टल सही से काम नहीं करने के चलते निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण नहीं हो रहा है। निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना हो जाने से मजदूरों को कोई मुआवजा नहीं मिल रहा है। महिला मजदूरों को मजदूरी कम मिलता है, वहीं कार्य स्थल पर इनका शोषण भी होता है। मजदूरों के बच्चों की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति भी नहीं दिया जा रहा है और न ही बिमारी की ईलाज की व्यवस्था है। ऐसे में अपने अधिकारों की रक्षा और शोषण के खिलाफ संघर्ष को तेज करने के लिए मजदूर अधिकार सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। बैठक में नारायण दास, दिनेश, मनोज, राजु दास, मुनिया देवी, संतोष दास, किसुन दास,गौरी देवी, गिरि देवी सहित दर्जनों महिला पुरूष मौजूद थे।

## पूर्व विधायक प्रकाश राम ने किया मिट्टी संग्रह



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** पूर्व विधायक प्रकाश राम गुरुवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रखंड के निंद्रा, काली,ढोटी और बैलगड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने सम्मानित स्वतंत्रता सेनानीयों के घरों से पवित्र मिट्टी संग्रहित की। प्रकाश राम सर्वप्रथम निंद्रा गांव स्थित शहीदों के स्मारक स्थल पंहुचे और वहां वीर शहीदों को नमन किया। स्वतंत्रता सेनानी एतवा टाना भगत के घर से मिट्टी और चावल लेने की शुरूआत की गयी। उनके वंशजो ने पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए अपने घरों से मिट्टी और चावल दिया। मौके पर प्रकाश राम ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोई सरकार है जो स्वतंत्रता सेनानियों की सुध ले रही है। दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका में लातेहार विधानसभा के पवित्र स्थल की मिट्टी को समर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने की। मौके पर शिवकेश्वर यादव, दीपक निषाद, राजेन्द्र यादव, संजीव आजाद, रविराज, शैलेश सिंह, रवि सिंह, मुखदेव गोप, राजू उरांव, बिनय कुमार रिक्की, मनीष गुप्ता, सूर्यनारायण साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत डूमारो पंचायत के काली, निंद्रा, बैलगड़ा और ढोटी गांव के भोला टाना भगत, बिरसा टाना भगत, शनि टाना भगत, साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, टिबारा टाना भगत, छोटेया टाना भगत और धोलवा टाना भगत के घर से मिट्टी उठायी गयी। उनके वंशजो के द्वारा चावल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले व्यक्ति के गांवों के पवित्र मिट्टी को संग्रहित किया जा रहा है।

## लंबोदर महतो का प्रयास लाया रंग



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार** : पेटरवार गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के पहल पर कार्य के संवेदक से वार्ता कर मृतक नरेश महतो की विधवा को आठ लाख रुपये मुआवजा दिलाया गया। इसके अलावे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी से बात कर सरकारी सहायता डेढ़ लाख रुपये दिलाने का भरोसा दिया। बता दे कि पेटरवार प्रखंड के कोह पंचायत अंतर्गत लेपो गांव निवासी स्व परणू महतो के पुत्र नरेश महतो (52 वर्ष) की मौत विगत 11 सितंबर को कार्य करने के दौरान महाराष्ट्र स्टेट के ठाणे जिला अंतर्गत भिवंडी में हो गयी थी। घटना की जानकारी पाकर बुधवार की रात्रि करीब दो बजे मृतक प्रवासी मजदूर के लेपो स्थित घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करते और संवेदक के साथ वार्ता कर बतौर मुआवजा 8 लाख रुपये दिलाया इस मौके पर जिला परिषद् सदस्य प्रहलाद महतो, कोह पंचायत के मुखिया राजेन्द्र रजवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**बैठक** जागरूक लोगों की पहल से होगा क्षेत्र का विकास सुधार

# विकास को लेकर लोगों ने की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** नगर परिषद अंतर्गत गुमो के वार्ड 19, 20, 21 और 22 के सक्रिय लोगों ने गुमो के सर्वांगीण विकास और किए जाने वाले अच्छे कार्यो को लेकर बासंती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता दिनेश सिंह ने की। बैठक में लोगों ने हर्ष जताते हुए इस प्रकार के बैठक के आयोजन की सराहना की और कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास, युवाओं को अच्छी प्रेरणा देने संबंधी और अन्य छोटी-बड़ी समस्याओं के निदान हेतु इस प्रकार की बैठक जागरूक लोगों ने आयोजित की है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में जागरूक लोगों के पहल से क्षेत्र का विकास और कुछ अच्छे कार्य होंगे। बैठक में लोगों ने कहा कि गुमो और डोईयाडीह घनी आबादी वाला क्षेत्र है। चौराही, गझंडी, भोंडो,अरागारो आदि गांव से जोड़ने वाला यह रास्ता गुमो चौक (बासंती दुर्गा मंदिर के समीप) पर मिलता है। इस चौक के आसपास विख्यात मंदिर है जहां श्रद्धालुओं की भीड़ हमेशा लगी रहती है और कई स्कूल स्थित हैं। हजारों की आबादी वाला इस चौक के आसपास के गांव से लोगों का आना-जाना होता है। जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में भी इस क्षेत्र को डेंजर जोन घोषित किया जा चुका था। क्योंकि पूर्व में इस मोड़ पर सड़क दुर्घटना से कई लोगों की मौतें हो चुकी है। एनएच द्वारा सड़क के निर्माण के बाद गाड़ियों की गति तीव्र हो गई है। ऐसी स्थिति में एक अंडर पास रोड का होना नितांत जरूरी है। इसके साथ ही कई समस्याओं को लोगों ने बैठक में रखा। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 19 सितंबर दिन मंगलवार को मंदिर प्रांगण में ही सुबह 8 बजे एक वृहत बैठक की जाएगी। जिसमें क्षेत्र के सांसद और विधायक को भी आमंत्रित किया जाएगा। उनके समक्ष क्षेत्र की समस्याओं के निदान हेतु अपील की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से मनोज कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संजय पांडे, सत्यदेव राय, आलोक पांडे, उमेश सिंह, बाली विश्वकर्मा, विनोद यादव, सिकंदर यादव, उपेंद्र वर्मा, राजू शर्मा, तपेश्वर शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### कृषि ऋण माफी योजना आयोजित



**कुडू :**ग्राम पंचायत पण्डरा, प्रखंड कुडू लोहरदगा में एक दिवसीय शिविर आयोजन किया गया झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, ड्रिप से जोडो अभियान एंव पी एम किसान योजना ।इस क्रायक्रम में मुखिया अमरनाथ महली, प्रभारी प्रखंड तकनिकि प्रबंधक ज्ञान साहु, कृषक मित्र मनकिशोर राम एंव किसान उपस्थित थे। प्रभारी प्रखंड तकनिकि प्रबंधक कुडू।

### भारत माता की प्रतिष्ठा और भक्ति है हिन्दी- डॉक्टर जितेंद्र बहादुर



**कोडरमा :** आज हिन्दी दिवस है। चहुं ओर हिन्दी की महता और खासियत की बयार बह रही है। आजाद मुल्क की फिजायें हिन्दी की मिठास से लवरेज जिंदगी में आम आवाम को इसे हर्दय से जीवन की धरा पर आत्मसात करने की चारों तरफ गूँज है। इस पावन मौके पर बातचीत के दौरान जिले के प्रतिष्ठित संस्थान रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जितेन्द्र बहादुर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सच मे भारत माता की प्रतिष्ठा और भक्ति है, हिन्दी । हिन्दी में सचमूच गजब की शक्ति है। हिन्दी भाषा मे सौंदर्य और शक्ति है , मन के भावों की सुंदर अभिव्यक्ति है। हिन्दी माँ की दुवाओ का संसार है, इसमे पिता का अनमोल प्यार है ।सगे संबंधियों से गहरे हैं रिश्ते इंसान का इंसान से मधुर व्यवहार है हिंदी । हिन्दी प्रेयसी से प्रेम का इजहार है, जीवन संगिनी से स्नेह और तकरार है, दोस्तों के संग है भरपूर मौज मस्ती हिन्दी है तो जिंदगी में सदाबहार है। हिन्दी दिवस पर अपनी प्रतिक्रिया वयक्त करते हुए इलाके की प्रखर लेखिका वीणा सिंह ने कहा कि हिन्दी जैसे हमारे भारत के माथे पर अदभुत, अलौकिक शक्ति से पूर्ण अपनी आभा चहुँओर बिखेरती बिंदी सरल सहज मधुर हिन्दी और सिर्फ हमारी मातृभाषा हिन्दी । हमारा मान सम्मान अभिमान पहचान विश्व गुरु भारत की शान है हिन्दी । वीणा सिंह की मानें तो हिन्दी हमारे मान और भाव की पहचान है।

### हिन्दी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**झुमरीतिलैया :** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए हिंदी दिवस मनाया। हिंदी हमारी मातृभाषा है और 14 सितंबर1949 को इसे आधिकारिक तौर पर राष्ट्र भाषा का दर्जा प्राप्त हुआ। उस दिन से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में इस दिवस को हिंदी दिवस के रूप में में मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी जिसमें दो अलग-अलग गानों पर आकृति व अन्नया के द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया। आकृति ने अपने नृत्य में हिंदी की महिमा बताई तो अन्नया ने 'सत्यम शिवम सुंदरम' के महत्त्व को दशार्ते हुए सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। आराध्या एवं सोनाक्षी ने युगल नृत्य के माध्यम से हिंदी के महत्त्व को समझाया। कृतिका ने हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है इसे दशार्ते हुए भाषण प्रस्तुत किया। मावरा जया, प्रेरणा व ख्याति ने अपनी कविता के माध्यम से हिंदी को सर्वश्रेष्ठ एवं जन-जन की भाषा बताया। कार्यक्रम में एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया जिसे नेहा एवं उनके साथियों ने प्रस्तुत किया। इस नाटक में बच्चों ने दिखाया कि किस तरह से हम हिंदी में अपने मन के भावों को अच्छी तरह से व्यक्त कर सकते हैं वैसा अन्य भाषाओं में नहीं।बच्चों ने हिन्दी दिवस पर सुंदर -सुंदर पोस्टर भी बनाए। मंच संचालन का कार्य प्रेरणा यादव ने किया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की क्रियाशीलता व प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अंगद कुमार मिश्रा, मिथिलेश कुमारी, मुकेश कुमारी, खुशबू कुमारी, श्वेता सिंह एवं निधि अम्बष्ट ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन




**चंदवारा :** गुरुवार को चंदवारा प्रखंड में युवा कार्यकारिणी और यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनिल दास और संचालन भोला कुमार पंडित संयुक्त रूप से किया। बैठक में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली, युवा कांग्रेस कोडरमा जिला प्रभारी गालिब इकबाल युवाओं को युथ जोड़ो, बूथ जोड़ों के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया व कहा कि आगामी 2024 का चुनाव को देखते हुए सभी युवा साथियों को एकत्रित होने की आवश्यकता है और केंद्र सरकार के गलत नीतियों का 2024 में मुंह तोड़ जवाब देना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, कांग्रेस कोडरमा जिला उपाध्यक्ष सह चंदवारा प्रखंड मीडिया प्रभारी संजय कुमार दास, युवा कांग्रेस चंदवारा प्रखंड उपाध्यक्ष भोला कुमार पंडित समेत कई लोग उपस्थित थे।

### भाकपा अंचल कमिटी चंदवारा की बैठक

**कोडरमा :** चंदवारा में कामरेड पुरुषोत्तम यादव की अध्यक्षता में भाकपा अंचल कमिटी चंदवारा की बैठक की गई। अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बैठक में 25 सितंबर 2023 को जिला सदर अस्पताल के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की तैयारी पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि कोडरमा जिले में जिला प्रशासन के सहयोग से निजी क्लीनिक फल फूल रहा है जिसके कारण आम आवाम गरीब जनता को मोटी रकम में जेब ढीली करने पड़ती है। भाकपा जिला परिषद कोडरमा ने सदर अस्पताल कोडरमा के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का आयोजन किया है।

## न्यूज फटाफट

### डेविस कप के लिये भारतीय टीम घोषित



**लखनऊ :** मोरक्को के खिलाफ 16 सितंबर से यहां शुरू होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबले के लिये भारतीय टीम की घोषणा गुरूवार को कर दी गयी। भारत के नान प्लेयिंग कैप्टन रोहित राजपाल ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय टीम मे देश के शीर्ष क्रम के एकल खिलाड़ी सुमित नागल और दिग्गज रोहन बोपन्ना के अलावा शशिकुमार मुकुंद, दिग्विजय प्रताप सिह और युकी भांबरी को जगह दी गयी है। उन्होने बताया कि शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में मेन ड्रा निकाला जायेगा, उससे एक घंटे पहले तक टीम में रद्दोबदल की गुंजाइश बनी रहेगी। उन्होने कहा कि रैंकिग में कमजोर दिखने वाली मोरक्को को हल्के में लेने की भूल उनके खिलाड़ी कतई नहीं करेंगे। बोपन्ना हाल ही में अमेरिकी ओपन के युगल मुकाबले के रनरअप रहे है और उनकी फार्म जबरदस्त है वहीं सुमित नागल से भी भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं। उनकी टीम पूरी तरह से मैच के लिए तैयार है। उधर मोरक्को के कप्तान मेहदी ताहिरी ने कहा कि उनके देश में आए भूकंप ने उनकी पूरी टीम को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे समय में घरों से दूर रहकर खेलना बहुत मुश्किल है।

### भूटिया की हमरो सिक्किम पार्टी का एसडीएफ में विलय होगा



**गंगटोक** : फुटबॉलर से राजनेता बने बाईचुंग भूटिया ने कहा है कि उनकी 'हामरो सिक्किम पार्टी' (एचएसपी) का पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग के सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में जल्द विलय होगा। श्री भूटिया ने उन अटकलों का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि वह 19 सितंबर एसडीएफ में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, ''यह सच है कि मैं एसडीएफ में शामिल होने जा रहा हूं, लेकिन 19 सितंबर को नहीं, कोई और तारीख हो सकती है।'' श्री भूटिया अपनी पार्टी के सदस्यों के उनके साथ जाने के सुझाव को मानते हुए सामूहिक रूप से एसडीएफ में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हम एसडीएफ में चामलिंग के सिक्किम बचाओ अभियान को आगे बढ़ाएंगे।'' उन्होंने वर्तमान सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के कथित तौर पर मामलों को संभालने के तरीके पर निराशा व्यक्त की। वह राज्य में 'परिवर्तन' की प्रत्याशा में पिछले 2019 चुनावों के दौरान एसकेएम का समर्थन करने के लिए सिक्किम की जनता से माफी की पेशकश भी कर सकते हैं। आगामी 22 सितंबर को एसडीएफ अपने पार्टी प्रमुख चामलिंग का जन्मदिन पार्टी 'गरीबी उन्मूलन दिवस' के रूप में मनाती है और संभवत: इसी दिन श्री भूटिया जब एसडीएफ में शामिल होकर उसका हिस्सा बन सकते हैं।

### सोनी स्पोर्ट्स ने एशियाई खेल अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली :** एशियाई खेलों के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने 19वें एशियाई खेल हांगझोऊ 2022 से पहले भारत में एशियाई खेलों के इतिहास में सबसे भव्य अभियान शुरू किया है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ डिफेंस स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान और प्रभावशाली हस्तियों के एक प्रभावशाली लाइनअप से समर्थन प्राप्त किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि 'इस बार सौ पार, फिर से, हम होंगे कामयाब का संदेश भारत के हर कोने में गूंजे।' इस रणनीति से यह स्पष्ट है कि एकजुट भारत, एक स्वर में जयकार करते हुए, अपने एथलीटों को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक प्रेरित कर सकता है। 19वें एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीमें पहली बार एशियाई खेलों में भाग लेंगी, जिसमें रुतुराज गायकवाड़ पुरुष और स्मृति मंधाना भारतीय महिला टीम की कमान संभालेंगी। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा भाला फेंक में भारत के शीर्ष पदक उम्मीदों में से एक होंगे, जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी खिताब की प्रबल दावेदार हैं।

**उपलब्धि** न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी धमाकेदार बल्लेबाज़ी से

# बेन स्टोक्स ने वनडे क्रिकेट में 3,000 रन का आंकड़ा पार किया

- मैच के दौरान स्टोक्स ने बल्लेबाज़ों की जमकर बखिया उधेड़ी
- महज़ 124 गेंदों पर नौ छक्के एवं 15 चौकों की मदद से 182 रन की पारी खेली

एजेंसियां

**लंदन :** इंग्लैंड के धाकड़ ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी धमाकेदार बल्लेबाज़ी से एक दिवसीय मैचों में 3,000 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अनुभवी ऑलराउंडर ने पिछले साल एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया था, लेकिन हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कौंसिल (आईसीसी) क्रिकेट विश्व कप में अपनी टीम की मदद करने के लिए उन्होंने एकदिवसीय के लिए फिर से वापसी की है।



मैच के दौरान स्टोक्स ने बल्लेबाज़ों की जमकर बखिया उधेड़ी और महज़ 124 गेंदों पर नौ छक्के एवं 15 चौकों की मदद से 182 रन की पारी खेली।

वह 146 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से स्ट्राइक कर रहे थे। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और डेविड मलान 95 गेंदों में 96 रन (12 चौके और एक छक्का) के साथ तीसरे विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी की और कप्तान जोस बटलर 24 गेंदों में 38 रन (छह चौके और एक छक्का) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। जिससे इंग्लैंड 48.1 ओवर में 368 रन तक पहुंच गया। अपने लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम केवल 39 ओवर में 187 रन पर ढेर हो गई। वोक्स (3/31) और लिविंगस्टोन (3/16) न्यूजीलैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। टॉपले को दो, कुरेन और मोईन अली को एक-एक विकेट मिला।

स्टोक्स को 'प्लेयर ऑफ द मैच'का पुरस्कार मिला। इंग्लैंड एक मैच बाकी रहते हुए सीरीज में 2-1 से आगे है। स्टोक्स ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में इंग्लैंड के खिलाड़ी जेसन रॉय (180) के पिछले सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया। उन्होंने अब तक 108 वनडे मैचों में 40.50 की औसत से 3,159 रन बनाए हैं। उनके रन 96.36 की स्ट्राइक रेट से आए हैं। उन्होंने 93 पारियों में चार शतक और 22 अर्धशतक बनाए हैं। जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 182 है।

## बारिश के कारण श्रीलंका-पाकिस्तान मैच शुरू होने में विलंब




एजेंसियां

**कोलंबो :** श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच एशिया कप सुपर फोर चरण के मुकाबले में गुरुवार को बारिश बाधा बन कर सामने खड़ी हो गयी है जिसके चलते मैच निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सका है। आर प्रेमदासा स्टेडियम पर बादलों के जमघट के कारण रोशनी बेहद कम हो चुकी है जिसके कारण फ्लड लाइट्स को समय से पहले रोशन कर दिया गया है। रिमझिम बरसात के बीच समूचे मैदान को कवर किया जा चुका है। बारिश के कारण टास भी अब तक संभव नहीं हो सका है। दोनो टीमें ड्रेसिंग रूम में बारिश थमने और मौसम के साफ होने का इंतजार कर रही हैं। भारत के साथ रविवार को खेले जाने वाले फाइनल मैच में दूसरी टीम का फैसला आज के मैच से सामने निकलेगा। पाकिस्तान और श्रीलंका में जो टीमे इस मुकाबले को जीतेगी,वह रविवार को भारत के खिलाफ एशिया कप का फाइनल खेलेगी और यदि बारिश के कारण मैच रद्द होता है तो श्रीलंका बेहतर रन औसत के आधार पर स्वतः फाइनल में पहुंच जायेगी। भारत सुपर फोर चरण में पाकिस्तान और श्रीलंका को हरा कर पहले ही फाइनल में पहुंच चुका है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह के चोटिल होने के कारण उनके स्थान पर जमान खान को शामिल किया गया है। यदि वह आज अंतिम एकादश में स्थान बना पाते है तो यह उनका पदार्पण मैच होगा।

## चोट के कारण पृथ्वी शॉ लम्बे समय के लिए क्रिकेट से हुए दूर

एजेंसियां

**मुंबई:** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी पृथ्वी शॉ घुटने की चोट से जूझने के कारण लंबे समय के लिए क्रिकेट के मैदान से दूर हो गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के मुताबिक पृथ्वी को चोट से उबरने के लिये तीन-चार महीने लग सकते है, इसका मतलब यह है कि वह निश्चित रूप से भारत के 2023-24 घरेलू सीज़न का एक बड़ा हिस्सा चूक जाएंगे जो एक अक्टूबर को राजकोट में ईरानी कप के साथ शुरू होने वाला है। शॉ को डरहम के खिलाफ एक दिवसीय चैम्पियनशिप मैच में नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलते समय चोट लगी थी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि पृथ्वी शॉ तीन-चार महीनों के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे। इस दौरान वह रिहैब में रहेंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, पृथ्वी के



चोटिल होने के बाद एमआरआई की गई। इसमें पता चला कि उनके लिगामेंट में इंजरी है। फिलहाल मेडिकल टीम शॉ के इलाज को लेकर सभी संभावित विकल्पों पर विचार कर रही है और सर्जरी ही आखिरी विकल्प होने की संभावना है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक अधिकारी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया कि शॉ 16 अक्टूबर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में नहीं खेलेंगे।


## खेल जगत अपडेट्स »

### टेनिस के उत्थान के लिये सेंटर आफ एक्सीलेंस समय की जरूरत: राजपाल



**लखनऊ :** देश में प्रतिभावान टेनिस खिलाड़ियों की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुये भारतीय डेविस कप टीम के नान प्लेयिंग कप्तान रोहित राजपाल ने सेंटर आफ एक्सीलेंस की जरूरत पर बल दिया। डेविस कप विश्व ग्रुप-2 में मोरक्कों के खिलाफ 16 सितंबर से शुरू होने वाले मुकाबले से पहले पत्रकारों से बातचीत में राजपाल ने गुरुवार को कहा कि टेनिस के क्षेत्र में प्रतिभाओं की आज भी कोई कमी नहीं है मगर जरूरत इन प्रतिभाओं को दिशा दिखाने की है जिसके लिये एक्सीलेंस सेंटर कारगर साबित हो सकते हैं। इस बारे में केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय से आइटा के अधिकारी बातचीत कर रहे हैं। उन्होने कहा कि एक्सिलेंस सेंटर जैसी सुविधा के बिना ज्यादा खिलाड़ी विश्व स्तर पर कमाल नहीं दिखा पा रहे हैं। एक समय में विजय अमृतराज,महेश भूपति,लियेंडर पेस और सानिया मिर्जा का विश्व टेनिस में काफी नाम था मगर आज देश में टेनिस के स्तर में गिरावट आयी है जो निश्चित रूप से इस खेल को पसंद करने वालों को चिंता में डालने वाला है, इसके लिये हमें तत्परता से कदम उठाने होंगे। सेंटर आफ एक्सीलेंस इस दिशा में महती भूमिका निभा सकता है। टेनिस दिग्गज ने कहा कि आज टेनिस बहुत ज्यादा पेचीदा और विशेषज्ञता वाला खेल हो गया है ऐसे में हमें भी अपनी तैयारी उसी स्तर पर करनी है। इसके लिये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर पर पैसा खर्च करने से कुछ नहीं होगा बल्कि हमे आज के जमाने की टेनिस खेलने के लिये प्रशिक्षण पद्धति में भी फेरबदल करनी होगी। राजपाल ने कहा कि अब पूर्वी यूरोप और दूसरे देशों को तर्ज पर हमें काम करने की जरुरत है। कुछ दशक पहले तक टेनिस में अमेरिका और स्वीडन का डंका बजता था मगर आज यूरोप के देशों ने यह जगह ले ली है।


## जवान ने सात दिनों भारतीय बाजार में 366 करोड़ रूपये की कमाई की



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म जवान ने सात दिनों में भारतीय बाजार में 366 करोड़ रूपये की कमाई कर ली है। एटली के निर्देशन में बनी शाहरुख खान की जवान 07 सितंबर को प्रदर्शित हुयी थी। फिल्म जवान को लेकर लोंगो में एक अलग ही क्रेज बना हुआ है। फिल्म को रिलीज हुए सात दिन हो चुके हैं। फिल्म जवान में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। जवान ने कई फिल्मों का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारत में जवान का कुल कारोबार करीब 366 करोड़ रूपये हो गया है।जवान न सिर्फ भारत में बल्कि विदेश में भी खूब धमाल मचा रही है। गौरी खान और शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म जवान को प्रोड्यूस किया गया है। जवान में शाहरुख खान के साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर और रिद्धि डोगरा भी शामिल है।

## रणदीप हुड्डा के सैड रोमांटिक ट्रैक 'जोहराजबीं' का टीजर रिलीज




एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा के सैड रोमांटिक ट्रैक 'जोहराजबीं' का टीजर रिलीज हो गया है। रणदीप हुड्डा ने अपने सैड रोमांटिक ट्रैक 'जोहराजबीं' का टीजर रिलीज कर दिया है। रणदीप हुड्डा ने सोशल मीडिया पर गाने का टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ह्यप्यार पूरा हो या अधूरा..प्यार तो प्यार होता है। इस गाने में रणदीप के साथ 'बिग बॉस 16' फेम प्रियंका चाहर चौधरी नजर आएंगी। जानी के लिखे इस गाने को बी प्राक ने गाया है। पूरा गाना15 सितंबर को रिलीज होगा। जोहराजबीं के टीजर में रणदीप एक दिल टूटे आशिक बने हैं। रणदीप कभी अपने हाथ में बोतल फोड़ते तो कभी हीरोइन के पुतले को आग लगाते दिख रहे हैं।

## शाहरूख खान ने जवान देखने के लिये सोनी राजदान और महेश भट्ट को दिया धन्यवाद

एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान ने उनकी फिल्म जवान देखने के लिये सोनी राजदान और उनके पति महेश भट्ट को धन्यवाद दिया है। सोनी राजदान ने सोशल मीडिया पर महेश भट्ट के साथ एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्हें एक थिएटर में बैठे और सेल्फी के लिए मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। फोटो के साथ सोनी ने लिखा, मुझे नहीं पता कि कितने सालों के बाद हम दोनों मूवी डेट पर फिल्म जवान देखने के लिए गए। यह शानदार फिल्म है, मन प्रसन्न हो गया। शाहरुख खान हर फिल्म के साथ और भी अद्भुत होते जाते हैं। बहुत-बहुत बधाई। शाहरुख खान ने इस पोस्ट के जवाब में लिखा, धन्यवाद मैडम, सर को भी मेरा प्रणाम। अब मैं जल्द ही और फिल्में करूंगा ताकि आप लोग अक्सर ऐसी डेट पर जा सकें।



## राघव चड्ढा की दुल्हनिया बनने को तैयार हैं परिणीति चोपड़ा

एजेंसियां

**मुंबईः** परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा कथित तौर पर 24 सितंबर को एक भव्य गंतव्य विवाह समारोह में शादी के बंधन में बंधेंगे। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित शादियों में से एक, परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा इस महीने शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस साल की शुरूआत में दोनों ने पहली बार डेटिंग की अफवाहें उड़ाईं और मई में अपने करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में सगाई कर ली। कथित तौर पर, परिणीति और राघव इस महीने के अंत तक राजस्थान में एक ग्रैंड डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे।



परिणीति और राघव के बड़े दिन से पहले तारीख, थीम और स्थान सहित शादी का विवरण सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की शादी को करीब दो साल हो गए हैं। जब दोनों के रिलेशनशिप की खबरें आयी तब हर कोई हैरान था कि आखिर कैटरीना कैफ कैसे विक्की कौशल को डेट कर सकती है। कैटरीना कैफ बॉलीवुड की एक बड़ी एक्ट्रेस थी। सलमान खान और रणबीर कपूर जैसे बॉलीवुड में राज करने वालों के साथ उनका रिलेशनशिप रहा था। अब वह आखिर विक्की कौशल के साथ कैसे थी? इस बात से हर कोई हैरान था।

## अरविंद अकेला कल्लू का गाना दिल हमारा टूटल रिलीज

एजेंसियां

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का दर्द भरा गाना दिल हमारा टूटल रिलीज हो गया है। दिल हमारा टूटल रिलीज गाना टी- सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है,जो बेहद भावुक करने वाला है। इस गाने में कल्लू रो-रो कर अपने टूटे दिल की कहानी बता रहे हैं।गाने में कल्लू के साथ पूजा चौरसिया नजर आ रही हैं, जिससे कल्लू मिलने जाता है। लेकिन जब कल्लू उसे किसी और से गले मिलते देखता है, तो उसके पैर के नीचे से जमीन खिसक जाती है। इसके बाद कल्लू का दिल टूट जाता है और वह टूटे दिल के साथ वहाँ से चला जाता है। कल्लू ने कहा कि दिल हमारा टूटल गाना उस रिश्ते की कहानी है, जिसकी बुनियाद झूठ और धोखे पर टिकी होती है। आज ऐसे मामले अक्सर देखने को मिलते हैं। जब भी किसी का दिल टूटता है,फिर चाहे वो लड़का हो या लड़की, उसका गम बेहद पीड़ा वाला होता है। गाना दिल हमारा टूटल को लेकर टी-सीरीज हमार भोजपुरी के प्रोजेक्ट मैंनेजर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि टी-सीरीज म्यूजिक की दुनिया में अच्छे संगीत को तवज्जो देती है। हमने भोजपुरी में भी एक से बढ़ कर एक गाने बनाए हैं और उसी क्रम में यह गाना है। हम भोजपुरी म्यूजिक लवर्स से यह अपील करेंगे कि आप हमरे इस गाने को भी अन्य गानों की तरह खूब प्यार और आशीर्वाद दें।



## प्रदेश >> अपडेट

### क्रेन की टक्कर से राहगीर की मौत

भीलवाड़ा : राजस्थान के भीलवाड़ा में आजाद नगर में कुंभा सर्किल से पांसल चौराहा जाने वाले मार्ग पर क्रेन की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्रेन कुंभा सर्किल से पांसल चौराहा की ओर गलत दिशा में जा रही थी। क्रेन ने राहगीर को चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर प्रताप नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि मृतक पंडेर थाना क्षेत्र का कालू हो सकता है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### राष्ट्रभाषा को महत्व देने वाले सम्मानित

शिमला : हिमाचल प्रदेश की राजधानी में शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में राज्य स्तरीय हिंदी दिवस मनाया गया और हिन्दी में योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और दुनिया भर में हिंदी का प्रयोग किया जाता है। गूगल में हिंदी सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली भाषा है, साथ ही हिंदी भाषा की अखबारों और चौनलों के प्रति लोगों का रुझान भी हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अधिकतर हिंदी भाषा का प्रयोग होता है और आने वाले समय में हिंदी दिवस पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में भी जिला अदालतों व अन्य जगह हिंदी को महत्व दिया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आतंकी गतिविधियों में लिप्त युवक गिरफ्तार

रतलाम : मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में कथित रुप से आतंकी गतिविधियों में लिप्त एक युवक को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राहूल कुमार लोढ़ा ने बताया कि कथित रुप से आतंकी गतिविधियों में लिप्त आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी देवड़ा निवासी राहुल सैन (23) गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से आईएसआईएस का काला झण्डा, कुछ सिम कार्ड्स और एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी राहुल को एनआईए रांची को सौंप दिया है। आगे की जांच एनआईए द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि रांची एनआईए ने देश विरोधी आतंकी गतिविधियों में लिप्त एक आरोपी फहजान अंसारी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि फहजान सोशल मीडिया के माध्यम से रतलाम जिले के एक युवक के सम्पर्क में था।

### ललितपुर में तालाब में डूबने से किशोर की मौत

ललितपुर : उत्तर प्रदेश के ललितपुर में गुरूवार को तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम चुरावनी निवासी रामनिवास का 10 वर्षीय पुत्र अरुण आज गुरुवार को दोस्तों के साथ तालाब में उतरकर खेल रहा था, तभी अचानक वह गहरे पानी की ओर चला गया, जब वह काफी देर तक वापिस नहीं आया तो उसके साथियों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन तालाब पर आये, लेकिन अरूण का कोई पता नहीं चला, तो उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकलवाया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक अरूण का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

**राजनीति** — पश्चिम बंगाल भाजपा में गुटबाजी का एक और नमूना

# केंद्रीय मंत्री को ही कार्यालय में बंद किया

- बांकुरा जिला कार्यालय में घटी यह घटना
- सूचना पाकर पुलिस ने जाकर दरवाजा खोला
- मंत्री सरकार के खिलाफ बाहर नारेबाजी भी हुई



राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** केंद्रीय राज्य मंत्री सुभाष सरकार को भाजपा कार्यालय में किया गया बंद! बड़ी संख्या में पुलिस बल बचाव के लिए गया। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार को मंगलवार को बांकुरा में भाजपा पार्टी कार्यालय में प्रवेश करते समय भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने एक कमरे में बंद कर दिया। बाद में घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने उसे बचाया।केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार को उनकी ही पार्टी के कार्यकताओं ने घर से बाहर कर दिया। उन्होंने उन्हें बांकुरा में भाजपा पार्टी कार्यालय के अंदर एक कमरे में बंद कर दिया। भाजपा कार्यकताओं-समर्थकों ने भी सुभाष के नाम पर हाय-हाय के नारे लगाये। एक घंटे तक बंद रहने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल ने उन्हें निकाला। केंद्रीय राज्य मंत्री सुभाष को अपनी पार्टी के समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा। मंगलवार को जब सुभाष बांकुरा में भाजपा पार्टी कार्यालय में दाखिल हुए तो उन्हें पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने घेर लिया। इसके बाद समर्थकों ने सुभाष को पार्टी कार्यालय के एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद बंद कमरे के सामने खड़े होकर नारेबाजी जारी रखी।

घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। कुछ देर तक कमरे में इसी तरह बंद रहने के बाद पुलिस ने सुभाष को छुड़ाया और अपने साथ ले गई। प्रदर्शनकारी कार्यकताओं-समर्थकों से सुभाष के सुरक्षा गार्डों की झड़प भी हुई। खबर सुनकर बांकुरा में भाजपा के जिला अध्यक्ष भी पार्टी कार्यालय पहुंचे। कार्यकताओं ने उन्हें घेरकर नारेबाजी शुरू कर दी।भाजपा नेताओं के एक वर्ग ने आरोप लगाया कि सुभाष अपने गुंडों के साथ पार्टी चला रहे हैं। परिणामस्वरूप, इतने लंबे समय तक बना हुआ संगठन कायम नहीं रह पाता। उनकी यह भी शिकायत है कि पार्टी में योग्य लोगों का सम्मान नहीं है। प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं ने दावा किया कि उन्होंने पार्टी के बुरे वक्त में तृणमूल और सीपीएम के खिलाफ लड़ने के लिए संगठन बनाया है। जिसका फायदा पिछले लोकसभा चुनाव में मिला। लेकिन सुभाष ने अपने लोगों के साथ मिलकर संगठन पर कब्जा कर लिया है। बार-बार आपत्ति करने पर भी कोई असर नहीं हुआ।

हालांकि, करीबी दोस्तों द्वारा पार्टी में रिश्वतखोरी के आरोपों पर सुभाष की क्या प्रतिक्रिया है, इसकी जानकारी नहीं है।सुभाष की प्रतिक्रिया तो नहीं मिली, लेकिन जिला अध्यक्ष ने दावा किया कि विरोध करने वालों में कोई भी भाजपा का सदस्य नहीं था। उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया है। हालांकि सवाल यह उठ रहा है कि भाजपा पार्टी कार्यालय से निष्कासित सदस्यों ने केंद्रीय राज्य मंत्री के आसपास प्रदर्शन कैसे किया? वहां भाजपा के बाकी लोग क्या कर रहे थे, इस सवाल का उत्तर नहीं मिल पाया।

## सैनिकों की शहादत के समय मोदी का सम्मान शर्मनाक: कांग्रेस

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब देश के सैनिक आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में लोहा लेते हुए शहीद हो रहे थे तो उस समय उनका भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में महिमा मंडन किया जा रहा था। कांग्रेस के भूतपूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में कल हुए ऑपरेशन में हमारे तीन जांबाज अधिकारी शहीद हुए हैं। इस घटना से पूरे देश में शोक की लहर है और आज हमने भी यहां



कांग्रेस मुख्यालय में भारत माता के इन वीर सपूतों को मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा ''जब हमारे साथी देश के लिए अपना बलिदान दे रहे थे, उस समय हमारे प्रधानमंत्री जी अपना महिमामंडन करवा रहे थे। जहां कल श्री मोदी पर फूलों की बरसात हो रही थी, वहीं दूसरी तरफ हमारे जवान गोलियों से छलनी हो रहे थे। मुझे यह सोचकर आश्चर्य होता है कि क्या प्रधानमंत्री और भाजपा के नेताओं को अपने देशभक्त सैनिकों की याद नहीं आई।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि सैनिकों की शहादत की इस घटना को लेकर श्री मोदी ने अत्यंत असंवेदनशील होने का परिचय दिया है। सैनिकों के शहादत होने की दुर्भाग्यपूर्ण घड़ी में श्री मोदी भाजपा मुख्यालय में महिमा हो रहे थे और उनको माला पहनाकर सम्मानित किया जा रहा था। यह शर्मनाक है। इससे पहले भी श्री मोदी ने इसी तरह का काम उस समय भी किया जब पुलवामा में 40 जवान शहीद हुए हो रहे थे तो वह अपने पोज दे रहे थे और वीडियोग्राफी करवा रहे थे।

## बांध सामाजिक- आर्थिक समृद्धि के केंद्र बिन्दु: धनखड़

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गरूवार को कहा कि बांधों की सुरक्षा राष्ट्र की समृद्धि को सुनिश्चित करती है और ये ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और आर्थिक समृद्धि का केंद्र बिदु रहे है। उपराष्ट्रपति ने जयपुर में बांध सुरक्षा पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बांधों की सुरक्षा राष्ट्र की समृद्धि को सुनिश्चित करती है। जी-20 की विषयवस्तु - एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जी-20 के सफल आयोजन ने पूरी दुनिया को हमारी महान सांस्कृतिक विरासत, सदियों पुरानी समृद्ध परंपरा और भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों से परिचित कराया है। श्री धनखड़ ने कहा कि बांध ऐतिहासिक रूप से पूरी दुनिया में सामाजिक और आर्थिक समृद्धि का केंद्र बिन्दु रहे है। बांध मानवता के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। बांध समाज के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं जिससे सिंचाई होती है और अनाज उगता है। उन्होंने कहा कि बांध न सिर्फ बाढ़ जैसी विभीषिका से बचाते हैं बल्कि लाखों लोगों के जीवन के साथ-साथ देश की अमूल्य संपत्ति की भी रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जल प्रबंधन की जड़े सदियों पुरानी है।

## जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य नहीं: सोज

एजेंसियां

**श्रीनगर:** कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज ने गुरुवार को कहा कि जम्मू - कश्मीर में स्थिति अभी भी सामान्य नहीं है। सोज़ ने बुधवार को अनंतनाग जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजामिल भट के घर से लौटने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, '' कश्मीर की धरती पर बेगुनाहों का खून बह रहा है। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को इस घटना से सीखना चाहिए कि कश्मीर में हालात अभी भी सामान्य नहीं हैं। '' उन्होंने कहा, '' यहां आकर देखें कि कैसे लोगों के अधिकारों को कुचला जा रहा है। जो मारे जा रहे हैं उन्हें नहीं पता कि उन्हें क्यों मारा जा रहा है। '' सोज़ ने कहा, '' भारत एक बड़ा देश है और उन्हें पाकिस्तान को अपना पड़ोसी घोषित करने की पहल करनी चाहिए और पाकिस्तान को शांतिपूर्ण भाव से इसका जवाब देना चाहिए। '' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि यह सब दुष्प्रचार है कि कश्मीर में हालात सामान्य हैं। सोज़ ने कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भारत और पाकिस्तान अच्छे दोस्त बनें। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत के दरवाजे खुलने चाहिए ताकि समाज में अमन-चैन कायम हो।

## मध्यप्रदेश में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भारी वर्षा के आसार

एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में आज सुबह से हो रही कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के बीच राज्य के कई स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान कहीं-कहीं अति भारी वर्षा और कहीं मध्यम से भारी वर्षा होने के आसार है। राज्य के खंडवा जिले में दूसरे स्थानों की तुलना में आज सुबह से शाम के बीच सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। इस जिले में 45 मिमि दर्ज की गई, इसी तरह खरगोन, मलाजखंड, जबलपुर, नौगांव, नरसिंहपुर, भोपाल, खजुराहो, सागर, रायसेन, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, मंडला, धार, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, बैतूल और इंदौर जिले में भी हल्की वर्षा दर्ज की गई। भोपाल मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक पी के साहा ने बताया है कि राज्य के अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल तथा बुरहानपुर जिले में कहीं-कहीं अति भारी वर्षा के आसार है। इस स्थानों पर संभावना है कि 115 6 से 204 4 मिमि के बीच वर्षा हो सकती है। उन्होंने बताया कि इन स्थानों के साथ ही प्रदेश के सतना, डिंडौरी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, विदिशा, सीहोर, भोपाल, रायगढ़, हरदा, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, देवास, आगर, मंदसौर, गुना, शिवपुरी तथा श्योपुर जिले में कहीं-कहीं गरज चमक के साथ मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। इन स्थानों को यलो जोन में रखा गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सिंगरौली, सीधी, रीवा, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, नीमच, अशोकनगर, ग्वालियर, दतिया, भिंड तथा मुरैना जिले में गरज चमक के साथ बिजली गिरने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि राज्य में फिलहाल मौसम की गतिविधियों में विशेष परिवर्तन के आसार नहीं है, मौसम का मिजाज ऐसे ही रहने का अनुमान है। भोपाल में आज सुबह से हल्की वर्षा का दौर बना रहा।

**समारोह** — हिंदी दिवस पर लायंस क्लब ज्ञानपुर की तरफ से आयोजित हुआ सम्मान समरोह

# वरिष्ठ पत्रकार प्रभुनाथ शुक्ल 'लायंस हिंदी साहित्य सेवा सम्मान' से सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**भदोही:** हिंदी दिवस पर लायंस क्लब ज्ञानपुर की तरफ से शिक्षा, साहित्य एवं पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन विभूतियों को 'लायंस हिंदी साहित्य सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया। अतिथियों को अंगवस्त्रम के साथ रुद्राक्ष की माला भी भेंट की गयी। भदोही जनपद के चकवा स्थित आरएसएसडी कॉन्वेंट स्कूल में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर की हिंदी प्रोफेसर डॉ किरण शर्मा को हिंदी साहित्य में उनकी पुस्तकों एवं लेखों के लिए सम्मानित किया गया।

पारिवारिक पृष्ठभूमि में रहते हुए भी प्रतिमा शर्मा 'पुष्प' जिनके कई काव्य और कहानी संग्रह प्रकाशित हुए हैं उन्हें भी इस सम्मान से सम्मानित किया गया।देश की प्रिंट मीडिया एवं डिजिटल के साथ-साथ भदोही जनपद की पत्रकारिता के सशक्त स्तंभ, लेखक, पत्रकार



एवं हिंदी साहित्य में विशेष अभिरुचि के लिए प्रभुनाथ शुक्ल को 'लायंस हिंदी साहित्य सेवा सम्मान' दिया गया। इस दौरान सम्मानित अतिथियों ने हिंदी दिवस पर अपने विचार रखे। अतिथियों ने अपनी बात में कहाँ हिंदी हमारे लिए गर्व एवं गौरव का विषय है। अपने जीवन में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करें।बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना के पश्चात एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका शीर्षक था ॖराष्ट्र के उत्थान में हिंदी का योगदानॖ प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं पारितोषिक क्लब की तरफ से प्रदान किया गया।लायन अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी से सभी का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन अति प्रतिष्ठित लायन डा भारतेंदु द्विवेदी ने किया। विद्वतजनों का परिचय लायन अरविंद भट्टाचार्य ने दिया और सम्मान पत्र का वाचन कोषाध्यक्ष लॉयन डॉ विमलेश पांडेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव लॉयन हरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में लॉयन आनंद कुमार गुप्ता,लायन अभय श्रीवास्तव,लायन विनोद गुप्ता,लायन अब्दुल वाहिद अंसारी एवम अनेक लॉयन सदस्य,स्कूल के संरक्षक श्री नागेन्द्र सिंह एवम प्रधानाचार्या तथा शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।

## न्यूज फटाफट

### जापान के प्रिंस हिसाहितो कोरोना से संक्रमित हुए

**टोक्यो :** जापान के प्रिंस हिसाहितो कोराना से संक्रमित पाए गए हैं। जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने गुरुवार को इंपीरियल हाउसहोल्ड एजेंसी का हवाला देते हुए गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रिंस हिसाहितो (17) राजकुमार प्रिंस अकिशिनो (फुमिहितो) और क्राउन प्रिंसेस किको के इकलौते बेटे हैं। वह जापानी शाही सिंहासन के उत्तराधिकारियों में दूसरे स्थान पर हैं। एजेंसी ने बताया कि बुधवार को स्कूल से लौटने पर प्रिंस को बुखार था, लेकिन उस समय की गयी जांच में कोरोनो संक्रमित नहीं पाए गए। एजेंसी ने बताया कि प्रिंस हिसाहितो को आज सुबह तेज बुखार होने के बाद दोबारा परीक्षण कराया गया, जिसके बाद रिपोर्ट में कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई जबकि उनके माता-पिता का परीक्षण निगेटिव आया।

### बलूचिस्तान में हुए आत्मघाती हमले में 11 लोग घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए आत्मघाती हमले में एक धार्मिक राजनीतिक दल के नेता सहित 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने आज यहां मीडिया को बताया कि कलात जिले में राजनीतिक रैली में भाग लेने जा रहे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) के नेता पर मस्तुंग जिले से गुजरते समय यह आत्मघाती हमला किया गया। मस्तुंग के पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार नेता हाफिज हमदुल्ला के वाहन को आत्मघाती हमलावर ने टक्कर मार थी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध हमलावर ने जिले के एक मुख्य राजमार्ग पर विस्फोटक से भरी मोटरसाइकिल नेता के वाहन से टकरा दी। जेयूआई के प्रवक्ता असलम गौरी ने बताया कि हमले में नेता और उनके दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि हमदुल्ला को मामूली चोटें आईं और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि घटना के समय एक यात्री वैन हमदुल्ला के वाहन के पास से गुजर रही थी और विस्फोट की चपेट में आने से आठ यात्री भी घायल हो गए। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

### रूस के साथ शांति संधि पर जापान के रुख में कोई बदलाव नहीं

**टोक्यो :** जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा ने गुरुवार को कहा कि क्षेत्रीय विवाद को हल करने और रूस के साथ शांति संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए कुरील द्वीप समूह (इटुरुप, कुनाशीर, शिकोटन और हाबोमाई) को लेकर उनके देश के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है। कामिकावा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां तक ??उत्तरी क्षेत्र का सवाल है, हम क्षेत्रीय मुद्दे को सुलझाने और शांति संधि संपन्न करने की दिशा पर दृढ़ता से कायम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जापान रूस के खिलाफ अपनी प्रतिबंध नीति जारी रखेगा, लेकिन यह देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा, ''हमारे देश ने, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग से मुख्य रूप से जी 7 के साथ, रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध अपनाए हैं और भविष्य में भी उन्हें जारी रखने का इरादा रखता है। साथ ही जापान और रूस पड़ोसी देश हैं। ऐसे मुद्दों के संबंध में, जब जापान और रूस का पड़ोसी सहयोग आवश्यक होगा, उदाहरण के लिए, मछली पकड़ने, समुद्री सुरक्षा जैसी आर्थिक गतिविधियों में, हम अपनी विदेश नीति के तहत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार कार्य करेंगे,।'' उन्होंने कहा कि रूस के साथ जापान के संबंधों में प्राथमिकता दिशाओं में से एक रूस-प्रशासित कुनाशीर, इटुरुप, शिकोटन और हाबोमाई द्वीपों के पूर्व निवासियों की पूर्वजों की कब्रों की यात्रा को फिर से शुरू करना होगा।

### तुर्किए ने पिछले तीन महीनों में 258 आतंकवादी निष्प्रभावी किए

**अंकारा :** तुर्किए ने पिछले तीन महीनों में 258 आतंकवादियों को निष्प्रभावी किया है। तुर्किए के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि सेना ने पिछले तीन महीनों में 258 आतंकवादियों को निष्प्रभावी किया एवं इसी अवधि में 44 आतंकी हमलों को नाकाम किया है। तुर्किए के अधिकारी यह इंगित करने के लिए 'निष्प्रभावी' शब्द का उपयोग करते हैं कि आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया , मारे गए थे या पकड़ गए थे। उन्होंने कहा कि पिछले 90 दिनों में 75,442 अवैध अप्रवासियों को भी पकड़ा गया।

### पुतिन ने किम जोंग उन का निमंत्रण का स्वीकारा

**प्योंगयांग :** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) की यात्रा के लिए आमंत्रित किया है जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह खबर दी। किम ने रूस के अमूर क्षेत्र में वोस्तोचन अंतरिक्ष केंद्र में रूस-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन के बाद बुधवार को पुतिन के साथ रात्रिभोज में यह निमंत्रण दिया।

### ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग से निपटने के लिए अतिरिक्त दल तैनात

**कैनबरा:** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग से निपटने के लिए अतिरिक्त बल बुलाए गए हैं। मुख्य अग्नि नियंत्रण अधिकारी टोनी फुलर ने बुधवार रात संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आग एक सप्ताह से अधिक समय से लगी हुई है और यह अब टेनेंट क्रीक शहर की ओर फैल रही है। आग पर काबू पाने में मदद के लिए दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया से जल बमवर्षक और अग्निशमन दल को बुलाया गया है। फुलर ने कहा कि आग ने डार्विन से लगभग 1,000 किलोमीटर दक्षिण में एनटी के बार्कली क्षेत्र में 10,000 वर्ग किमी भूमि को जला दिया और 50 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक तेज हवाओं के कारण आग पश्चिम में टेनेंट क्रीक की ओर बढ़ रही है।

### गाजा सीमा पर विस्फोट , पांच लोगों की मौत

गाजा : इजरायल-गाजा सीमा पर एक विस्फोट में कम से कम पांच फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी। गाजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को फिलिस्तीनियों के सामूहिक प्रदर्शन के दौरान हुए विस्फोट में 25 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट से पहले, सीमा पर कई फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों और इजरायली सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान इजरायली सैनिकों ने गोलियां और आंसू गैस के गोले दागे।

## आज का इतिहास

- 1812 : नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची।
- 1876 : भारतीय उपन्यासकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म।
- 1916 : प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।
- 1926 : विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष अशोक सिंघल का जन्म।
- 1948 : स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस दिल्ली बंबई(अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।
- 1959 : भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत।
- 1971 : हरी-भरी और शांति पूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीस की स्थापना की गई।
- 1981 : वानुअतु संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
- 1982 : लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने के पूर्व ही बम विस्फोट में हत्या।
- 2000 : सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ।
- 2001 : अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति को अफ़ग़ानिस्तान पर सैनिक कार्रवाई की मंजूरी दी।
- 2002 : न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के अवसर पर भारत, चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित, थाइलैंड के सट्टाहिम में श्रीलंका सरकार व लिट्टे के बीच सीधी वार्ता शुरू।
- 2003 : सिंगापुर के मुद्दे पर विकासशील देशों के भड़क उठने से डब्ल्यूटीओ वार्ता विफल।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची शुक्रवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
15:09:2023

## दिव्यांग सेवा केंद्र ने शिविर का आयोजन

रांची: झारखंड स्वास्थ्य मिशन और सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। लोहरदगा के कैरो बाजारटांड में आयोजित शिविर में करीब 120 लोगों का नि:शुल्क नेत्र जांच किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी,सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र के अजीत कुमार, बीना शर्मा, संजू कुमारी का सहयोग रहा।

आयोजन

### राज्यपाल, स्वास्थ्य मंत्री और सांसद हुए शामिल

# नेत्रदान पखवाड़ा के तहत ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का आयोजन



- नेत्रदाताओं को परिवारों को किया सम्मानित
- पांच वर्षों में नेत्र प्रत्यारोपण की संख्या बढ़ी
- खेल गांव में हुआ यह रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** 14 सितंबर 2023 को 38 में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का भव्य आयोजन आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक के संयुक्त तत्वाधान में बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया गया। राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन, झारखंड, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची के सांसद संजय सेठ ने दौड़ को रंग बिरंगे बैलूनों को आसमान में उड़ाते हुए रवाना किया। इस दौड़ में उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल एवं स्पोर्ट्स अकादमी के सैकड़ो छात्रों एवं शहर के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

इस बार का रन फॉर विजन का आयोजन विशेष रहा क्योंकि इस बार के रन का का थीम ब्लाइंड फोल्ड था। युवा एवं बच्चें आंखों पर पट्टी बांधकर जोड़े में सैकड़ों की संख्या में दौड़े। ब्लाइंड फोल्ड रन फॉर विजन का आयोजन समाज में बहुत ही संवेदनात्मक तरीके से नेत्रदान का संदेश देता है और इस से परस्पर सहयोग की भावना भी विकसित होती है। इस आयोजन का मुख्य उदेश्य है लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना था।

रन फॉर विजन और पेंटिंग कंपटीशन के विजेताओं को स्वास्थ्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ द्वारा सम्मानित किया गया। नेत्रदान जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए आई.एम.ए झारखंड, आई.एम.ए रांची, एफ.जे.सी.सी.आई, उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल एवं झारखंड स्पोर्ट्स विभाग के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

डॉ. भारती कश्यप, मेडिकल डायरेक्टर, कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने कहा पिछले 21 वर्षों से हर वर्ष हम बड़े पैमाने पर नेतदान जागरूकता अभियान रन फॉर विजन का आयोजन कर रहे हैं ब्लाइंड फोल्डेड मैराथन का आयोजन भी 2018 से कर रहे हैं। तत्कालीन गवर्नर माननीय द्रौपदी मुर्मू जी ने भी लगातार 5 वर्षों तक इस कार्यक्रम में न केवल भाग लिया बल्कि नेत्रदान का शपथ पत्र भरके झारखंड में नेतदान को काफी बढ़ावा दिया। अब तक 806 नेत्र प्रत्यारोपण किए हैं और वर्ष 2022 से अब तक कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा झारखंड में 159 नेत्र प्रत्यारोपण किए गए जबकि झारखण्ड का लक्ष्य 2022-2023 में 150 था। हमारे पास कॉर्निया जनित दृष्टिहीनों की लंबी सूची है और स्थानीय नेत्रदान की कमी है। इसलिए आई बैंकों में नेटवर्किंग की जरूरत है ताकि स्थानीय नेत्रदान को बढ़ावा मिल सके और मरीजों को भी सहूलियत होगी और हमारे राज्य की स्थिति नेत्र प्रत्यारोपण के क्षेत्र में अच्छी दिखेगी।

माननीय राज्यपाल ने कहा, जीते जी तो हम लोगों को सबकी मदद करनी चाहिए मगर मृत्यु उपरांत नेत्रदान से हम मरने के बाद भी किसी के अंधकार में जीवन में रोशनी ला करके उनकी मदद कर सकते हैं। उन्होंने कश्यप मेमोरियल और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब द्वारा किए जा रहे नेत्र प्रत्यारोपण और नेत्रदान अभियान की प्रशंसा की।


स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा, हमारे राज्य में कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा 2022-23 के सुनिश्चित लक्ष्य 150 से भी ज्यादा 159 नेत्र प्रत्यारोपण किए गए हैं, लेकिन कॉर्निया डिसटीब्यूशन सिस्टम से बाहर से कॉर्निया मंगाने की वजह से हमारे राज्य की गिनती में वह नहीं दिखते हैं केवल स्थानीय नेत्रदान हमारे राज्य की गिनती में दिखते हैं। इसलिए नेत्र बैंकों में समन्वय स्थापित करना जरूरी है ताकि स्थानीय नेत्रदान उन आई बैंकों को मिले जो बाहर से कॉर्निया मंगाते हैं इससे राज्य में नेत्रदान की स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी दिखेगी।

सांसद संजय सेठ ने कहा कि हमे पूरे शरीर का दान करना चाहिए, अभी कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य का निधन हुआ और उन्होंने अपना पूरा शरीर दान कर दिया। शारीर दान एक अच्छी परम्परा है।

झारखंड के अपर मुख्य सचिव अरुण सिंह ने कहा की सरकार के आई बैंक लक्ष्य के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। देर रात के आई डोनेशन कॉल मे सजगता नहीं दिखा पाते हैं। वहीं गैर सरकारी आई बैंक ने 2022_23 मे लक्ष्य 150 से भी ज्यादा 159 कार्निया प्रत्यारोपण किया है। राज्य में स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन आगेर्नाइजेशन की कार्य क्षमता को बढ़ाना होगा।




# यातायात पुलिस की होगी अलग यूनिट



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** राजधानी में भविष्य में कोलकाता जैसी ट्रैफिक व्यवस्था कायम हो सकती है। इस योजना पर कार्य किया जा रहा है, अगर सब कुछ ठीक रहा तो जल्दी ही इसे राजधानी में लागू किया जाएगा।रांची ट्रैफिक सिस्टम में सुधार के लिए कोलकाता की ट्रैफिक पुलिस की तर्ज पर सिस्टम डेवलप करने की योजना बनाई गई है। रांची में ट्रैफिक सिस्टम में बदलाव करने की योजना पर काम करने के लिए आईजी मानवाधिकार अखिलेश झा, डीआईजी जैप सुनील भास्कर और रांची के ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन को रिसर्च के लिए कोलकाता भेजा गया था।कोलकाता से लौटने के बाद टीम ने रिसर्च पर अपनी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को दी है। कोलकाता की ट्रैफिक व्यवस्था पर रिसर्च कर लौटी टीम ने रांची में ट्रैफिक एसपी के पद को कानून व्यवस्था से बिल्कुल अलग कर स्वतंत्र करने का प्रस्ताव रखा है। अबतक रांची ट्रैफिक एसपी का पद रांची एसएसपी के अधीन का पद रहा है। लेकिन अब ट्रैफिक पुलिस और उसके कर्मियों को स्वतंत्र यूनिट की तरह बनाने का प्रस्ताव दिया गया है, ताकि ट्रैफिक में तैनात जवानों को भी दूसरी ड्यूटी में तैनात न किया जाए।रांची में ट्रैफिक के सुचारू संचालन के लिए चार थाने खोलने का प्रस्ताव है। इसके अलावे ट्रैफिक डीएसपी के दो पदों को बढ़ाकर दो नए पदों के सृजन का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में रांची में चार ट्रैफिक थाने कोतवाली, लालपुर, गोंदा व जगन्नाथपुर हैं।कोलकाता में ट्रैफिक सिस्टम को बीट में बांटा गया है। वहीं बीट के अंदर अलग अलग सेक्शन और उसके प्रभार में पदाधिकारी होते हैं। उन इलाकों में ट्रैफिक के बेहतर संचालन की जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारी की होती है।

## लैंड स्कैम : प्रेम प्रकाश की जमानत पर सुनवाई पूरी, बुधवार को आएगा फैसला

**रांची:** लैंड स्कैम केस के आरोपी पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत बुधवार को अपना फैसला सुनाएगा। प्रेम प्रकाश की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। वहीं ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की। अब अदालत प्रेम प्रकाश की अर्जी पर बुधवार को सुनवाई करेगा। प्रेम प्रकाश अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में भी आरोपी हैं। फर्जी कागजात के आधार पर करोड़ों रुपए की भूमि की खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम में भी ईडी ने उसे आरोपी बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है।

# बिजली की रौशनी से चकाचौंध होंगी शहरों की गलियां, छोटी-छोटी जनसमस्याएं दूर करने की तैयारी



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** रात के वक्त अंधेरी गलियों से गुजरना किसी को अच्छा नहीं लगता। खतरा बना रहता है। आने वाले समय में यह समस्या दूर हो जाएगी। यही नहीं सुचारू यातायात के लिए वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। गंदगी की वजह से फैल रही बीमारियों को रोकने के लिए नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने नगर विकास और जुडको की ओर से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा के दौरान जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर कई निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि शहरों की कोई गली कोना अंधेरे में नहीं रहे। जुपमी भवन के सभागार में 14 सितंबर को समीक्षा में निकायों के अधिकारियों-पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि शिकायत के 48 घंटा के अंदर बल्ब को बदल दिये जाने का प्रावधान है। इसके लिए एजेंसी इएसएल को नियुक्त किया गया है। जिस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं हैं, वहां का प्रस्ताव बना कर विभाग को भेजा जाये। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा और इंडिया स्वच्छ लीग का उद्घाटन किया जायेगा जो 2 अक्तूबर तक चलेगा।सचिव ने कहा कि विभाग के नगर निकायों में झारखंड म्यूनिसिपल सेवा के पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यातायात को सुगम बनाने के लिए छोटे छोटे वेंडिंग जोन बना कर ठेले खोमचे वालों को सड़क से स्थानांतरित करना है। नगर निकाय बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड के निर्माण के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजना है। बस स्टैंड के निर्माण में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। अच्छे कार्य करने वाले निकायों और पदाधिकारियों को हर महीने पुरस्कृत किया जायेगा।सुडा निदेशक अमित कुमार ने स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छ इंडिया लीग पर निकायों को विशेष ध्यान देने को कहा। इसी पर उनके कार्य का मूल्यांकन भी होगा। निदेशक ने पेयजलापूर्ति की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह के अंत तक जो योजनाएं पूरी होने वाली हैं, उनका उद्घाटन कराया जायेगा। बड़हरवा, बड़की सरैया का डीपीआर जल्द बनाने को कहा गया है।

# होटल के कमरे में मिली महिला की लाश




राष्ट्रीय खबर

**रांची :** राजधानी के स्टेशन रोड स्थित एक होटल के कमरे से एक 28 वर्षीय महिला का शव मिला है। महिला की पहचान रांची के कांटा टोली इलाके की रहने वाली डॉली घोष के रूप में हुई है। कमरे की तलाशी के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है।पुलिस की तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि डॉली ने सिर्फ और सिर्फ आत्महत्या करने के लिए ही होटल का कमरा बुक किया था। चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि डॉली घोष नाम की महिला ने आत्महत्या की है। सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार महिला ने आत्महत्या करने के लिए ही होटल का कमरा बुक किया था। महिला डॉली घोष बुधवार के करीब दो बजे होटल रॉयल रेसीडेंसी पहुंची और आधार कार्ड देकर कमरा बुक करवाया था। बरामद सुसाइड नोट में डॉली घोष ने लिखा है कि वह अपनी बीमारी से बेहद परेशान है, इसलिए वह सुसाइड कर रही है। उसने सुसाइड करने के लिए अपने पति और परिवार वालों से माफी भी मांगी है।महिला के द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना होटल वालों को उस समय हासिल हुई जब काफी देर तक टीवी का वॉल्यूम कम नहीं हुआ। महिला के कमरे से टीवी की आवाज काफी तेज आ रही थी। जिसके बाद होटल के कर्मियों ने होटल के नंबर से फोन कर महिला से संपर्क करना चाहा, लेकिन महिला ने फोन नहीं उठाया। बाद में उन्होंने उनके निजी नंबर पर भी फोन किया लेकिन फिर भी उधर से कोई जवाब नहीं आया।




# रांची में दिनदहाड़े गोलीबारी, कांके ब्लॉक के पास जमीन कारोबारी को अपराधियों ने मारी 7 गोलियां

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** राजधानी में एक बार फिर एक जमीन कारोबारी पर जानलेवा हमला किया गया है। कांके ब्लॉक चौक के रहने वाले जमीन कारोबारी अवधेश यादव को अपराधियों ने दुस्साहस दिखाते हुए दिनदहाड़े सात गोलियां मारी हैं। गंभीर अवस्था में अवधेश यादव को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अवधेश यादव पर हमले का आरोप उसके पूर्व पार्टनर पर ही लगा है।राजधानी रांची में अपराधियों ने दुसाहस दिखाते हुए जमीन कारोबारी अवधेश यादव को बीच सड़क पर गोली मार दी, इस वारदात को दो अपराधियों ने रांची के कांके ब्लॉक चौक के पास अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अवधेश यादव अपने एक मित्र के साथ एक जमीन विवाद के मामले को सुलझाने के लिए घर से निकले थे, जैसे ही वे कांके ब्लॉक चौक के पास पहुंचे , पहले से ही घात लगाए दो अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों ने एक-एक करके कुल 7 गोलियां अवधेश को मारी और फिर वहां से फरार हो गए।भीड़-भाड़ वाले इलाके में गोलीबारी कर अपराधियों ने राजधानी पुलिस को खुली चुनौती दी है। दिनदहाड़े गोली मारकर अपराधी मौके से फरार भी हो गए और पुलिस सिर्फ एंटी क्राइम चेकिंग अभियान ही चलाते रह गई। जबकि जमीन कारोबार में विवाद को लेकर न सिर्फ झारखंड हाई कोर्ट बल्कि डीजीपी तक बेहद गंभीर हैं। अपराधियों के हमले में घायल जमीन कारोबारी अवधेश यादव की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अवधेश यादव का ऑपरेशन कर अब तक पांच गोलियां निकाली जा चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार रांची के जगत पुरम कॉलोनी के जमीन को लेकर अवधेश यादव का कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इस विवाद की वजह से अवधेश को गोली मारी गई है।वहीं दूसरी तरफ रांची के सीनियर एसपी के निर्देश पर एसएसपी क्यूआरटी सहित पुलिस की कई टीमें गोलीबारी की वारदात में शामिल अपराधियों की खोज में लगी हुई है। कांके थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि गोलीबारी में घायल अवधेश का इलाज चल रहा है। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश की जा रही है।